सूर्योदय 5:33 सूर्यास्त 7:10

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80335 |
| निफ्टी | 24,274 |
| सोना | 97,030 |
| चांदी | 95,225 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 9 मई 2025 | 27 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 130, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



धोनी बोले- समय आने पर करूंगा संन्यास पर फैसला

पृष्ठ 14 पर

# पाकिस्तान के वार पर भारत का प्रहार

## 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश नाकाम

## एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 से नष्ट की मिसाइलें



**एजेंसी, नई दिल्ली**

पहलगाम हमले के जवाब में भारत के मिसाइल हमलों के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। अपनी बौखलाहट में उसने भारत के कई अग्रिम स्थानों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमले करने की कोशिश की। सरकार की तरफ से जारी वक्तव्य के मुताबिक, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलौदी, उत्तरलाई और भुज शामिल थे।

पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों के जरिए इन स्थानों को निशाना बनाया। हालांकि, भारतीय वायुसेना ने टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम से निशाना बनाया। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, एस-400 से सफलतापूर्वक सभी ड्रोन और मिसाइलों को तबाह कर दिया गया। सरकार की तरफ से जारी वक्तव्य में कहा गया कि बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग के दौरान भारत ने यह स्पष्ट किया था कि हमारा जवाब संतुलित था और टकराव बढ़ाने के मकसद से नहीं था। अगर पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की तो उसका सख्त जवाब दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**अवंतीपुरा, श्रीनगर जम्मू, पठानकोट अमृतसर व अन्य शहर थे निशाने पर**

### क्या है एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ?

**एस-400** वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है। इसकी रेंज 40 से 400 किलोमीटर के बीच है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सौदा हुआ था। सौदे के तहत भारत को एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट को मिल चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

### चीन का पाकिस्तान की मदद से इनकार

**चीन** ने तनाव के बीच पाकिस्तान की मदद से इनकार किया है। चीन के विदेश मंत्रालय से जब पूछा गया कि क्या भारत-पाकिस्तान संघर्ष में चीनी जेट शामिल थे तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान बीजिंग में नियमित मीडिया ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

### अमेरिकी नागरिक लाहौर से निकलें

**पाकिस्तान** के लाहौर और उसके आस-पास ड्रोन विस्फोटों, संभावित हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की खबरों के कारण लाहौर में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास ने सभी कर्मचारियों और पाक में रह रहे अमेरिकी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने का निर्देश दिया है।

### जैश कमांडर रऊफ असगर को मारा

**पाकिस्तान** के अंदर बहावलपुर में किए गए भारतीय बलों के मिसाइल हमले में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का चीफ कमांडर रऊफ असगर मारा गया है। शीर्ष खुफिया और भारतीय सेना के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

## भारत का मुंहतोड़ जवाब, पाक का एयर डिफेंस किया तबाह




### लाहौर समेत नौ शहरों में हार्पी ड्रोन ने मचाई तबाही

### रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम पर भी हमला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान की ओर से भारत के कई अग्रिम स्थानों को निशाना बनाकर दागी गई मिसाइलों को नाकाम करने के बाद भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी खामियाजा उठाना पड़ा है। भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। भारत ने लाहौर, कराची और रावलपिंडी में लगे HQ-9 एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। भारत ने पाकिस्तान के जिन 9 इलाकों को निशाना बनाया है, उन जगहों पर इसराइल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया है। दुनिया के सबसे घातक ड्रोन में शुमार हार्पी ने पाकिस्तान की कई इमारतों को भारी नुकसान पहुंचाया है। लाहौर में पाकिस्तानी सेना के 4 जवान घायल हुए और मियानों में 2 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम के परिसर में ड्रोन हमला हुआ है। इसमें फेड वेंडर को नुकसान पहुंचा है। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में अभी पाकिस्तान सुपर लीग के मैच चल रहे हैं। वहीं, भारत ने कहा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर जारी है। (अनंत ज्ञान)

### क्या है हार्पी ड्रोन?

**हार्पी** ड्रोन इसराइल द्वारा निर्मित मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) है, जिसे इसराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। यह एक लॉइटरिंग म्युनिशन है, जिसे मुख्य रूप से दुश्मन के रडार सिस्टम और हवाई रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ड्रोन निगरानी और सटीक हमले दोनों में सक्षम है, जो इसे सैन्य अभियानों में एक प्रभावी हथियार बनाता है।

आज के मैच

लखनऊ जायंटस vs आरसीबी

समयः रात 7:30 बजे (लखनऊ)

## न्यूज शॉर्ट्स

### इंटरनेशनल बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया ढेर

**फिरोजपुर।** पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए एक पाक घुसपैठिए ने भारत में घुसने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया। अधिकारियों ने वीरवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में 7-8 मई की दरमियानी रात पाक घुसपैठिए को गोली मारी गई। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठिया अंधेरे का फायदा उठाकर अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए जानबूझकर भारत में घुस रहा था। बीएसएफ की नजर जैसे ही उस पर पड़ी वैसे ही उन्होंने उसे गोली मार दी। उसके शव को पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली पहुंचे सऊदी अरब के मंत्री अदेल



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। दुनियाभर के देश शांति बरतने की अपील कर रहे हैं। इस बीच सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलीजुबैर अचानक से दिल्ली पहुंचे हैं। सऊदी अरब के मंत्री के इस दौरे को भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सऊदी अरब के मंत्री ने नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। इसके अलावा ईरान के विदेश मंत्री भी भारत दौरे पर पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची बुधवार की मध्य रात्रि नई दिल्ली पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### श्रीलंका ने लाहौर के लिए उड़ानें की रद्द

**कोलंबो।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच राष्ट्रीय विमानन कंपनी 'श्रीलंकन एयरलाइंस' ने वीरवार को कहा कि लाहौर के लिए उसकी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई हैं, लेकिन कराची के लिए सेवाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगी। एयरलाइन लाहौर के लिए चार साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है और उन सभी उड़ानों को अगली सूचना तक रद्द कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनावपूर्ण सैन्य स्थिति को देखते हुए ऐसा किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- 'ऑपरेशन सिंदूर' बना भारतीय गौरव का प्रतीक : राज्यपाल पेज 2
- सेना पाकिस्तान की हर नापाक हरकत को करेगी नाकाम: जयराम -पेज 3
- सरकार की नीतिगत विफलता से विकास पर लगी ब्रेक: बिक्रम -पेज 4
- सदैव ही सराहनीय कार्य करते हैं रेडक्रॉस स्वयंसेवक : सीएम -पेज 6
- युवाओं की ऊर्जा को उचित दिशा देने में सहायक है पुस्तकालय -पेज 9

## भारत ने सलाल और बगलिहार डैम के गेट खोले

### बाढ़ से तबाह हो सकता है पाकिस्तान

**एजेंसी, जम्मू**

**भारत** की ओर से चिनाब नदी पर बने सलाल और बगलिहार डैमों के कई गेट एक साथ खोल दिए हैं। ऐसे में अब पाकिस्तान में बाढ़ आने की संभावना जताई जा रही है। इससे वहां भारी तबाही हो सकती है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर प्रहार करने की शुरुआत उसका पानी रोककर की थी। इसके तहत चिनाब नदी पर बने सलाल और बगलिहार डैम के सभी गेट बंद कर दिए गए थे, लेकिन अब भारत ने पाकिस्तान पर दोहरी मार की है। भारत ने दोनों डैम के सभी गेट एक साथ खोल दिए हैं।

इससे एक साथ नदी में अधिक पानी जाने से पाकिस्तान में बाढ़ के हालात बन सकते हैं। बांध के आसपास के इलाकों में हाल में भारी बारिश के बाद भारत ने ये कदम उठाया है। दोनों बांधों के जलाशयों को पिछले शुक्रवार और शनिवार को गाद निकालने की प्रक्रिया की वजह से पानी का स्तर काफी घट गया था। भारत की इस कार्रवाई की वजह से दो दिन पहले पाकिस्तान की ओर बहने वाली चिनाब नदी में जम्मू के अखनूर इलाके में पानी का स्तर कमर से भी नीचे चला गया था। (अनंत ज्ञान)

### हम गुनहगार हैं, अल्लाह हमें माफ करे : ताहिर

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर में आतंकी ठिकाने नष्ट होने, आतंकियों के मारे जाने और फिर हमले करने की पाकिस्तान की कोशिशों के नाकाम होने के बाद पड़ोसी मुल्क हड़बड़ाया हुआ है। वीरवार को पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में सांसद पूर्व मेजर ताहिर ने कहा, अल्लाह-पाक ही इस मुल्क की हिफाजत फरमाएंगे। ...शायद यह हमारी कमी है। हम गुनहगार हैं। अल्लाह हमें माफ करें।'

### विदेश सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठाए सवाल

## आतंकियों के जनाजे में सेना का क्या काम



आतंकियों के जनाजे में शामिल होते पाकिस्तान सेना के अधिकारी व सैनिक।

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने वीरवार को पाकिस्तान के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। वीरवार को हुई कार्रवाई को लेकर विदेश मंत्रालय ने जानकारी साझा की। विदेश मंत्रालय की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। कर्नल सोफिया ने बताया कि वीरवार को भारत के सीमावर्ती राज्यों के कई ठिकानों को निशाना बनाया था, जिसे नाकाम कर दिया गया था। इन हमलों में ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था, जबकि पाकिस्तान ने सात-आठ मई को उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई ठिकानों पर ड्रोन हमले करने का प्रयास किया गया। इसे वायु रक्षा प्रणालियों ने निष्क्रिय किया।

वहीं, विदेश सचिव ने आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के अफसरों के शामिल होने के फोटो दिखाते हुए सवाल उठाया कि सेना का इस जनाजे में क्या काम है? उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सिर्फ तनाव बढ़ाने का काम कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल में 15 प्रतिशत बढ़े लंबी दूरी की बसों के किराये

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने वीरवार को लंबी दूरी की बस सेवाओं के लिए



किराये की नई दरें निर्धारित कर बाकायदा अधिसूचना भी जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के फौरन बाद बढ़े हुए किराये तुरंत प्रभाव से लागू किए गए हैं। सरकारी अधिसूचना के अनुसार मैदानी व पहाड़ी सड़कों के लिए अलग-अलग किराया निर्धारित किया गया है।

### कितना बढ़ा किराया ?

**अधिसूचना** के मुताबिक, पहले मैदानी इलाकों में पहले प्रति किमी 1.40 रुपए किराया प्रति सवारी देना पड़ता था, अब यह बढ़ाकर 1.60 रुपए प्रति किमी कर दिया गया है। इसी तरह पहाड़ी इलाकों में पहले किराया प्रति किमी 2.19 रुपए था, अब यह 2.50 रुपए प्रति सवारी कर दिया गया है। उसी तरह से डीलक्स बसों में 1.95 रुपए से बढ़ाकर 3.10 रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया है। वहीं, एसी सुपर डीलक्स बसों में 3.90 से बढ़ाकर 5.20 रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया है।

## हिमाचल में डॉक्टरों की लंबी छुट्टियां रद्द

### अस्पतालों को 24 घंटे बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों भारत ने पाकिस्तान में किए हमले के बाद देश हाई अलर्ट पर है। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को आवश्यक एडवाइजरी जारी की है। केंद्र की एडवाइजरी के बाद हिमाचल भी हाई अलर्ट पर है। सरकार परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयारियां कर रही है। इसी बीच प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की लंबी छुट्टियों पर रोक लगा दी है। सरकार ने सभी अस्पतालों को बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ट्रॉमा सेंटर, लैबोरेट्री और आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे चालू रहेंगी। राज्य के संवेदनशील इलाकों में चौकसी बढ़ाई गई है। यहां पर 24 घंटे अलर्ट रहने को कहा गया है। सेना के साथ पुलिस फोर्स भी सुरक्षा सावधानियों पर नजर रखेगी और पल-पल की रिपोर्ट से राज्य सरकार को अवगत करवाएगी। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में एयरपोर्ट कनेक्टिविटी बंद : नरेश चौहान



**मुख्यमंत्री** के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि हिमाचल में एयरपोर्ट कनेक्टिविटी को बंद कर दिया गया है। अस्पतालों को दवाइयों, ऑक्सीजन और अन्य आवश्यक सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## उत्तरकाशी में हेलिकॉप्टर क्रैश 6 लोगों की मौत, एक घायल

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में वीरवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक शख्स घायल बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस हेलिकॉप्टर में हादसे के समय 7 लोग सवार थे। हेलिकॉप्टर देहरादून से हर्सिल के लिए निकला था।

इस घटना की सूचना मिलने के बाद उत्तरकाशी जिले के डीएम घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान कला सोनी, विजया रेड्डी, रुचि अग्रवाल, राधा अग्रवाल, वेदावती कुमारी और रॉबिन सिंह के रूप में की गई है। रॉबिन सिंह इस हेलिकॉप्टर के पायलट थे। (अनंत ज्ञान)

### जांच में जुटी टीम



**हेलिकॉप्टर** किस वजह से क्रैश हुआ इसे लेकर जांच शुरू हो गई है। जांच टीम इस बात का पता करने में जुटी है कि क्रैश होने से पहले क्या कोई तकनीकी खामी आई थी। हेलिकॉप्टर के ब्लैक बॉक्स की भी तलाश की जा रही है। ब्लैक बॉक्स हेलिकॉप्टर में क्रैश से पहले हुई खामियों के बारे में बता सकता है।

## भारत आईएमएफ में करेगा पाकिस्तान की घेराबंदी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की जानकारी साझा की है। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान पर नकेल कंसने के लिए आईएमएफ से भी अपील की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने गुरुवार को पाकिस्तान को दिए गए ऋणों की समीक्षा को लेकर होने वाली आईएमएफ की बैठक पर कहा, हमारे पास आईएमएफ में एक कार्यकारी निदेशक हैं। कल आईएमएफ के बोर्ड की बैठक है और मुझे यकीन है कि हमारे कार्यकारी निदेशक भारत की स्थिति को सामने रखेंगे। बोर्ड का निर्णय एक अलग मामला है। (अनंत ज्ञान)

**अनदेखी** 15 मंदिर हो गए जमींदोज, एक दर्जन खस्ताहाल, दीवारों और छतों पर उग आए पेड़-पौधे

## देखरेख के बिना जर्जर होती छोटी काशी की पहचान

**अनिल शर्मा, मंडी**

छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी की पहचान और नाम की सार्थकता यहां के 80 ऐतिहासिक मंदिरों के कारण ही है और इन 80 मंदिरों में से 2-3 मंदिरों को छोड़ सभी राजाओं द्वारा रियासत के धन से निर्मित हुए हैं। बिना देखरेख और अतिक्रमण के कारण वर्तमान में 80 मंदिरों में से 15 मंदिर जमींदोज हो चुके हैं और लगभग एक दर्जन बिना देखरेख के खस्ता हालत में हैं। शहर के बारसेला, पंचवक्त्र महादेव व भैरी मंदिर, त्रिलोकीनाथ, अर्धनारीश्वर मंदिर पुरातत्व विभाग के अधीन हैं और बाबा महामृत्युंजय मंदिर भाषा एवं संस्कृति विभाग के अधीन है तथा बाबा भूतनाथ मंदिर मंडी प्रशासन की देखरेख में संचालित होता है। इन मंदिरों को छोड़ बाकी के सभी मंदिर पूजा अधिकृत हैं, जिनमें उत्तमू का शिव मंदिर और ठेकेदार के शिव मंदिर को छोड़ सभी मंडी रियासत के धन से ही निर्मित हुए हैं। इनमें से एक दर्जन के करीब मंदिरों के ऊपर पेड़-पौधे उग आए हैं, ऐसे में इनकी सफाई की जब भी बात होती है, तो मंडी प्रशासन की ओर से यही कहा जाता है कि ये मंदिर अभी निजी नियंत्रण में हैं।

यदि ऐतिहासिक धरोहरों का हवाला दिया जाए तो कहा जाता है कि इस पर कार्य किया जा रहा है। संस्कृति संरक्षक लोगों ने प्रशासन से हैरिटेज कमेटी के गठन की मांग की है, ताकि इनका संरक्षण किया जा सके। ऐतिहासिक जैंचुरा नौण की पिछली दीवारों पर भी पेड़ उग आए हैं। महीने-दो महीने में एक बार नगर निगम के कर्मचारी आकर इन पेड़ों की काट-छांट कर जाते हैं, लेकिन दीवारों के अंदर जड़ें जमा चुके ये पेड़ हैरिटेज इमारतों को धीरे-धीरे निगल रहे हैं और प्रशासन से लेकर भाषा एवं संस्कृति विभाग तक, सभी नियमों के पन्ने ही पलट रहे हैं कि इनका संरक्षण कैसे किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान विशेष**



कामेश्वर महादेव मंदिर की छत पर उगे पौधे।



जैं चूरा नौण की दीवारों पर उगे पेड़-पौधे।



**मंदिर** निजी होने के कारण स्थानीय मंदिर कमेटियों को मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। यदि नगर निगम की सहायता की आवश्यकता पड़ती है, तो हम तैयार हैं, लेकिन पूजा अधिकृत व्यक्तियों को आगे आना पड़ेगा। यह हमारी धरोहर है, जिसे सबको बचाना ही होगा।

**- वीरेंद्र भट्ट शर्मा, महापौर, नगर निगम मंडी।**



**यदि** प्रशासन इसी तरह पल्ला झाड़ता रहा तो ये ऐतिहासिक धरोहरें नष्ट हो जाएंगी। पूजा करने वाले लोग यदि इनका संरक्षण करने में लापरवाही बरतते हैं, तो भाषा एवं संस्कृति विभाग इन्हें अपने अधीन कर ले और मंडी प्रशासन की ड्यूटी है कि हैरिटेज कमेटी का गठन कर इन्हें संरक्षित किया जाए। यदि फिर भी बात नहीं बनी तो हम मद्रास हाईकोर्ट के फैसले की कॉपी लगाकर कोर्ट जाएंगे, जिससे कि इनका संरक्षण हो सके।

**- कमलकांत शर्मा, प्राचीन संस्कृति संरक्षक मंडी।**

## न्यूज ब्रीफ

### कल भरेड़ी उपमंडल के गांवों में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज के तहत विद्युत उपमंडल भरेड़ी के अधीन आने वाले गावों गरसाहड़, लज्याणी, नगरोटा, धिरड, भोंगों, पलपल, हनोह, डाडू, बरोह, पिपलीधार, अमरोह, चन्दरूही, ककड़, भुकड़, धमरोल, बडैहर, सुलगवान, भौर, मुंडखर, जाहू, मनोह इत्यादी से अपील की जाती है कि 10 मई को 33/11 केवी सब-स्टेशन नालटू और 11 केवी बिजली लाइनों की मुरम्मत हेतु बिजली सप्लाई सुबह 9 से शाम 5 बजे तक पूर्णतया बंद रहेगी। अतः जनता से सहयोग की अपील की जाती है। यह जानकारी विद्युत उपमडल भरेड़ी के सहायक अभियंता ई. संजय कुमार ने दी।

### डीएवी भड़ोली में धूमधाम से मनाया रेडक्रॉस दिवस



**शशि सोनल, नादौन।** डीएवी स्कूल भड़ोली के छात्रों के लिए रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। उन्होंने बताया कि यह दिवस 8 मई को हेनरी डुनेंट की जयंती पर मनाया जाता है। उन्होंने अपना सारा जीवन मानवता के लिए समर्पित कर दिया। रेडक्रॉस सोसायटी का मुख्य उद्देश्य मूल रूप से किसी भी समय और परिस्थितियों में सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को निशुल्क प्रेरित करना है। इस विशेष अवसर पर कक्षा छठीं से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। अंत में प्रिंसिपल ने विशेष स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### टौणी देवी स्कूल में दिया मानवता का संदेश



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस एवं विश्व थैलेसिमिया दिवस आज अत्यंत उत्साह, गरिमा और उद्देश्यपूर्ण भावनाओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रेडक्रॉस की शपथ के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस एक वैश्विक आंदोलन है, जो हमें निःस्वार्थ सेवा और मानवीय मूल्यों की सीख देता है। आज का दिन इन आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का दिन है। नोडल अधिकारी राजेश कुमार ने रेडक्रॉस की स्थापना, उद्देश्य और वैश्विक भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध गतिविधियों के माध्यम से रेडक्रॉस के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता से सभी को सेवा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। (अनंत ज्ञान)



राज्यपाल शिव प्रसाद शुक्ल ने अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस पर विशेष रूप से असक्षम लोगों को कृत्रिम अंग वितरित किए और कला, खेल तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया।

### अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस पर फिर से खुली रेडक्रॉस प्रयोगशाला, ओपन एयर जिम का राज्यपाल शिव प्रसाद शुल्क ने किया उद्घाटन

# 'ऑपरेशन सिंदूर' बना भारतीय गौरव का प्रतीक : राज्यपाल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वीरवार को हमीरपुर में विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने डेढ साल से बंद पड़ी रेडक्रॉस लेबोरेटरी का भी फिर से शुभारंभ किया। इसके अलावा खूबसूरत जिम के अलावा वेरका दूध के बूथ का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आरंभ ऑपरेशन सिंदूर राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में सामने आया है। उन्होंने भारतीय सेना की इस निर्णायक कार्रवाई की प्रशंसा की।



राज्यपाल मिनी सचिवालय के ठीक पीछे 'जिम' का उद्घाटन करते हुए।

राज्यपाल आज अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर हमीरपुर के मिनी सचिवालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने हाल ही में निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्याओं के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को करारा जवाब दिया है। हमें अपनी सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है। भारतीय सेना ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीकता के साथ पाकिस्तान के निर्दोष नागरिकों को नुकसान पहुंचाए बिना इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

राज्यपाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि भारत की संप्रभुता, रणनीतिक शक्ति और आतंकवाद के विरुद्ध अडिग संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने अंतराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेडक्रॉस पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित संस्था है। इसके निःस्वार्थ सेवा और प्रतिबद्धता ने इसे वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि यह दिन हम सभी को सेवा की भावना बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में रेडक्रॉस सोसायटी वंचितों के उत्थान तथा कल्याण के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है। उन्होंने नागरिकों से रेडक्रॉस से जुड़ने और मानवीय कार्यों में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने जिला में रेडक्रॉस प्रयोगशाला के पुनः संचालित होने पर संतोष व्यक्त किया, जिससे जरूरतमंद लोग लाभान्वित होंगे। इससे पहले राज्यपाल ने सर्किट हाऊस परिसर से जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्ति का संदेश देते हुए भाग लिया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर एवं राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्षा जानकी शुक्ला भी उपस्थित रहीं।

इसके उपरांत राज्यपाल ने डॉ. राधा कृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में रेडक्रॉस प्रयोगशाला का पुनः शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने रक्तदान शिविर का शुभारंभ करने के अतिरिक्त मिनी सचिवालय परिसर में स्थापित ओपन एयर जिम का उद्घाटन किया। राज्यपाल ने मिनी सचिवालय का भी दौरा किया तथा उपायुक्त से हाल ही में किए गए मरम्मत और अन्य सुधार कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

वहीं, राज्यपाल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला हमीरपुर का संक्षिप्त दौरा किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर सहित जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे। अपने दौरे के दौरान राज्यपाल ने साइबर क्राइम सैल का भ्रमण किया तथा पुलिस बल की कार्यक्षमता की जानकारी ली।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान विधायक आशीष शर्मा, विधायक रणजीत सिंह राणा, राज्यपाल के सचिव तथा राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव सीपी वर्मा मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

### कला, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले किए सम्मानित

**राज्यपाल** ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस अवसर पर विशेष रूप से असक्षम लोगों को कृत्रिम अंग वितरित किए और कला, खेल तथा अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस प्रयोगशाला के पुनः संचालन से जरूरतमंद लोगों को लाभ मिलने के अलावा अतिरिक्त आय भी सृजित होगी। उन्होंने कहा कि जिले में रेडक्रॉस के माध्यम से अनेक गतिविधियां चलाई जा रही हैं। पिछले वर्ष से अब तक 17 नए संरक्षक और 135 आजीवन सदस्य रेडक्रॉस के साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि अब जिले में रेडक्रॉस सदस्यों की संख्या 750 हो गई है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने प्रदेश रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष जानकी शुक्ला को सम्मानित किया तथा जिले में नशामुक्ति की दिशा में चलाए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया। अतिरिक्त उपायुक्त तथा जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार गर्ग ने जिले में रेडक्रॉस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। 'पहचान' संस्था के विशेष रूप से सक्षम बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## कुघाण में पुलिस ने युवक से बरामद की 281 ग्राम चरस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सदर हमीरपुर थाना के अधीन पुलिस सहायता कक्ष भोटा की टीम द्वारा 281 ग्राम चरस (भांग) बरामद की गई है।

पुलिस सहायता कक्ष भोटा की एक पुलिस टीम कुघाण नामक स्थान पर गश्त के दौरान हैप्पी निवासी उझाण डाकखाना डिडवीं टिक्कर थाना सदर जिला हमीरपुर के कब्जा से 281 ग्राम चरस (भांग) बरामद की गई है तथा अभी मौका पर आगामी अन्वेषण जारी है।

थाना प्रभारी यादेश ठाकुर ने बताया कि युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में नशे के खिलाफ कार्रवाई ऐसे ही जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जीरी टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है।

## रैफरल ड्रॉ में टिकट नंबर 054588 ने जीती क्रेटा कार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**हमीरपुर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने की विजेताओं की घोषणा**

हमीरपुर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने रैफरल ड्रॉ के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। रैफरल ड्रॉ में कुल 8 श्रेणियों के पुरस्कार निकाले गए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने रेडक्रॉस की रैफरल ड्रॉ का प्रथम पुरस्कार निकाला।

अन्य पुरस्कार प्रथम महिला नागरिक लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला, विधायक आशीष शर्मा, कैप्टन रंजीत सिंह राणा और विशेष योग्यता प्राप्त बच्चों ने निकाले। प्रथम पुरस्कार के रूप में ह्यूंडई क्रेटा कार का विजेता टिकट नंबर 054588 रहा। द्वितीय पुरस्कार रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल के विजेता टिकट नंबर 051872 घोषित किया गया। तृतीय पुरस्कार के रूप में 2 होंडा एक्टिवा स्कूटियां टिकट नंबर 032901 और 058114 ने जीती।

चौथे पुरस्कार में एलजी की 55 इंच की 3 एलईडी टीवी के विजेता टिकट नंबर 019786, 055730 और 024751 रहे। पांचवें पुरस्कार में एलजी की 4 ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन टिकट नंबर 046914, 013876, 052734 और 048636 ने जीती।

छठे पुरस्कार के रूप में सैमसंग ए16 के 5 मोबाइल फोन के विजेता टिकट नंबर 019400, 046915, 013892, 041137 और 032744 रहे। सातवें पुरस्कार में 7 माइक्रोवेव ओवन के विजेता टिकट नंबर 011058, 067024, 050759, 052506, 040646, 015537 और 050393 रहे। आठवें पुरस्कार के रूप में 10 स्मार्ट वॉच के विजेता टिकट नंबर 026802, 032226, 011889, 053134, 032941, 033403, 047009, 045380, 023833 और 057803 रहे।

रेडक्रॉस सोसायटी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए टिकट लेकर समाजसेवा के क्षेत्र में सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया है। विजेता पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपने टिकट के साथ हमीरपुर रेडक्रॉस कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### विज्ञान विषय में रुचि बढ़ाने के लिए बाल स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी में भुंपल स्कूल की अंशिका व कनिका रही अव्वल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**हमीरपुर जिले के 20 स्कूलों ने लिया भाग**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी व राष्ट्रीय गणित दिवस 22 दिसंबर को हर वर्ष मनाया जाता है। यह दिन सीवी रमन व श्रीनिवास रामानुजन की याद में मनाया जाता है। विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. मोही राम चैहान ने सभी प्रतिभागियों को विज्ञान विषय में रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग कमल किशोर हमीरपुर, डिप्टी डीईओ वंदना धीमान व प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद ने उपस्थित बच्चों व अनुरक्षण शिक्षकों को विज्ञान व गणित विषय के प्रति जागरूक किया।

विषय विशेषज्ञ अचला शर्मा प्रवक्ता जीव विज्ञान ने सभी प्रतिभागियों को प्रसिद्ध वैज्ञानिक सीवी रमन व गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन व उनकी उपलब्धियों के बारे में बताया। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने बताया इस कार्यक्रम में जिला हमीरपुर के 20 स्कूलों के कुल 170 बच्चों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

विज्ञान प्रश्नोत्तरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंपल की अंशिका व कनिका प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोल सप्पड़ की शिवानी व वंशिका द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबलु की कृतिका व आंचल तृतीय स्थान पर रही। गणित प्रश्नोत्तरी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मैड़ की अमृता व अहाना प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणीदेवी की शबनम व सुनिधि द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट का अक्षित व शिवम तृतीय स्थान पर रहे।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परोल की सृष्टि शर्मा प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ की सुनैना द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भूम्पल की तमन्ना तृतीया स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय उच्च विद्यालय सासन की रमनदीप कौर प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पट्टा का नक्श द्वितीय व राजकीय उच्च पाठशाला करेर की वर्तिका ने तृतीय स्थान पर रही।

विज्ञान मॉडल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ की कृतिका प्रथम, राजकीय उच्च विद्यालय गुलेला के आदित्य द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिडवीं के वंश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने सभी विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह व एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## सहयोग से होते हैं समाज कल्याण के कार्य: डॉ. वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मोहिनी एकादशी के उपलक्ष पर राजकीय उच्च विद्यालय सासन में सरस्वती मां की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करवा कर प्रतिमा को स्थापित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मां सरस्वती का पूजन किया गया और देश की एकता एवं अखंडता के लिए यज्ञ किया।



सासन स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा को स्थापित करने के दौरान डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा व अन्य।

मुख्यातिथि ने कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है। वर्मा ने कहा कि एक अकेला इंसान इस समाज में ज्यादा कुछ नहीं कर सकता है, इसलिए सहयोग हमें इस समाज में रहने की सीख देता है और सहयोग से ही देश के मजबूत भविष्य का निर्माण हो सकता है।

डॉ. वर्मा ने प्रिंसिपल व स्कूल के सभी कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने बच्चों को अपने सनातन धर्म और संस्कारों से जुड़ने की भी प्रेरणा दी। सरस्वती विद्या की देवी है जिसका सीधा संबंध विद्यार्थियों से है। हमें अध्ययन के साथ-साथ अध्यात्म से जुड़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका पूनम ने विद्यालय के प्रति उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। सरस्वती पूजन के इस उपलक्ष्य पर एसएमसी प्रधान चेतना ठाकुर, वार्ड मेंबर विकास कुमार, अमरचंद, अध्यापक व अन्य मौजूद थे।

## सीनियर सिटीजन काउंसिल ने पीड़ित व्यक्ति को दी 40 हजार की सहायता राशि



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नाड़सीं पंचायत के खंदेहड़ा गांव में आसमानी बिजली गिरने से मकान जल गया था। इस घटना में कुलदीप सिंह पुत्र स्व. जयकरण सिंह का स्लेटपोश मकान की ऊपरी मंजिल जल गई थी। बता दें कि हाल ही में हुई तेज बारिश के बीच आसमानी बिजली ने भी नुकसान पहुंचाया है। इस हादसे में मकान को आग लग गई जिसमें फसे दंपती को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्त के बाद बाहर निकाला था। हालांकि इस प्राकृतिक आपदा से जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। इस हादसे में प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवार को 10 हजार रुपए की फौरी राहत प्रदान की गई थी, लेकिन सीनियर सिटीजन कार्उंसिल हमीरपुर ने पीड़ित परिवार की मदद करने के लिए खंदेहड़ा गांव में जाकर मकान का निरीक्षण किया। मौके पर गए संस्था के पदाधिकारियों ने पीड़ित व्यक्ति को 40 हजार रुपए की सहायता राशि सौंपी है। गौर रहे कि सीनियर सिटीजन कार्उंसिल हमीरपुर गरीब व असहाय लोगों की सहायता के साथ प्राकृतिक आपदा में पीड़ित लोगों की सहायता में भी आगे रहती है। यही नहीं अस्पताल में भी मरीजों को तीन समय का खाना और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाती रहती है। इस अवसर पर सीनियर सिटीजन कार्उंसिल के प्रधान विजय कुमार पुरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, सचिव कुलदीप कमल, भगवान दास शास्त्री, हेमराज शर्मा, सुरेश कुमार और श्रीधर गुलजार उपस्थित रहे।

## छात्रों में खेल भावना और टीम वर्क को किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में अंतर सदनीय बास्केटबाल प्रतियोगिता आयोजित**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में अंतर सदनीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता ने न केवल विद्यार्थियों में खेल भावना और टीम वर्क को प्रोत्साहित किया, बल्कि उनकी प्रतिभा को उजागर करने का भी अवसर प्रदान किया।

प्रतियोगिता का पहला मैच आर्यभट्ट हाउस और रमन सदन के बीच खेला गया, जिसमें रमन सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इसके बाद भाभा हाउस और बोस हाउस के बीच हुआ दूसरा मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें बोस हाउस ने कड़ी टक्कर के बाद सफलता प्राप्त की। इस आयोजन का शुभारंभ अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें पूरे मनोयोग से खेलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए अकादमिक समन्वयिका विनीता गुप्ता, कंचन लखनपाल, मनीषा मारवाह एवं छात्र कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार एवं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इसके साथ ही खेल विभाग की सक्रिय भूमिका ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।



बास्केटबाल प्रतियोगिता में भिड़ते खिलाड़ी।

पूरे कार्यक्रम के दौरान कॉमेंट्री टीम – विशेष, वर्दान, यजत, शिवांश, अयान और लक्ष्य ने अपनी जीवंत और जानकारीपूर्ण कॉमेंट्री से दर्शकों को पूरी तरह जोड़े रखा। कार्यक्रम के अंत में सभी गणमान्य व्यक्तियों ने विजेता टीमों को शुभकामनाएँ दीं और सभी प्रतिभागियों की खेल भावना एवं समर्पण की खुले दिल से सराहना की। यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों के शारीरिक विकास का प्रतीक बनी, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी नया आयाम देने वाली साबित हुई।

## मिडल स्कूल पुतडियाल को अतिशीघ्र मिलेगा नया भवन

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन की पुतडियाल पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार अपनी पंचायत की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले एवं उन्हें अपनी पंचायत की समस्याओं के बारे में अवगत करवाते हुए उनका अतिशीघ्र समाधान करने का आग्रह किया।



मुख्यमंत्री से मिलते पंचायत के उपप्रधान।

पंचायत उपप्रधान संजीव कुमार ने बताया कि मिडल स्कूल पुतडियाल के स्कूल भवन की समस्या के बारे में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल की भवन की समस्या मेरे ध्यान में है, अतिशीघ्र स्कूल को नए भवन की सौगात मिलेगी एवं उन्होंने यह भी कहा कि खोरड़ से जंगल एवं धनियारा सड़क को भी अतिशीघ्र पक्का किया जाएगा। गौर है कि वर्तमान समय में उपमंडल नादौन की पंचायत पुतडियाल के विकास कार्य के लिए लगभग दो करोड़ की बजट राशि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा स्वीकृत की गई है, जिनके विकास कार्य वर्तमान समय में प्रगति पर है।

उपप्रधान ने बताया कि इस दौरान उनके साथ पुतडियाल के बूथ अध्यक्ष कुशल कुमार विशेष रूप से शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

**रिलीज** सफाई व्यवस्था, रास्तों, सड़कों, पार्किंग व अन्य विकास कार्यों पर होगा खर्च

## नप नादौन का 30.80 करोड़ रुपए का बजट पारित

**शशि सोनल, नादौन**

नगर परिषद नादौन की बैठक वीरवार को नगर परिषद नादौन के जन कक्ष में आयोजित की गई। इसमें नगर परिषद नादौन का पिछले बजट से पांच गुणा ज्यादा बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। वर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तावित बजट 30.80 करोड़ रुपए का पारित हुआ है। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।



नगर परिषद नादौन की बैठक में उपस्थित गणमान्य।

बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने की। इसमें नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा के अलावा नगर परिषद की उपाध्यक्ष ऊषा सौंधी, सुमन कुमारी, तरुण कपिल, सुषमा अवस्थी, योगराज, मनोरमा कुमारी, अनीता देवी के अलावा मनोनीत पार्षद संदीप महिंद्री जैन के अलावा कुलदीप कुमार, किशोरी लाल रत्न, अंशुल सहोत्रा, निशांत शर्मा, अक्षित सोनी आदि उपस्थित रहे।

बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया गया । यह ऐतहासिक बजट वर्ष 1974 से आज तक पहली बार ऐसा बजट प्रस्तुत किया गया। इसमें वार्षिक आय 30,80,40,000/- रुपए एवं खर्चा 30,65,66,400/- रुपए नगर परिषद नादौन में सफाई व्यवस्था, पथ प्रकाश, रास्ते, सड़कों, पार्किंग एवं शौपिंग कॉम्प्लेक्स व अन्य विकास कार्यों पर खर्च किया जाएगा। नगर परिषद नादौन को करोड़ों रुपए की धन राशि शहर के विकास के लिए स्वीकृत करने पर आज की बैठक में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पार्षदों तथा कर्मचारियों ने हार्दिक धन्यवाद किया। इसके अतिरिक्त नगर परिषद क्षेत्र में 4 हेल्थ केयर केंद्र, पतन बाजार में पीआईयू का उप-कार्यालय, पतन बाजार मे वाटर स्पोर्ट्स पार्क, वैलनेस केंद्र खोलने पर भी मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से नगर परिषद नादौन के क्षेत्र के सभी वार्डों में गलियों का निर्माण एवं नए शामिल क्षेत्र में पथ प्रकाश, सफाई व्यवस्था एवं रास्तों के निर्माण पर भी व्यय करने का निर्णय लिया गया। (अनंत ज्ञान)

## सीएम ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर को प्रदान कीं विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं : वर्मा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में जो उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की हैं, के लिए न केवल हमीरपुर जिला बल्कि पूरे प्रदेश की जनता गदगद है।



सुजानपुर कांग्रेस के निवर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष व राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश महासचिव राजेंद्र सिंह वर्मा ने कहा कि हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में एक साथ तीन सुपर स्पेशलिस्ट डिपार्टमेंट कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की घोषणा व कैबिनेट में मंजूरी दर्शाती है कि मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्प हैं। नेफ्रोलॉजी विभाग, जिसमें किडनी से संबंधित बीमारियों का इलाज होगा। इसके साथ ही साथ यहां पर 118 नए पद स्वीकृत किए गए हैं।

गौरतलब है कि हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज की मंजूरी तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नवी आजाद से करवाने व खुलवाने का श्रेय पहले ही वर्तमान मुख्यमंत्री के नाम है। इस दौरान कै. चंबेल सिंह, राजेश ठाकुर, रि. तहसीलदार रतन चंद, जगदीश कौशिक, प्रधान गुलशन कुमार, विनय शर्मा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के सुजानपुर के अध्यक्ष देश राज व महासचिव अशोक चौधरी सहित कै. संजीव राणा, जगदेव चंद, रवि कुमार, वीना धीमान, प्रवीण मोहिनी, सोनिया, युवा कांग्रेस के केशव ठाकुर, विजय कुमार, पवन कुमार, दिव्यांशु व अजय ठाकुर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रार्थना सभा में छात्राओं पर गिरी लोहे की पाइप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सुबह प्रार्थना सभा के दौरान छात्राओं के ऊपर लोहे की रॉड/पाइप गिरने से तीन छात्राएं घायल हो गईं, जबकि कुछ अन्यों को मामूली चोटें पहुंची। एक छात्रा को टांग में ज्यादा चोट आने की वजह से प्लास्टर चढ़ाना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थना सभा के दौरान निर्माणाधीन विशालकाय भवन के ऊपर चल रहे कार्य के दौरान यह हादसा पेश आया। गनीमत यह रही कि यह किसी के सिर पर नहीं गिरी अन्यथा गंभीर दुर्घटना भी हो सकती थी। ऐसा देखकर अफरा-तफरी में दो तीन छात्राएं तो डर के मारे बेहोश भी हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रॉड गिरते ही दो छात्राएं मौके पर ही चीखने लगीं। हादसे के तुरंत बाद संस्थान प्रशासन ने तेजी से कार्रवाई करते हुए घायल छात्राओं को मंडी के जोनल अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल छात्राओं की हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रिंसिपल नरेश शर्मा ने बताया कि रॉड छात्राओं के कंधों और पैरों पर गिरी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। उधर, पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटना की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा निर्माणाधीन इमारतों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। अब देखना होगा कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदारी किस पर तय होती है।

### मानवीय कार्यों में सहानुभूति व करुणा के महत्व पर बल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर राज्य रेडक्रॉस सोसायटी और अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्यों, स्कूली बच्चों, रेडक्रॉस के कर्मचारियों व स्वयंसेवकों ने स्वास्थ्य मंत्री एवं अध्यक्ष, राज्य रेडक्रॉस प्रबंधन समिति, डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल को बधाई दी और रेडक्रॉस का झंडा भेंट किया। इस वर्ष विश्व रेडक्रॉस दिवस का थीम 'मानवता के पक्ष में' है जो मानवीय कार्यों में सहानुभूति और करूणा के महत्व पर बल देता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर और संभोटा, तिब्बतियन स्कूल छोटा शिमला के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अस्पताल कल्याण अनुभाग के सदस्यों के साथ आमजन को रेडक्रॉस के प्रति जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली।

### पाक आतंकवादी नीति बदलने को तैयार नहीं: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 140 करोड़ भारतीयों को यह नाम भी अच्छा लगा और



भारतीय फौज ने जो काम किया, वह काम भी अच्छा लगा। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान ने जो कुछ किया था। उसके बाद भारत मायूस था। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खूब क्रिटिसाइज किया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के घर में घुसकर तीन-तीन बार पाकिस्तान के तीन अलग-अलग प्रधानमंत्रियों को उनकी औकात दिखाने के लिए। उरी हमले के बाद नवाज शरीफ को धूल चटाने के लिए। उन्होंने बताया कि सिंदूर का बदला आतंकवादियों के खून से लेने के लिए नौ मिसाइलों की प्रलयकारी गर्जना के साथ रावलपिंडी से लेकर बहावलपुर, मुजफराबाद, मीरपुर हर ठिकाने को राख में तबदील कर दिया।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने अधिकारियों के प्रयासों को सराहा, बोले–

# हिमाचल में सड़क दुर्घटनाओं के जोखिम हुए कम

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

एचपीआरआईडीसीएल को हाल ही में मोरक्को के माराकेच में प्रतिष्ठित 2024 आईआरएपी गैरी लिडल मेमोरियल ट्राफी में शाइनिंग स्टार से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड विश्व के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सड़क प्राधिकरण को उच्च जोखिम वाली सड़कों को खत्म करने की दिशा में काम करने के लिए प्रदान किया जाता है।

शिमला स्मार्ट सिटी लिमिटेड को ढली सुरंग और सुरंग के बाहर रोटरी जंक्शन के निर्माण के लिए शहरी गतिशीलता में नवाचार श्रेणी के तहत स्मार्ट सिटीज इंडिया अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है, जिससे शिमला में यातायात को सुचारु बनाए रखने में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने दोनों संगठनों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके समर्पित प्रयासों के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे शिमला शहर के लोगों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान में इसी प्रतिबद्धता के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पूरे राज्य में स्मार्ट, सुरक्षित और अधिक टिकाऊ शहरी और ग्रामीण अधोसंरचना के निर्माण में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।

**बेहतर सड़क व्यवस्था से हुआ संभव, गिरी लिडल मेमोरियल ट्रॉफी में शाइनिंग स्टार से मिला सम्मान**



सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. अभिषेक जैन ने मुख्यमंत्री सुक्खू को ट्रॉफियां भेंट की।

सीएम सुक्खू ने कहा कि एचपीआरआईडीसीएल की सड़क सुरक्षा पहल प्रदेश के संपूर्ण विकास के प्रति एक समग्र और सौहार्दपूर्ण प्रयास का प्रतीक है जो विश्व बैंक हिमाचल प्रदेश पुलिस, लोक निर्माण विभाग, स्थानीय एजेंसियों और सामुदायिक स्वयंसेवकों के साथ संयुक्त रूप से कार्य कर रही है। यह पहल ठोस आंकड़ों पर आधारित सड़क सुरक्षा कार्य योजना के माध्यम से सड़क सुधारों को सफलतपूर्वक लागू करने में सहायता कर रही है, जिसके उत्कृष्ट परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से विशेषकर राज्य के प्रमुख कॉरिडोर पर सड़क दुर्घटना में कमी दर्ज की गई है।

**सड़क हादसों और मृत्यु दर में हुई गिरावट: विक्रमादित्य**

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और यह गर्व की बात है कि हाल के समय में सड़क हादसों और मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सड़क सुरक्षा की स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर के उपाए अपनाए जा रहे हैं। इससे हिमाचल प्रदेश अन्य राज्य के लिए प्रेरणा बन कर उभरेगा।

एचपीआरआईडीसीएल के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक जैन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सड़क मूल्यांकन कार्यक्रम (आईपीएआर) द्वारा प्रदान किए गए ये दोनों पुरस्कार एचपीआरआईडीसीएल के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि आईपीएआर संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान है। इस प्रतिष्ठित संस्थान से मान्यता प्राप्त करना एक गौरवपूर्व उपलब्धि है। (अनंत ज्ञान)

# सैन्य बल पाकिस्तान की हर नापाक हरकत को करेगा नाकाम: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने देश के 15 शहरों में पाकिस्तान के हमलों को नाकाम करने पर सैन्य बलों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना सर्वश्रेष्ठ है और पाकिस्तान की हर नापाक हरकत को करारा जवाब दे रही है। पाकिस्तान यह भूल गया है कि यह नया भारत है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाला भारत है, जो पहले न छेड़ने और बाद में न छोड़ने वाला भारत है।

**संकट की घड़ी में सुक्खू सरकार ने बसों के किराए में की बढ़ोतरी**



जयराम ने शिमला से जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा तो भारत सरकार भी करारा जवाब देगी। पाकिस्तान अब भारत के आम नागरिकों को निशाना बनाकर हमला कर रहा है। बीते कल भी पाकिस्तान ने पुंछ में गोलाबारी आम नागरिकों की हत्या कर चुका है।

**15 फीसदी बस किराए में बढ़ोतरी से आम जनता हैरत में**

**जयराम** ने सुक्खू सरकार द्वारा बसों के किराए में बढ़ोतरी को हिमाचल की जनता के साथ नाइंसाफी है। जब से सुक्खू सरकार आई है, एचआरटीसी प्रदेश के लोगों को परेशान करने का जरिया बन गई है। एचआरटीसी आम आदमी की सवारी है, लोग अपने रोजमर्रा के कामों में एचआरटीसी की बसों का इस्तेमाल करते हैं। पहले 'शुल्क की सरकार' ने मिनिमम बसों के किराए में वृद्धि करके आम लोगों के परिवार की जेबों पर महंगाई का बोझ डाला और अब लंबी दूरी के किराए में भी 15 फीसदी की बढ़ोतरी की है। इससे आम लोगों को महंगाई का एक और झटका दे दिया है। सरकार इस तरह के फैसले से बाज आए।

# जगदीश कौशल बने राज्य चयन आयोग के सदस्य

## अब सदस्यों की संख्या हो गई दो, नियुक्ति से शिक्षक संघ खुश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

नादौन विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले जगदीश कौशल को सरकार ने हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग का नया सदस्य बनाया गया है। अब आयोग में अध्यक्ष के अलावा सदस्यों की संख्या दो हो गई है। सुखदेव सिंह राणा पहले से ही आयोग के सदस्य हैं।



जगदीश डायट प्रिंसिपल के पद पर रहने के बाद हमीरपुर स्थित डिप्टी डायरेक्टर ऑफिस इंस्पेक्शन में भी मुखिया के तौर पर काफी समय तक कार्यभार संभाले रहे। रिटायरमेंट के बाद काफी समय तक उनकी इस तरह की ताजपोसी को लेकर चर्चा तो होती थी, लेकिन अंतिम मोहर बीते रोज लगी है। अभी आयोग में एक और सदस्य का पद खाली है।

इधर राजकीय टीजीटी कला संघ ने भी इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया, महासचिव विजय हीर आदि ने कहा है कि जगदीश शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत रहे हैं, निश्चित रूप में उनकी इस नियुक्ति से सिस्टम को काफी फायदा होगा।

हमीरपुर को देश में अव्वल स्थापित करने वाले डाइट प्रिंसिपल रहे जगदीश की इस नियुक्ति से शिक्षक, शिक्षाविद और शैक्षिक प्रशासक गद्गद् है। विभिन्न शिक्षक संघों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हार्दिक आभार जताते हुए इसे शिक्षा जगत को मिली अलग पहचान और सम्मान करार दिया है। उनकी नियुक्ति से मुख्यमंत्री ने शिक्षा और शिक्षकों की महत्ता दर्शाई है, जिससे शिक्षक जगत गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। वहीं, हेडमास्टर प्रिंसिपल ऑफिसर्स एसोशिएसन के सदस्य संदीप डढवाल, संजीव कुमार, प्रीतम कौशल, अरविंद कुमार, रवि दत्त, आदि ने सुरेश कौशल को इस दायित्व हेतु बधाई देते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल के शक्तिपीठों में कड़ी सुरक्षा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए हिमाचल के शक्तिपीठों चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, बज्रेश्वरी, चामुंडा और नयना देवी में पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। चिंतपूर्णी मंदिर में एकाएक श्रद्धालुओं की संख्या में कमी दर्ज की गई है। हालांकि, यहां रिकॉर्ड श्रद्धालु पहुंच रहे थे, लेकिन बीते सप्ताह से शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की आमद कम हुई है। वीरवार को चिंतपूर्णी थाना प्रभारी जयराम शर्मा स्वयं चिंतपूर्णी के साथ लगते सभी क्षेत्र की पेट्रोलिंग करते नजर आए।

उन्होंने बताया कि बाहरी राज्यों से आ रहे श्रद्धालुओं के वाहनों की चेकिंग की जा रही है, ताकि कोई संदिग्ध हिमाचल में न आ जाए। चिंतपूर्णी पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि अगर किसी को कोई संदिग्ध वस्तु मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। थाना प्रभारी जयराम शर्मा ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे पुलिस की चौकसी में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। इसके साथ ही जिले के अन्य प्रमुख स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गई है।

# राहुल गांधी के प्रयासों से केंद्र को जाति जनगणना करने को होना पड़ा बाध्य : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शेर सिंह नेगी ने ने कहा है कि देश मे जातीय जनगणना की मांग उनके नेता



**मोदी सरकार पहले बेतुका तर्क दे रही थी, अब सही आंकड़े सामने आएंगे**

राहुल गांधी पिछले लंबे समय से कर रहे थे, पर वर्तमान भाजपा सरकार इस मांग को नजरअंदाज कर रही थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस मांग पर एक बेतुका तर्क देकर कहते थे कि महिला, युवा, गरीब और किसान ही चार जातियां है। उन्होंने प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को इसका श्रेय देते हुए बताया कि उनके प्रयासों से ही केंद्र की मोदी सरकार को देश में जातीय जनगणना करने के लिए बाध्य होना पड़ा है।

**भारत की 90 फीसदी आबादी आरक्षण की हकदार नहीं**

**नेगी** ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने मेनिफेस्टो में साफ लिखा था कि आर्टिकल 15 (5) के तहत निजी शिक्षा संस्थानों में भी आरक्षण लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट सेक्टर के मैनेजमेंट या बड़े पदों पर दलित, ओबीसी और आदिवासी वर्ग के लोग ही नही है। इससे साफ है कि भारत की 90 प्रतिशत आरक्षित भागेदारी ही नहीं है। अगर गिग वर्कर की सूची को देखे, तो इसमें दलित, ओबीसी व आदिवासी समुदाय के लोग ही मिलेंगे। शेर सिंह नेगी ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जातीय जनगणना के लिए देश में चलाए गए उनके अभियान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जातीय जनगणना के बाद देश मे उपेक्षित वर्ग को उनका अधिकार मिलेगा और इनके साथ न्याय होगा।

### प्राथमिक शिक्षकों का क्रमिक अनशन 13वें दिन में प्रवेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन 13वें दिन में प्रवेश कर गया है। वीरवार को जिला बिलासपुर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी व प्राथमिक शिक्षक क्रमिक अनशन पर बैठ गए। इनमें नई पेंशन स्कीम कर्मचारी संघ के राज्य उपाध्यक्ष संजीव शर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला बिलासपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबू लाल भारद्वाज, बलबीर ठाकुर, केशव चंद, सुशील कुमार व जोगिंद्र सिंह शामिल हैं।

क्रमिक अनशन में उनके साथ राज्य अध्यक्ष जगदीश शर्मा, राज्य महासचिव संजय पीसी, राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप ठाकुर, राज्य सहसचिव राकेश पटियाल, जिला बिलासपुर अध्यक्ष रमेश शर्मा, जिला कांगड़ा अध्यक्ष अनिल भाटिया, जिला सिरमौर अध्यक्ष कल्याण नेगी, जिला सिरमौर महासचिव लक्ष्मण नेगी, जिला बिलासपुर के सलाहकार यशवंत ठाकुर भी उपस्थित थे।

# जनता की जेब पर कांग्रेस सरकार डाल रही डाका: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस सरकार द्वारा बस किराया बढ़ाने का विरोध किया है और इस फैसले को जन विरोधी करार दिया है। अनुराग ने कहा है कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार आए दिन जनता विरोधी फैसले ले रही है। आज कांग्रेस सरकार की कार्यशैली कुशासन का पर्याय बन चुका है। यहां पर न्यूनतम किराये के बाद आम किराए में भारी बढ़ोतरी कर कांग्रेस सरकार ने जनता को बड़ा झटका देने का काम किया है।

**कांग्रेस ले रही एक के बाद एक जन विरोधी फैसले**



उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि हिमाचल के इतिहास की यह सबसे निकम्मी सरकार है, जिसने प्रदेश के हर वर्ग को सिर्फ ठगने और जनता पर महंगाई कि बोझ डालने का काम किया है। कांग्रेस राज में महंगाई की मार से जनता बेहाल है, मगर सरकार अपनी नाकामियों का जश्न मनाने में व्यस्त है। पहले पेट्रोल, डीजल, सीमेंट व अब बस किराए में बढ़ोत्तरी से हिमाचलवासियों के साथ धोखा है।

आम जनता जरूरी चीजों के बढ़ते दामों से परेशान है लेकिन इन बढ़ौतरी को रोकने के लिए कांग्रेस सरकार कोई ठोस कदम उठाने में नाकाम रही है। हिमाचल में कांग्रेस ने सरकार बनाने से पहले 10 गारंटियां दीं थीं, आज इतना समय बीत गया। मगर, इनकी एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई।

# हिमाचल सचिवालय के अधिकारी के घर में चोरी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सचिवालय में विधिक सहायक के घर में चोरी हुई है। घटना शिमला के केल्स्टन इलाके की है। कर्मचारी करन कंवर के घर से चोर 14 लाख रुपए की नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 7 मई की है। करन कंवर सुबह अपने कार्यालय गए थे।

उन्होंने घर को बाहर से ताला लगाया था। रात करीब 10.15 बजे जब वे घर लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था। उसमें रखी 3 से 4 लाख रुपए की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण गायब थे।

**14 लाख के गहने और कैश ले गए चोर**



पीड़ित ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ऑनलाइन टास्क पूरा करने का झांसा देकर युवक से 11 लाख की ठगी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला के रोहड़ू में एक युवक से ऑनलाइन ठगों ने 11 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। जाड़ा गांव के ब्रजमोहन शर्मा को व्हाट्सऐप पर रोजाना 3000-4000 रुपए कमाने का लालच दिया गया। ठगों ने पहले टेलीग्राम पर टास्क ग्रुप में जोड़ा। यहां उससे रेटिंग देने के छोटे काम कराए। हर टास्क के लिए 50 से 200 रुपए का भुगतान किया। इससे युवक का विश्वास जीत लिया गया।



फिर उसे इकोनॉमी टास्क के लिए दबाव बनाया गया। पहले टास्क में उससे 2000 रुपए जमा कराए और 2800 रुपए लौटा दिए। इससे उसका विश्वास और मजबूत हुआ। 22 अप्रैल को एक नया इकोनॉमी टास्क दिया गया। इसमें कई चरण थे। हर चरण में उससे ऑनलाइन पैसे मंगवाए गए। इस तरह कुल 11 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए गए। इसके बाद न तो पैसे वापस मिले और न ही ग्रुप में कोई जवाब दे रहा है। ऐसे में जब व्हाट्सऐप और टेलीग्राम कहीं मैसेज का जवाब नहीं आया तो पीड़ित युवक ने ठगों से संपर्क करने की कोशिश की तो व्हाट्सऐप नंबर बंद पाया। ब्रजमोहन शर्मा ने पुलिस थाना रोहड़ू में शिकायत दर्ज करवाई। डीएसपी रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया कि इस शिकायत पर मामला दर्ज कर जिांच की जा रही है।

# हाईकोर्ट ने 15 न्यायिक सेवा के सदस्यों को किया स्थानांतरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने अधिसूचना जारी कर 15 न्यायिक सेवा के सदस्यों के स्थानांतरण और नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। जसवंत सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चंबा को हिमाचल प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण, धर्मशाला में अध्यक्ष के पद पर नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं।

प्रीति ठाकुर, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश वक्फ न्यायाधिकरण, कांगड़ा स्थित धर्मशाला को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चंबा के पद पर, राजिंद्र कुमार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नूरपुर को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ऊना के कोर्ट नंबर-1, कांता वर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, ऊना को कोर्ट ने नंबर एक से दो में, चंबा के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोहित बंसल को घुमारवीं के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर, घुमारवीं के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हितेंद्र शर्मा को नूरपुर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर, ऊना के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश होशियार सिंह को मंडी के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दो के पद पर, सोलन के फास्ट ट्रैक कोर्ट (पोक्सो) के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमणीक शर्मा को दो वर्ष की अवधि के लिए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदोन्नति/नियुक्ति के बाद चंबा के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर,कनिका चावला, उपनिदेशक, हिमाचल प्रदेश न्यायिक अकादमी शिमला को तदर्थ आधार पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति/नियुक्ति पर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो), सोलन के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

अमरदीप सिंह, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश-सह-सीजेएम, किन्नौर, रिकांगपिओ को उपनिदेशक, हिमाचल प्रदेश न्यायिक अकादमी शिमला के पद पर, विशाल भमनोत्रा, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश-सह-एसीजेएम, हमीरपुर, को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश-सह-मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, किन्नौर, रिकांगपिओ के पद पर, रवि सिविल जज-सह-जेएमएफसी दो, सुंदरनगर को पूर्णत: तदर्थ आधार पर वरिष्ठ सिविल जजों के कैडर में पदोन्नति/नियुक्ति पर स्थानांतरित किया गया है। स्थानांतरित किए इन सभी न्यायिक अधिकारियों को 17 मई तक नए पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

**आरोप** ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में जनता की नहीं हो रही है सुनवाई

# कांग्रेस शासन में नाहन विकास के सबसे निचले पायदान पर पहुंचा: बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस सरकार में नाहन विधानसभा क्षेत्र विकास और जनहित के कार्य में सबसे निचले पायदान पर खिसक गया है। उन्होंने कहा कि यह बड़े ही दुख की बात है कि कांग्रेस सरकार में ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में जनता की सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस सरकार अढ़ाई साल से जनता को धोखा दे रही है और अब यह धोखा ज्यादा समय तक चलने वाला नहीं है। उन्होंने वीरवार को नाहन विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम एवं पिछड़ी पंचायत पल्होड़ी और हरिपुरखोल पंचायतों में जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात कर रहे थे।

**पल्होड़ी-हरिपुरखोल पंचायतों के लोगों से मिले बिंदल**



पल्होड़ी और हरिपुरखोल पंचायतों में जनसंपर्क अभियान के दौरान डॉ. बिंदल।

**विकास कार्यों में हो रहा है भाई-भतीजावाद**

**बिंदल** ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि नाहन विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य बंद पड़े हैं और जहां छुट-पुट कार्य हो रहे हैं वहां भाई भतीजावाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यों में भाई-भतीजावाद के कारण आम जनता कांग्रेस से दुखी है।

**कांग्रेस ने पल्होड़ी पुल के निर्माण को लटकाया**

**बिंदल** ने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र के दूर-दराज क्षेत्रों में नये विकास के कार्य होना तो दूर, भाजपा सरकार के समय में हुय कार्यों को भी जान-बूझकर लटकाया जा रहा है। उन्होंने पल्होड़ी पुल के कार्य का निरीक्षण करने के उपरांत कहा कि यह कार्य भाजपा सरकार के कार्यकाल में 4 करोड़ की लागत से आरम्भ हुआ था, किंतु कांग्रेस सरकार बनते ही इस रोक दिया गया। अगले एक-दो महीनों में बरसातें शुरू हो जाएंगी और जनता को इस पुल के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में विकास के कार्य ठप्प पड़े हैं और जनता के दुख दर्द को समझने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सड़कों, पुलों और पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं की कमियों से जूझ रहे हैं, जिससे कांग्रेस के प्रति जनता में गहरी नाराजगी बढ़ रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### कमल सूद ने 54वीं बार किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल पालमपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष एवं एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने किया। इस अवसर पर एसडीएम नेत्रा मेती और तहसीलदार साजन बग्गा ने भी रक्त दान किया। शिविर में 24 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया गया, जिसमें कमल सूद ने 54वीं बार रक्तदान किया। एसडीएम ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए और मानवता की सेवा में रक्त के रूप में किए महादान के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से लोगों की बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है, इसलिए लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

### नशा तस्करी मामले में आरोपी महिला नजरबंद

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नूरपुर पुलिस जिला को एक और सफलता मिली हैं। एसपी अशोक रतन ने बताया कि पीआईटी एनडी एंड पीएस के तहत सातवें मामले में सरकार की मंजूरी के बाद पुलिस थाना इंदौरा के तहत नशा तस्करी मामले में आरोपी महिला को निरुद्ध (नजरबंद) किया है। उल्लेखनीय है कि सात मार्च, 2024 को पुलिस थाना इंदौरा के मुकाम मीलवां में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई थी, जिसमें वीरो देवी पत्नी कंस राज निवासी टमोटा तहसील इंदौरा के कब्जे से 10.09 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद करने में सफलता प्राप्त की थी, जिसके चलते आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इससे पहले भी उपरोक्त महिला आरोपी को नशा तस्करी के कई मामलों में गिरफ्तार किया गया था। इसके बावजूद महिला आरोपी ने नशे का अवैध धंधा जारी रखा।

### भारतीय सेना ने पाक को दिखाया आईनाः सपन



**अनंत ज्ञान, देहरागोपीपुर।** 'ऑपरेशन सिंदूर' पर देश की तीनों सेनाओं के अदम्य साहस व पराक्रम को नमन करते हुए जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता सपन सूद ने कहा कि भारतीय सेना ने विश्व के देशों को दुश्मन देश का उनके घर में घुसकर मार गिराने का आईना दिखाया है। भारतीय सेना ने पहलगाम में 26 निर्दोष लोगों की पाकिस्तान के आंतकवादियों की ओर से की गई बर्बरता व नृशंसता से की गई हत्या का मुहंतोड़ जवाब देकर अपने रौद्र रूप की झलक दिखाई है। कांग्रेस प्रवक्ता सपन सूद ने कहा कि दुश्मन देश पर बड़ा सैनिक हमला केंद्र की सत्तारूढ़ सरकार की दृढ़ता के कारण ही हो पाता है, लेकिन सेनाओं की पराक्रमता का श्रेय किसी भी राजनीतिक दल को नहीं लेना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि मोदी सरकार भविष्य में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' का राजनीतिकरण करेगी।

### सैनिक भवन हटवास में सम्मेलन कल

**नगरोटा बगवां।** सैनिक भवन हटवास में 10 मई को सुबह 10:00 बजे सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष कैप्टन कर्म सिंह धीमान ने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और पेंशनधारक से सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि 14 जून को संस्था की समस्त कार्यकारिणियों के होने वाले चुनाव के विषय पर चर्चा की जाएगी। 12 जुलाई को संस्था का वार्षिकोत्सव पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सैन्य परिवारों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए भारत सरकार से प्राप्त हुई सूचनाओं से अवगत करवाय जाएगा।

# कृषि विश्वविद्यालय को चारा फसलों पर उत्कृष्ट अनुसंधान के लिए 'सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार'

## दक्षिणी क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र धारवाड़ में आयोजित बैठक में किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

चौधरी सरवण कुमार हिमाचल कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को चारा फसलों पर अनुसंधान एवं विस्तार कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान 'अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना चारा फसलें एवं उपयोग' की राष्ट्रीय समूह बैठक के दौरान प्रदान किया गया, जो भारतीय घास भूमि एवं चारा अनुसंधान संस्थान झांसी के अधीन दक्षिणी क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, धारवाड़ (कर्नाटक) में आयोजित हुई। देशभर में चारा अनुसंधान पर कार्य कर रहे 21 केंद्रों में से कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर केंद्र को चारा किस्म सुधार, उत्पादन तकनीक विकास तथा किसानों तक इन तकनीकों के प्रसार के लिए विशेष रूप से सराहा गया। इस केंद्र की ओर से विकसित चारा फसलों की अनुशंसित किस्में एवं उत्पादन तकनीकें राज्य के किसानों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं और इनके माध्यम से पशुधन स्वास्थ्य, दूध उत्पादन तथा ग्रामीण आजीविका में सुधार हो रहा है। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की टीम ने प्राप्त किया, जिसका नेतृत्व कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने किया। पुरस्कार वितरण के अवसर पर डॉ. डीके यादव, उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान), डॉ. एसके प्रधान, सहायक महानिदेशक (चारा फसलें) उपस्थित रहे।



कर्नाटक में पुरस्कार हासिल करते कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के वैज्ञानिक।

### कुलपति ने वैज्ञानिकों को दी बधाई

**कुलपति** प्रो. नवीन कुमार ने विश्वविद्यालय को गौरवान्वित करने वाले वैज्ञानिकों को बधाई दी और भविष्य में भी इसी उत्साह एवं समर्पण के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया, ताकि प्रदेश के किसानों का कल्याण सुनिश्चित किया जा सके।

# बल्लाह स्कूल की अध्यापिका दिव्या मेहता को बेस्ट वोकेशनल टीचर अवॉर्ड



बेस्ट वोकेशनल टीचर अवॉर्ड प्राप्त करतीं अध्यापिका दिव्या मोहन मेहता।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देन वाली कंपनी एआईएसआरसीटी ने विकसित भारत 2025 के निर्माण में कौशल विकास वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका के विषय पर राज्य वार्षिक नवीनीकरण सम्मेलन का आयोजन जय होटल जिया पालमपुर में किया।

इस समारोह में प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जीएसएसएस बल्लाह की रिटेल विषय की व्यावसायिक अध्यापिका दिव्या मोहन मेहता को हिमाचल प्रदेश बेस्ट वोकेशनल टीचर अवॉर्ड इन रिटेल से नवाजा गया।

उन्होंने छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करके प्रगति की राह दिखाई है। बल्लाह स्कूल की प्रधानाचार्या उर्वशी कटोच व समस्त अध्यापक वर्ग ने दिव्या मोहन मेहता को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# सरकार की नीतिगत विफलता से विकास पर लगी ब्रेक : बिक्रम

## कहा– कोषागार व्यवस्था को तुरंत किया जाए दुरुस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** में ठेकेदारों को समय पर भुगतान न होने व परियोजनाओं के लंबित रहने और कोषागार की नियमित कार्यप्रणाली ठप होने को लेकर पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार की नीतिगत विफलता और प्रशासनिक सुस्ती ने प्रदेश की विकास प्रक्रिया को जड़ से हिला कर रख दिया है।



बिक्रम ने कहा कि प्रदेश में बुनियादी ढांचे से जुड़े सैकड़ों निर्माण कार्य ठप पड़े हैं, क्योंकि कार्य करने वाले ठेकेदारों को समय पर भुगतान नहीं हो रहा। राज्य की कोषागार प्रणाली अस्त-व्यस्त है, जिसकी वजह से निष्पादित कार्यों की भुगतान फाइलें महीनों तक लंबित पड़ी रहती हैं। यह स्थिति केवल कार्य करने वालों की मेहनत और अधिकार का अपमान नहीं है, बल्कि प्रदेश की विकास गति को भी बुरी तरह प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, भवन, जल जीवन मिशन, विद्यालय भवन, स्वास्थ्य संस्थानों और अन्य आवश्यक परियोजनाएं समय से पूरी नहीं हो पा रही हैं। ठेकेदारों को भुगतान के लिए विभागों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं और जब कोषागार नियमित रूप से कार्य नहीं करता, तो भुगतान का पूरा तंत्र ही चरमरा जाता है।

उन्होंने कहा कि सरकार को यह समझना होगा कि ठेकेदार केवल व्यवसायी नहीं, बल्कि प्रदेश के निर्माण के सच्चे भागीदार हैं। जब उन्हें समय पर मेहनताना नहीं मिलेगा, तो वे कैसे काम को जारी रखेंगे? कांग्रेस सरकार की यह लापरवाही न केवल विकास कार्यों को रोक रही है, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका पर भी संकट खड़ा कर रही है।

### ज्वालामुखी महाविद्यालय में बागवानी विषय पर व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रत्न राजकीय डिग्री महाविद्यालय, ज्वालामुखी में एग्रीकल्चर, फ्लोरीकल्चर और विभिन्न सब्सिडी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आरती शर्मा के भाषण से हुई। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रक्ष पाल ने फलों के उत्पादन और उनकी कृषि में भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि फलों का उत्पादन न केवल कृषि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि यह खाद्य सुरक्षा और पोषण स्तर को भी बेहतर बनाता है। किसानों डॉ. सुशील कुमार बस्सी प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को बागवानी की महत्ता को समझाया। डॉ. आरती ठाक्कु ने बागवानी में मिलने वाली सब्सिडी के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।कार्यक्रम में सभी संकाय के 97 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# नगर निगम क्षेत्र के सभी स्ट्रीट वेंडरों का सर्वेक्षण तीन महीने में होगा पूरा

## महापौर की अध्यक्षता में हुई पथ विक्रेता समिति की बैठक में लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

नगर निगम पालमपुर की महापौर गोपाल नाग की अध्यक्षता और आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा की उपस्थिति में वीरवार को नगर भवन में पथ विक्रेता समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य निगम क्षेत्र के अंतर्गत कार्यरत स्ट्रीट वेंडरों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करना था। महापौर गोपाल ने कहा कि नगर निगम पालमपुर शहर के स्ट्रीट वेंडरों के हितों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नए क्षेत्रों के निगम में शामिल होने और लंबे समय से पथ विक्रेता का सर्वेक्षण लंबित होने के कारण यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि निगम क्षेत्र के सभी स्ट्रीट वेंडरों का सर्वेक्षण अगले तीन महीनों के भीतर प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसके अलावा निगम की ओर से नए स्ट्रीट वेंडिंग जोन भी चिन्हित किए जाएंगे। इन नए क्षेत्रों की पहचान संबंधित वार्ड के स्थानीय पार्षदों की सहायता से की जाएगी। आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि सर्वेक्षण के बाद चिन्हित किए गए नए वेंडरों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही वे प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी पात्र होंगे। बैठक में स्थानीय स्ट्रीट वेंडर सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। बैठक में स्ट्रीट वेंडरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर पार्षद दिलबाग सिंह, राधा सूद, शशि राणा, पुलिस और राजस्व विभाग के प्रतिनिधि, इसके प्रधान व्यापार मंडल और समिति के स्थानीय स्ट्रीट वेंडर सदस्य उपस्थित रहे।




बैठक की अध्यक्षता करते महापौर गोपाल नाग और आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा।




# होम स्टे से होगा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, बढ़ेगा पर्यटन



*हिमाचल प्रदेश में लागू की गई नई होम स्टे नीति राज्य के पर्यटन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हाल ही में मंत्रिमंडल की बैठक में इस नीति को मंजूरी दी गई थी, जिसका उद्देश्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, पर्यटन को बढ़ावा देना और सरकार के राजस्व में वृद्धि करना है। निश्चित रूप से अगर सरकार इस नीति को कारगर तरीके से लागू करने में सफल हो जाती है तो हिमाचल के पर्यटन को नए पंख लग सकते हैं। हिमाचल प्रदेश की नई होम स्टे नीति राज्य के पर्यटन क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत देती है। हालांकि, नीति के कुछ प्रावधानों को लेकर होम स्टे संचालक चिंतित जरूर हैं, फिर भी यह नीति राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो सकती है।*



### होम स्टे का सिल्वर, गोल्ड व डायमंड कैटेगरी में विभाजन

**नई नीति** के तहत, होम स्टे इकाइयों को उनके कमरे के किराए के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। पहली कैटेगिरी सिल्वर कैटेगरी है। इस कैटेगिरी में 1,000 रुपए से कम किराए वाले होम स्टे आएंगे। इसके सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस तरह के होम स्टे चलाने वालों को जीएसटी पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि सरकार का तर्क है कि ऐसे होम स्टे संचालक सबसे छोटी इकाई में आते हैं। दूसरे नंबर पर आती है।

**गोल्डन कैटेगरी:** इस कैटेगरी में 1,000 रुपए से अधिक किराए वाले होम स्टे आएंगे। इन संचालकों को जीएसटी पंजीकरण अनिवार्य होगा, क्योंकि सरकार की नजर में ये मुनाफ कमाने वाले होम स्टे संचालक हैं। तीसरे नंबर पर आती है डायमंड कैटेगरी। इस कैटेगरी में विशेष सुविधाओं वाले प्रीमियम होम स्टे आएंगे यानी ये होम स्टे एक किस्म से होटलों वाली फीलिंग देंगे, लिहाजा इनकी श्रेणी और जीएसटी संबंधित नियमों का निर्धारण भविष्य में किया जाएगा। इस विभाजन से सरकार को विभिन्न श्रेणियों के होम स्टे से संबंधित डेटा एकत्र करने में मदद मिलेगी, जिससे नीति निर्माण में आसानी होगी।

### निर्माण और संरचना संबंधी शर्तों में बदलाव

**पहले** से पंजीकृत होम स्टे इकाइयों के लिए कमरे और बाथरूम के आकार की शर्तों में छूट दी गई है। हालांकि, नए होम स्टे के लिए डबल बेड का आकार 120 वर्ग मीटर, सिंगल बेड का आकार 100 वर्ग मीटर और बाथरूम का आकार 80 वर्ग मीटर निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित होम स्टे इकाइयों को संरचना स्थिरता प्रमाणपत्र और रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की एनओसी से छूट दी गई है।

### पंजीकरण शुल्क और जीएसटी संबंधित प्रावधान


**नई** नीति के तहत, होम स्टे इकाइयों के लिए पंजीकरण शुल्क में वृद्धि की गई है। नवीकरण शुल्क पंजीकरण शुल्क के समान रहेगा। महिला संचालकों को पंजीकरण और नवीकरण शुल्क में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त , होम स्टे संचालकों को जीएसटी पंजीकरण अनिवार्य होगा और उन्हें मासिक रिटर्न दाखिल करना होगा, चाहे वे लाभ कमा रहे हों या नहीं।

| नगर निगम क्षेत्रों में | | टीसीपी साडा, नपं क्षेत्रों में | | पंचायत क्षेत्रों में | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 से 6 कमरे : | 12,000 रुपए | 4 से 6 कमरे : | 8,000 रुपए | 4 से 6 कमरे : | 6,000 रुपए |
| 1 से 3 कमरे : | 8,000 रुपए | 1 से 3 कमरे : | 5,000 रुपए | 1 से 3 कमरे : | 3,000 रुपए |

### सुरक्षा और संचालन संबंधी नए मानदंड

*नई नीति में होम स्टे इकाइयों के लिए निम्नलिखित सुरक्षा और संचालन संबंधी मानदंड निर्धारित किए गए हैं। इन मानदंडों का उद्देश्य पर्यटकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है।*

- सीसीटीवी कैमरे की स्थापना।
- अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता।
- कचरा निपटान की उचित व्यवस्था।
- -अतिथियों का विस्तृत रिकॉर्ड रखना।
- विदेशी पर्यटकों के पासपोर्ट विवरण की रिकॉर्डिंग।



### सरकार को होने वाले लाभ

**नई** नीति से सरकार को निम्नलिखित लाभ हो सकते हैं। पंजीकरण शुल्क और जीएसटी से सरकार को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। सख्त मानदंडों से अवैध होम स्टे इकाइयों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे पलायन में कमी आएगी। सुरक्षित और सुविधाजनक होम स्टे इकाइयों से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।

### पर्यटन क्षेत्र में संभावित बदलाव

**नई** नीति से हिमाचल प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में निम्नलिखित बदलाव हो सकते हैं। सुरक्षा मानदंडों के पालन से पर्यटकों को सुरक्षित अनुभव मिलेगा। स्थानीय संस्कृति का संवर्धन होगा। हिमाचली हस्तशिल्प और वास्तुकला को बढ़ावा मिलेगा। नए होम स्टे इकाइयों से पर्यटन में नवीनता और विविधता आएगी। इसके अलावा स्थानीय अर्थव्यवस्था में सुधार तो निश्चित है ही। स्थानीय उत्पादों और सेवाओं की मांग बढ़ेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होगा।

प्रस्तुति समरजीत



# मैदानी इलाकों में तपती गर्मी पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज COOL-COOL



**समर** और आईपीए सीजन में अन्य राज्यों से काफी संख्या में पर्यटक मैक्लोडगंज की ओर रुख कर रहे हैं। मैदानी क्षेत्र भले ही तपती गर्मी से झुलस रहे हों, लेकिन पर्यटन नगरी कूल-कूल है। धौलाधार की पहाड़ियों पर हुए हलके हिमपात और बारिश ने धर्मशाला का मौसम सुहावना बना दिया है। हालांकि, यहां पहले भी पर्यटकों की आमद में इजाफा होता रहा है, लेकिन मौसम ठंडा होने से बुधवार को फिर से संख्या अधिक रही। होटल एसोसिएशन का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में हमले के चलते इस बार हिमाचल में पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी हुई है। एक दिन में लगभग 60 से 65 फीसदी पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। मैक्लोडगंज के नड्डी, भागसूनाग टैंपल, डल लेक, गमरू व धर्मकोट के अलावा अन्य पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की काफी रौनक देखने को मिल रही है। यहां के होटलों में ऑक्यूपेंसी 70 व 80 प्रतिशत के आसपास रह रही है। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को यहां जाम से पैदा होने वाली दिक्कतों से निजात मिली है। मैक्लोडगंज पहुंचने के लिए जो वन-वे ट्रैफिक सिस्टम वाया टैंगल बोर्ड, मालरोड की तरफ से बनाया गया था, उसके कारण पर्यटकों व अन्य लोगों को 3 से 5 घंटे तक जाम से जूझना पड़ रहा था, लेकिन अब उस स्थिति से निजात मिल गई है।

### पर्यटकों से धर्मशाला और मैक्लोडगंज नगरी गुलजार

देश-विदेशों से पहाड़ों का रुख कर रहे पर्यटकों से पर्यटन नगरी धर्मशाला और मैक्लोडगंज गुलजार है। इस सप्ताह बाहरी राज्यों सहित विदेशी पर्यटकों के आने से होटल कारोबारियों को संजीवनी मिली है। बाहरी राज्यों में गर्मी के प्रकोप के चलते पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, दक्षिण भारत सहित विदेशी पर्यटकों की चहलकदमी धर्मशाला की सुंदरवादियों में देखी जा रही है। वहीं, कारोबार के नजरिए से भी धर्मशाला, मैक्लोडगंज, भागसूनाग और नड्डी के होटल पर्यटकों से पैक हो गए हैं। होटल कारोबारियों की मानें तो धीरे-धीरे मई के लिए भी पर्यटन नगरी के होटलों में बाहरी राज्यों से ऑनलाइन बुकिंग होना शुरू हो गई हैं। बुधवार को धर्मशाला के होटलों में देर शाम तक 80 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई। यह सप्ताह भी पर्यटन कारोबारियों के लिए अच्छा रहेगा। धर्मशाला में आईपीएल मैचों को लेकर भी भारी संख्या में दूसरे प्रदेशों से लोग धर्मशाला पहुंचे हैं।

### आईपीएल से कारोबार को लगे पंख

**धर्मशाला** के मैक्लोडगंज के व्यपारियों का कहना है पिछले कुछ महीने उनके लिए काफी खराब बीते हैं। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश व नुकसान होने के कारण पर्यटक हिमाचल नहीं आ रहे थे, लेकिन अब धर्मशाला में क्रिकेट मैचों के आयोजन होने से उन्हें इस एक बार फिर से अच्छा कारोबार की शुरुआत हुई है, क्योंकि इन मैचों को देखने व घूमने फिरने के लिए काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी व पर्यटक धर्मशाला पहुंच रहे हैं।

*-प्रस्तुति संजय अग्रवाल, धर्मशाला*

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स को समाजसेवा के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कृष्णनगर स्कूल में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। शिवानी, वंशिका और युगल ने भाषण दिए, जबकि अन्य बच्चों ने भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रधानाचार्या नीलम राणा ने बच्चों को रेडक्रॉस का महत्व बताते हुए समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस का उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना और मानवता के प्रति सम्मान सुनिश्चित करना है। प्रवक्ता राजनीति विज्ञान संदेश कुमारी ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है। यह दिन रेडक्रॉस के सिद्धांतों का सम्मान करने और मानवीय सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए भी मनाया जाता है।

### जेआरसी विद्यार्थी सदस्यों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटियालादाई में विश्व रेडक्रॉस दिवस की अधिकारिक थीम 'मानवता को जीवित रखना' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय विद्यालय के जूनियर रेडक्रॉस यूनिट के प्रभारी प्रवक्ता वाणिज्य रोजी शर्मा ने रेडक्रॉस के उद्देश्यों की जानकारी व जेआरसी विद्यार्थी सदस्यों को शपथ दिलाकर की गई। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण व नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। उपप्रधानाचार्य प्रवक्ता भौतिक विज्ञान सार्दुल परमार ने विद्यार्थियों को रेडक्रॉस के उद्देश्यों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए।

### बॉर्डर एरिया में पुलिस ने चलाया सर्च अभियान



**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के खिलाफ की गई कार्रवाई से पाकिस्तान बौखलाहट में है और बार्डर एरिया के मासूम लोगों को अपना निशाना बना रहा है। बार्डर एरिया के आसपास व अन्य क्षेत्र में लोगों ने तड़के एयरबेस के पास लाइट के साथ धमाके की आवाज सुनी। इसके बाद जिला पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से सभी संवेदनशील क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया। एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लो ने लोगों से अपील की है कि वह शांत रहें और अगर किसी तरह का कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### कुलवंत ने की विकासात्मक कार्यों की समीक्षा



**अनंत ज्ञान, देहरा।** हिमाचल प्रशासनिक सेवा 2021 बैच के अधिकारी कुलवंत सिंह पोटन ने उपमंडल अधिकारी देहरा का कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालते ही एसडीएम कुलवंत सिंह ने उपमंडलीय प्रशासन के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ देहरा में चल रहे विकासात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से जनकल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को बेहतर तरीके से करने के लिए अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर अपना सहयोग दें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दर्शकों में दिखा पंजाब व दिल्ली मैच का जुनून

## सुबह से ही पहुंचने शुरू हो गए थे दर्शक, दिनभर होती रही चर्चा, मैच होगा या नहीं





पंजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स मैच से पहले धर्मशाला स्टेडियम के बाहर खरीददारी करते दर्शक।

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**एचपीसीए** स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स को होने वाले मैच को लेकर वीरवार के दिन दर्शकों में भारी उत्साह देखा गया। वहीं, शाम को बारिश होने के बाद भी डटे रहे।

हालांकि, 4 मई हो हुए मैच की तुलना में दर्शकों का हुजूम काफी कम रहा। वीरवार को काफी कम संख्या मं दूसरे प्रदेशों से लोग धर्मशाला की तरफ आते दिखे। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर का असर देखा गया। पंजाब से दिल्ली सहित अन्य राज्यों भारी संख्या में दर्शक मैच को देखने के लिए पहुंचे हैं। वीरवार को होने वाले मैच को लेकर भी दिनभर यह चर्चा होती रही कि मैच होगा या नहीं। हालांकि, चार बजे के बाद दर्शकों के लिए स्टेडियम में प्रवेश शुरू कर दिया गया। आईपीएल के पंजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स मैच के दौरान सुरक्षा व ट्रैफिक प्लान के तहत आठ सेक्टरों में व्यवस्थित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला स्टेडियम को चार सेक्टरों में बांटा

**धर्मशाला** स्टेडियम में चार सेक्टरों में सुरक्षा व्यवस्था रखी गई। सुबह 10 बजे के बाद से ही पुलिस-होमगार्ड जवानों ने शहर के चप्पे-चप्पे पर मोर्चा संभाल लिया। सुबह व दोपहर से ही दर्शकों की आवाजाही धर्मशाला के लिए शुरू हो गई, जबकि दोपहर बाद तक दर्शक स्टेडियम की ओर बड़ी संख्या में पहुंचना शुरू हो गए। दोपहर दो बजे के बाद तक कई महत्वपूर्ण सड़क मार्गों में ट्रैफिक को वनवे व्यवस्था के तहत चलाया गया। इसमें अधिकतर स्थानों पर व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रही।

### दाड़ी में जाम ने बढ़ाई दिक्कतें

**दाड़ी** बाजार व बाईपास के पास लगातार लंबी कतारें भी कुछ-कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम की समस्या आम बनी रही। इस दौरान नियमित रूप से चलने वाली बसों के बस स्टाप के कारण भी लंबा ट्रैफिक जाम लगता रहा। दाड़ी आईटीआई पुल के पास ही स्टेडियम रोड़ को बंद किया गया है, जबकि पालपमुर की तरफ जाने वाली बसें भी वहीं सवारियों को उतारती-चढ़ाती रही। जिसके कारण हल्के ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार आम होती रही।

## हैप्पी बर्थडे



नगरोटा बगवां के ठारू के संजय कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## पठानकोट में हेरोइन के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार आरोपी।

**नशे** के खात्मे के लिए 'ड्रग-फ्री पंजाब' अभियान के तहत पठानकोट पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि पठानकोट पुलिस ने राजन कुमार पुत्र राजिंदर कुमार निवासी आनंदपुर को 45 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पठानकोट पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी, तस्करी या अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करेगी। कोई भी मादक पदार्थ तस्कर पुलिस की नजर से बच नहीं सकेगा। जनता से आग्रह है कि वे नशीली दवाओं से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## नूरपुर में बंदरों का आतंक स्कूल आने से डर रही छात्राएं

### कन्या स्कूल नूरपुर के स्टूडेंट्स बोले- कक्षाओं में घुसकर बंदर छीन रहे खाना

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**



**नूरपुर** शहर में बंदरों के आतंक से जीना दुश्वार कर दिया है। बंदरों की तेजी से बढ़ती हुई संख्या शहरवासियों के अलावा हर आने-जाने वालों के लिए मुसीबत बनी हुई है।

भोजन हासिल करने के लालच में बंदर सामान छीनने से लेकर हमला तक कर रहे हैं। वहीं, नूरपुर शहर के बीचोंबीच स्थित गवर्नमेंट कन्या स्कूल बंदरों का केंद्र बन चुका है। बंदरों के आतंक से जहां एक तरफ छोटे बच्चे स्कूल आने से डरने लगे हैं, तो दूसरी तरफ अभिभावक भी अपने बच्चों को पीएम श्री बीटीसी मॉडर्न कन्या विधालय में भेजने से कतराने लगे हैं।

स्कूली छात्राओं ने बताया कि बंदर हर समय स्कूल परिसर तथा इसके आसपास घूमते रहते हैं। पानी की टंकियों के पास भी इनका जमावड़ा लगा रहता है। स्कूल में चल रही कक्षाओं के दौरान भी बंदर कमरे में घुसकर भगदड़ मचाने के अलावा कभी-कभी हमलावर हो जाते हैं। लंच बॉक्स छीनना तो रोज की बात है। स्कूल प्रशासन से बताया कि बंदरों के आतंक से बच्चों सहित अध्यापक भी परेशान हैं तथा इस विषय पर विभाग से पत्राचार कर स्कूल में जाली लगवाने का आग्रह किया गया है।

नूरपुर एसडीएम गुरसिमर सिंह से बताया कि शहर में बंदरों की संख्या बढ़ी है। हमारी वन विभाग से इस विषय पर बातचीत हो चुकी है और फॉरेस्ट विभाग के डीएफओ अमित शर्मा ने हमें आश्वस्त किया कि जल्द पूरे शहर में बंदरों की धरपकड़ की जाएगी, जिससे शहर के अलावा शिक्षण संस्थानों को बंदरों के आतंक से मुक्ति मिल जाएगी।

## बैजनाथ में ट्रक ने कुचला व्यक्ति, मौत



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ के बिनवा पुल के पास एक व्यक्ति की ट्रक के पिछले टायर की चपेट में आने से मौत हो गई है। मृतक की पहचान कुलदीप कुमार (58) पुत्र संतराम गांव उस्तेहड बैजनाथ के रूप में की गई । पुलिस ने ट्रक नंबर एचपी 29सी1477 को कब्जे में लेकर दुर्घटना के कारण की जांच आरंभ कर दी है। पुलिस ने सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### परमार बोले- देश का हर नागरिक सेना और सरकार के साथ खड़ा

## पीएम मोदी ने आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देकर निभाया वादा

ऑपरेशन सिंदूर

**अनंत ज्ञान, डरोह**



**भारतीय** सेना की ओर से पाकिस्तान और पीओके में ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमला करके कई आतंकी ठिकानों तबाह किया जाना भारतीय सेना के तीनों अंगों के शौर्य, पराक्रम, साहस और बहादुरी को दर्शाता है, जिसके लिए भारतीय सेना का प्रत्येक जवान और अधिकारी बधाई का पात्र हैं।

सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह की कूटनीति सराहनीय और बधाई योग्य है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े समस्त अधिकारी भी प्रशंसा के पात्र हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए रणनीति तैयार की और आतंकियों को चारों खाने चित कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के कुशल नेतृत्व, सुरक्षा एजेंसियों की कूटनीति और भारतीय सैनिकों के स्टीक निशाने से केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया गया। पहलगाम में हुए आतंकी हमला का मुंहतोड़ जवाब देने का वादा निभाया गया है। देश का हर नागरिक भारतीय सेना और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है।

### भारत ने पाकिस्तान को दिया कड़ा जवाब: मनवीर



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** प्रदेश पैरामिलिट्री कल्याण संगठन प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता मनवीर चंद कटोच ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान व पीओके में आतंकवादियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर कड़ा जवाब दिया है। आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना बहुत जरूरी है। पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर से तैयार किए आतंकवाद और उसकी नापाक हरकतों का दर्द हम आजादी के समय से ही झेल रहे हैं। पैरामिलिट्री कल्याण संगठन सरकार की कूटनीति, रणनीति से दिए जवाब के लिए बहादुर सैनिकों की बहादुरी ओर देशभक्ति को सलाम करता है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान गलत कदम उठाने की हिम्मत करता है और जरूरत पड़ी तो पैरामिलिट्री के सेवानिवृत हर सदस्य सरहदों की रक्षा के लिए तैयार है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक की जमा करवाईं 70 बोरियां



भवारना के बीडीसी सदस्य सोनी ने सिंगल यूज प्लास्टिक को योगेश शर्मा को सौंपा।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**उपमंडल** भवारना के तहत आने वाले भवारना व वडघवार पंचायत के लोगों का सिंगल यूज प्लास्टिक भवारना के बीडीसी सदस्य सोनी गुप्ता ने एक साल से इस वेस्ट मेटेरियल को अपनी दुकान पर इकट्ठा किया था।

उन्होंने वीरवार को बीडीओ ऑफिस भवारना में जमा करवा दिया। सोनी ने बताया कि एक साल में इकटठा हुए सिंगल यूज प्लास्टिक की 70 बोरियां एसवीपीओ योगेश शर्मा के पास हैंड ओवर कर दीं।

उन्होंने बताया कि अभी भी मेरे पास लगभग 50 बोरियां सिंगल यूज प्लास्टिक की दुकान में पड़ी हुई हैं, उन्हें भी कुछ दिनों में जमा करवा दिया जाएगा।

## पावर लिफ्टिंग चैंपियन आदर्श का परौर स्कूल पहुंचने पर किया स्वागत

### आगरा में आयोजित चैंपियनशिप में 3 गोल्ड मेडल झटककर किया नाम रोशन



आगरा में आयोजित राष्ट्र स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले आदर्श का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**परौर** गांव के आदर्श का वीरवार को शहीद सुरेंद्र सिंह राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परौर पहुंचने पर स्वागत किया गया।

प्रधानाचार्या संगीत चौधरी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हमारे स्कूल के छात्र ने आगरा में आयोजित पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अपना नाम चमकाया। उन्होंने कहा कि यह केवल परौर स्कूल ही नहीं बल्कि समूचे सुलह विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के आगरा में आयोजित राष्ट्र स्तरीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मेडल झटके थे। स्कूल में आयोजित समारोह में आदर्श के माता-पिता को भी स्कूल बुलाया गया था। इस दौरान सभी अध्यापकों ने आदर्श को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रवक्ता संजय शर्मा, विद्यालय के अधीक्षक ग्रेड-2 शैलेंद्र मोहन जेटली, पीटीआई यशपाल राणा तथा लतिका बाघला आदि उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विजेताओं को बांटे लक्की ड्रॉ के इनाम

# दिव्यांगों को वितरित किए कृत्रिम अंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



धर्मशाला में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर दिव्यांगों को कृत्रिम अंग वितरित करते उपायुक्त हेमराज बैरवा।

**नूरपुर के किशोरी को मिला एलईडी टीवी**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा की ओर से जिले के सभी उपमंडलों में विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा की ओर से राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला में रक्तदान शिविर, नि:शुल्क दंत व चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी हेमराज बैरवा की ओर से किया गया। शिविर में 50 रक्तदानियों ने अपना स्वैच्छिक रक्तदान किया, 46 व्यक्तियों ने अपना नि:शुल्क दंत चिकित्सा जांच करवाई और लगभग 150 व्यक्तियों की नि:शुल्क चिकित्सा जांच की गई। वहीं, नि:शुल्क रक्तचाप व मधुमेह जांच की सुविधा भी प्रदान की गई। इस शिविर में रक्तदानियों को सोसायटी की ओर से रक्तदाता प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। वहीं, मीना आर्टिफिशियल लिंब सेंटर धर्मशाला के सहयोग से चार दिव्यांगजनों कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। रेडक्रॉस लक्की ड्रॉ इनाम के रूप में किशोरी लाल गांव वरियाड़ा, तहसील नुरपुर को तृतीय पुरस्कार के रूप में एक एलईडी टीवी, रमन कुमार गांव बाई अटारियां, तहसील इंदौरा को पांचवें पुरस्कार के रूप में एक वाशिंग मशीन और कल्पना कुमारी गांव डुगियारी, डाकघर गगल को छठे पुरस्कार के रूप में एक मोबाइल फोन प्रदान किया गया।

### 150 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**जिला** रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा की ओर से जिले के सभी उपमंडलों में विभिन्न उपमंडल अधिकारियों के माध्यम से रक्तदान शिविरों लगाए गए, जिसमें 150 रक्तदानियों ने अपना स्वैच्छिक रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सभी सरकारी/निजी स्कूलों में भी विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएड कालेज धर्मशाला के प्रधानाचार्य, सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ओपी शर्मा, धर्मशाला, रेडक्रॉस के कर्मचारी, रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य व बीएड कॉलेज, धर्मशाला के सभी अध्यापक वर्ग एवं छात्र उपस्थित रहे।

## एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में दिया मानवता का संदेश




एंजल पब्लिक स्कूल भवारना में विश्व रेडक्रॉस दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**एंजल** पब्लिक स्कूल भवारना में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट को श्रद्धांजलि दी गई और उनके मानवीय कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

विद्यालय के छात्रों की ओर से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें रेडक्रॉस की भूमिका और आपदा के समय दी जाने वाली सहायता को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। नाटक के माध्यम से छात्रों ने आम लोगों को मानवता, सेवा और निस्वार्थ सहायता के महत्व के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य समीर अमिताभ सूद ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस दिवस हमें बिना किसी भेदभाव के सेवा और सहयोग का संदेश देता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समुदाय को मानव सेवा के प्रति प्रेरित करना और रेडक्रॉस के कार्यों की जानकारी देना था।

## इंद्रुनाग मंदिर नगरी मेले में नहीं कटेगी पर्ची

**अनंत ज्ञान, नगरी।** फ्रेंड्स क्लब नगरी के युवाओं ने वीरवार को बैठक की, जिसमें फैसला लिया कि इंद्रुनाग मंदिर नगरी के मेले में किसी भी दुकानदार से कोई पर्ची नहीं काटी जाएगी। क्लब के प्रधान नरेंद्र भट्ट ने बताया कि 14 मई को होने वाले इस महादंगल में केवल हिमाचली पहलवानों की ही कुश्ती करवाई जाएगी।

पहलवानों को पंजीकरण के लिए आधार कार्ड साथ में लाना होगा। 12 मई को पहली सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण हिमाचली गाड़ी नाटी किंग इशांत भारद्वाज रहेंगे। वहीं लोकल कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में महिला मंडलों की प्रस्तुतियां और स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी और इस संध्या का मुख्य आकर्षण मशहूर पंजाबी गायक हरभजन शेरा अपने पंजाबी और हिंदी गानों से लोगों को नचाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कल से अपने विस क्षेत्र के प्रवास पर शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 10 व 11 मई को जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी यहां पर सरकार के एक प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि रोहित ठाकुर 10 मई को दोपहर 1 बजे सलना (कुड्डु) में राज कुमार मेमोरियल सलना कबड्डी प्रीमियर लीग के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और जनता की समस्याओं को सुनेंगे। शिक्षा मंत्री 11 को दोपहर 1 बजे मलोग (नंदपुर) में युवा खेल क्लब मलोग (नंदपुर) द्वारा आयोजित स्वर्गीय राय सिंह रांटा मेमोरियल पंचायत स्तरीय वॉलीबाल टूर्नामेंट, मलोग के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### जरूरतमंद परिवार को दी आर्थिक मदद

**दशमी रावत, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू ने अपनी सामाजिक सेवा की प्रतिबद्धता को निभाते हुए एक अत्यंत जरूरतमंद परिवार की आर्थिक मदद की है। परिवार के मुखिया अधरंग के मरीज है, बेटी दिव्यांग है और अब बेटे की तबीयत खराब होने पर उसे शिमला और वहां से पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रेफर किया गया। बेटे की किडनी में गंभीर संक्रमण पाया गया है। जिसके इलाज के लिए समिति द्वारा 5 हजार रुपए की मदद की। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि जनसेवा के कार्य लगातार जारी रहेंगे। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष हरविंदर वालिया, प्रेस सचिव रविंदर शर्मा, बिट्टू सुमन, राजेश एवं प्रीतम मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### रामपुर में 25 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर वीरवार को रामपुर के चौधरी अड्डे पर रेडक्रॉस सोसाइटी एवं रक्तदान सेवा परिवार समिति के संयुक्त प्रयास से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ एसडीएम निशांत तोमर द्वारा किया गया। रक्तदान सेवा परिवार के मुख्य सलाहकार ज्योति लाल सानी ने बताया कि इस शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस आयोजन में महात्मा गांधी चिकित्सा सेवाएं परिसर के डॉक्टर हिमानी, एमएलटी दिनेश, स्टाफ नर्स संदीपना एवं विजय कांग ने रक्त एकत्रीकरण में सहयोग किया। सानी ने बताया कि इस दौरान रक्तदान सेवा परिवार समिति के अध्यक्ष नीतीश भारती, संदीप शर्मा, जतिन, अनिल मोक्ता, प्रताप व सुख जीवन ने भी अपनी सेवाएं दी। इस आयोजन में स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### राम वनवास की गाथा सुनकर भावुक हुए लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा संजौली, शिमला में चल रही राम कथा के प्रारंभ में दीपेश डोगरा और हरीश शर्मा ने परिवार सहित पूजन किया। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास मानस मर्मज्ञा साध्वी सौम्या भारती ने 'दो वरदान' प्रसंग के माध्यम से बताया कि किस प्रकार राम को सबसे अधिक स्नेह करने वाली कैकेयी मंथरा के विचारों में फंस कर महाराज दशरथ के लिए वन व भरत के लिए राज्य की मांग करती है। इस दौरान राम वनवास की गाथा सुनकर लोग भावुक हुए। वहीं स्वामी धीरानन्द ने ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के लिए भारतीय सेना की सराहना की और जवानों के उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की।

### इनकम टैक्स रिटर्न पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वतीनगर में सात दिवसीय समन्वित संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 14 मई तक चलेगा। यह कार्यक्रम प्रो. गोवर्धन चौहान की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम की ऑर्गेनाइजिंग सचिव डॉ. मोनिका रैना ने कालेज प्राचार्य व मुख्यातिथि डॉ. पीपी चौहान का स्वागत किया। डॉ. नागेंद्र दत्त ने मंगलाचरण से पहले दिन का शुभारंभ किया। प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. संदीप ठाकुर सहायक प्रवक्ता वाणिज्य विभाग ने इनकम टैक्स और इनकम टैक्स रिटर्न पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिविर में अपने विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस सत्र के दूसरे वक्ता डॉ. राजेंद्र कपूर रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर लोक प्रशासन ने आरटीआई पर ऑनलाइन माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम का संचालन प्रो. दीक्षा चौहान वाणिज्य विभाग ने किया। वहीं डॉ. सुमित्रा चौहान ने इस पूरे सत्र की अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

# एकता प्रदर्शनी में दिखेंगे स्थानीय उत्पाद

## कपड़ा मंत्रालय और प्रदेश सरकार संयुक्त रूप से 19 से 26 मई तक करेगी प्रदर्शनी का आयोजन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**कपड़ा** मंत्रालय और हिमाचल प्रदेश सरकार के संयुक्त रूप से शिमला में 19 से 26 मई तक एकता प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। एकता (एक्सबिशन कम नोलज शेयरिंग फॉर टेक्सटाईल एडवॉटेज) प्रदर्शनी में प्रदेशभर से स्वयं सहायता समूह अपने स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने राष्ट्रीय जूट बोर्ड कोलकॉता के पटसन आयुक्त मलय चंदन चकवर्ती के साथ बैठक की। ये प्रदर्शनी शिमला के गेयटी थियेटर, मॉल रोड, पदम देव कॉम्प्लेक्स, रिज पर लगाई जाएगी।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि शिमला में खुशाला क्लस्टर फैडरेशन जूट के क्षेत्र में पिछले लंबे समय से कार्य कर रही है। उन्हें भी इस प्रदर्शनी में मुफ्त स्टाल लगाने की अनुमति दी जाएगी। राष्ट्रीय जूट बोर्ड के माध्यम से खुशाला क्लस्टर फेडरेशन के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि शिमला में जूट के अत्याधुनिक उत्पादों को तैयार करके बेच सके।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस तरह की प्रदर्शनियां प्रेरणादायक साबित होती है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के साथ साथ स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन भी 19 से 21 मई को गेयटी थियेटर में किया जाएगा। इसमें सुबह 11 बजे से लेकर साढ़े पांच बजे तक हर रोज विभिन्न विषयों पर जानकारी एंव प्रशिक्षण दिया जाएगा। राष्ट्रीय जूट बोर्ड कोलकॉता के पटसन आयुक्त मलय चंदन चकवर्ती ने जानकारी देते हुए बताया कि एकता मंच का उद्देश्य ऊन, जूट व रेशम शिल्प में हिमाचल की उभरती ताकत को प्रदर्शित करके, स्थायी आजीविका को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही स्थानीय कारीगरों को राष्ट्रीय व वैश्विक वस्त्र मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करके इन प्रयासों को बढ़ाना है। (अनंत ज्ञान)



उपायुक्त राष्ट्रीय जूट बोर्ड कोलकाता के पटसन आयुक्त के साथ बैठक करते हुए।

### पर्यावरण के अनुकूल वस्त्रों के भी लगेंगे स्टॉल

**इस** बीच, जूट, हालांकि पारंपरिक रूप से पूर्वी भारत से जुड़ा हुआ है। लेकिन हिमाचल में पर्यावरण के अनुकूल वस्त्र और भू-वस्त्र नवाचारों के लिए तेजी से अपनाया जा रहा है, जो विविधीकरण और ग्रामीण रोजगार की गुंजाइश प्रदान करता है। इस दौरान राष्ट्रीय जूट बोर्ड के किशन सिंह और सचिव शशि भूषण विशेष तौर पर मौजूद रहे।

### ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ा रहा ईको सिस्टम

**पीएम** मित्र, समर्थ, रेशम समग्र और राष्ट्रीय जूट और हस्तशिल्प विकास कार्यक्रमों जैसी प्रमुख पहलों के माध्यम से भारत सरकार फाइबर आधारित ग्रामीण उद्यमिता के लिए ईको सिस्टम को बढ़ा रहा है। इसके अलावा जिला के अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। भारतीय कपड़ा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था, विरासत और आजीविका का आधार है।

### प्रदर्शनी में लगेंगे ऊन, जूट व रेशम से बने कपड़े

**हिमालय** में बसा हिमाचल प्रदेश में समृद्ध कपड़ा परंपराओं के भंडार है, जिसमें ऊन, जूट और रेशम प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये प्राकृतिक रेशे न केवल सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और आर्थिक रूप से सशक्त भी हैं। ऊन, हिमाचली विरासत का अभिन्न अंग है, जिसे प्रतिष्ठित कुल्लू, किन्नौरी और चंबा शॉल सहित कई अन्य उत्पाद संस्कृति का अहम हिस्सा है।

### कबड्डी व सेपक टकरा खेल के परीक्षण ट्रायल कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** खेलो इंडिया गेम्स-2025 के लिए प्रदेश की कबड्डी महिला-पुरुष और सेपक टकरा की महिला टीमों के लिए परीक्षण ट्रायल का आयोजन 10 मई को लुहणू स्टेडियम, बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए युवा सेवा एवं खेल विभाग के प्रवक्ता ने यहां बताया कि 19 से 24 मई 2025 को केंद्रशासित प्रदेश दादरा नगर, हवेली तथा दमन व दीयू में खेलो इंडिया बीच गेम्स-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश की कबड्डी महिला व पुरुष तथा सेपकटाकरा की महिला टीमों के लिए परीक्षण ट्रॉयल 10 मई को प्रात: 10 बजे से लुहणू स्टेडियम, बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस ट्रॉयल में शामिल होने के इच्छुक खिलाड़ी हिमाचली प्रमाण-पत्र तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो सहित भाग ले सकते हैं। ट्रॉयल के लिए खिलाड़ियों का पंजीकरण प्रात: 9 बजे से आरंभ होगा।

# डिपो धारकों को निगम के गोदामों में बिना तोले दिया जा रहा राशन: अशोक कवि

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

**नेरवा** स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में वीरवार को कुपवी नेरवा व चौपाल ब्लॉक के निजी डिपो धारकों व सहकारी सभाओं के विक्रेताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने की।

बैठक में डिपो संचालकों को आ रही समस्याओं पर विचार किया गया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में डिपो धारकों को निगम के गोदामों से राशन तोल कर नहीं दिया जा रहा है और न ही खाली बोरियों के बदले अतिरिक्त अनाज दिया जा रहा है, हालांकि सरकार ने खाद्य आपूर्ति निगम को स्पष्ट आदेश ज़ारी किए हैं कि निगम के गोदाम इंचार्ज डिपो धारकों को राशन तोल कर देंगे और बकायदा वेइंग मेमो भी देंगे। बावजूद इसके निगम द्वारा न तो डिपो धारकों को राशन तोल कर दिया जा रहा है और न ही कोई मेमो दिए जा रहे हैं। अशोक कवि ने सहकारी सभाओं की प्रबंधन समितियों पर सभाओं के विक्रेताओं का जमकर शोषण करने का भी आरोप लगाया।

### नेरवा में डिपो संचालकों की समस्याओं पर मंथन

कवि ने कहा कि हालांकि नियमानुसार निगम के गोदामों से राशन लाने पर पूरी अदायगी सहकारी सभाओं को करनी चाहिए और राशन रखने के लिए भी दुकान की व्यवस्था सहकारी सभा को करनी पड़ेगी व सहकारी सभाएं नियमानुसार अपने विक्रेताओं को मासिक वेतन देगी। बावजूद इसके सहकारी सभाएं अपने विक्रेताओं को निगम के गोदामों से अपना पैसा लगाकर कर राशन लाने के लिए बाध्य कर रही हैं और राशन रखने के लिए भी विक्रेताओं को दुकान की व्यवस्था खुद अपने पैसे से कर रहे हैं। अशोक कवि इस मामले में सहकारिता विभाग से हस्तक्षेप करने की मांग की है अन्यथा डिपो संचालक समिति माननीय उच्च न्यायालय में जाने पर मजबूर होगी। बैठक में नेरवा, चौपाल और कुपवी तहसील के छह दर्जन से अधिक डिपो संचालक मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



नेरवा में निजी डिपो धारकों व सहकारी सभाओं के विक्रेताओं की बैठक हुई।

# बिना किसी लाभ के सदैव ही सराहनीय कार्य करते हैं रेडक्रॉस के स्वयंसेवक: सीएम सुक्खू



विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बच्चे और रेडक्रॉस के स्वयंसेवक भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**विश्व** रेडक्रॉस दिवस-2025 के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बच्चों और रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को रेडक्रॉस के स्टिकर भेंट किए। मुख्यमंत्री ने रेडक्रॉस कोष में योगदान दिया और लोगों से भी इस कोष में उदारतापूर्वक अंशदान का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेडक्रॉस स्वयंसेवक मानवीय कल्याण के लिए बिना किसी लाभ के सदैव ही सराहनीय कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन विश्व भर के रेडक्रॉस स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों को स्मरण करने एवं उनकी सेवाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। यह स्वयंसेवक आपदा के समय जन सेवा के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़े रहते हैं। आपदा प्रभावितों को समय पर राहत सामग्री उपलब्ध करवाने और मुश्किल समय में उम्मीद की नई किरण भी प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, नगर निगम शिमला के पार्षदगण और हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# राजेश धर्माणी ने किया नलवाड़ मेला मोरसिंघी का शुभारंभ

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने मेला कमेटी को दिए 50 हजार रुपए, लिंक रोड और पुलिया निर्माण के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**हिमाचल** प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने वीरवार को मोरसिंघी में नलवाड़ मेले का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेलों का आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने स्थानीय जनता से इस सांस्कृतिक विरासत को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। धर्माणी ने मेला कमेटी को 50 हजार रुपए की धनराशि देने की घोषणा की।

उन्होंने बल्ह से सुलहान लिंक रोड के सुधार तथा पुलिया निर्माण के लिए शीघ्र प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए और आश्वासन दिया कि कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए आवश्यक धनराशि प्रदान की जाएगी। वहीं, धर्माणी ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध बागवानी विशेषज्ञ हरीमन शर्मा, एचपीएमसी के अध्यक्ष सतपाल, पंचायत मोरसिंघी के प्रधान अमर सिंह, उपप्रधान अनिल चौहान आदि उपस्थित रहे।



मोरसिंघी में बैलों को रोटी खिलाकर नलवाड़ मेले का शुभारंभ करते तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी।

### कमजोर वर्गों को कम दरों पर मिलेंगी दवाइयां

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने 'जय सहकार' के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए दी व्यास एग्रीकल्चर मल्टीपरपज सहकारी समिति लिमिटेड घुमारवीं की ओर से संचालित सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयों की सहकारी दुकान का शुभारंभ सिविल अस्पताल घुमारवीं परिसर में किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को बाजार मूल्य से काफी कम दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध करवाना है। यह सहकारी दुकान दवाओं पर 15 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान करेगी, जिससे नागरिकों को न केवल आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में सहकारिता की भागीदारी को भी बल मिलेगा। धर्माणी ने कहा कि यह पहल सरकार की समावेशी विकास नीति के अनुरूप एक सामाजिक सरोकार का प्रतीक है। द व्यास समिति की ओर से निकट भविष्य में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिन्हित भूमि पर एक स्थायी बिक्री केंद्र की स्थापना की जाएगी, जहां स्थानीय कृषि उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। इससे न केवल किसानों को उचित बाजार मिलेगा, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा।

# ऑपरेशन सिंदूर ने देश को गौरव और सम्मान की अनुभूति करवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

तकनीकी शिक्षा एवं व्यावसायिक-औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पूरे देश को गौरव और सम्मान की अनुभूति कराई है। यह अभियान भारतीय सेना के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। हम सभी को अपनी सेना की वीरता और प्रतिबद्धता पर गर्व है। भारतीय सेना ने जिस रणनीति, शौर्य और संयम के साथ यह सफल अभियान चलाया, उसने न केवल देशवासियों का मनोबल ऊंचा किया, बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि भारत आतंकवाद और आतंकी गतिविधियों के खिलाफ किसी भी स्तर तक जा सकता है। धर्माणी ने कहा कि सुक्खू सरकार, केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और आतंकवाद के समूल नाश के लिए हरसंभव समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे अभियानों से हर नागरिक का मनोबल और विश्वास बढ़ता है। हिमाचल के लोग भी इस राष्ट्रीय गौरव के क्षण में एकजुट हैं और अपनी सेना के साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं।




### भारतीय सेना ने लिखी एक और स्वर्ण गाथा: संदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि पहलगाम पर निहत्थे पर्यटकों पर हमले की जवाबी कार्रवाई कर भारतीय सेना ने एक और स्वर्ण गाथा लिखी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की गरिमा का सवाल था और इसके लिए भारतीय सेना बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि 1965 की लड़ाई रही हो या 1971-72 या 1999 का कारगिल युद्ध भारतीय सेना का शौर्य को पूरे विश्व में माना है। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्राइक का कांग्रेस ने स्वागत किया है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है और हमारे पड़ोसी राष्ट्र को अपनी हरकतों की कीमत चुकानी पड़ रही है।

# हरियाणा के तीन युवकों से 1 किलो 488 ग्राम चरस पकड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बिलासपुर** पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने बुधवार देर रात किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर गरामौडा टोल टैक्स बैरियर के पास नाके के दौरान हरियाणा के तीन युवकों से 1 किलो 488 ग्राम चरस पकड़ी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने टीम ने किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर गरामौडा टोल टैक्स बैरियर के पास नाका लगाया हुआ था। इस दौरान बिलासपुर से किरतपुर की तरफ आ रही कार (एचपी34एफ 2074) को चेकिंग के लिए रोका और तलाशी लेने पर कार से 1 किलो 488 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान सुमित (24) पुत्र प्रेम चंद, अजय (28) पुत्र महावीर और प्रवेश कुमार (28) पुत्र रामनिवास निवासी करनाल, हरियाणा के रूप में हुई है। डीएसपी हेडक्वार्टर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

### घुमारवीं में ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट से लगी आग

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत तहत आने वाले वार्ड नंबर-2 के निवासी इन दिनों गंभीर बिजली संकट से जूझ रहे हैं। मीट मार्केट के पास लगाए गए ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। वीरवार को एक बार फिर से दोपहर ट्रांसफार्मर में एक बार फिर से जोर का धमाका हुआ और आग लग गई। अग्निशमन और विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया गया। इस कारण शहर के आधे हिस्से में कई घंटे बिजली गुल रही। अधिशाषी अभियंता कर्ण चंदेल ने बताया कि जल्द बिजली बहाल कर दी जाएगी।

### एम्स बिलासपुर में मास कैजुअल्टी ड्रिल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर ने मास कैजुअल्टी ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों या बड़े पैमाने पर आपदाओं के समय संस्थान की तैयारियों और प्रतिक्रिया तंत्र की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना था। ड्रिल का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) क विशेषज्ञ डॉ. नेल्सन और डॉ. हेराल्ड की निगरानी में किया गया, जिसमें एम्स बिलासपुर की टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# पुनर्सीमांकन अव्यवस्थित ढंग से किया, उत्पन्न होंगी समस्याएं

## पुनर्सीमांकन अधिसूचना पर भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल ने जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

जिला प्रशासन की ओर से जारी जिला परिषद वार्डों के पुनर्सीमांकन की अधिसूचना पर भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल ने कड़ी आपत्ति जताई है।

भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं मंडल अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि प्रशासन की ओर से यह पुनर्सीमांकन विधानसभावार न कर अव्यवस्थित ढंग से किया है, जिससे भविष्य में कई प्रकार की प्रशासनिक और जनप्रतिनिधित्व से जुड़ी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

देशराज शर्मा ने बताया कि ननावां वार्ड में सदर और घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों को मिलाकर एक ही वार्ड में शामिल कर दिया गया है। यह स्थिति न केवल क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित करती है, बल्कि जनता और प्रतिनिधियों के बीच भ्रम की स्थिति भी उत्पन्न करती है। उन्होंने बताया कि इस वार्ड में पंचायत हवाण, कुहमझवाड़, सरयूनखास, ननावां, मल्यावर, रोहिण, बल्हचुराणी, पंचायतें सदर विधानसभा क्षेत्र के तहत आती हैं, जबकि औहर, अमरपुर, पनोल, बकरोआ, अवारी-खलीण, फटोह, पनोह, तल्याणा घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में आती हैं।

### किसान मोर्चा ने उठाई मांग, कहा- पुन: विधानसभावार किया जाए सीमांकन

**भाजपा** किसान मोर्चा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अधिसूचना को निरस्त कर पुन: विधानसभावार सीमांकन किया जाए, ताकि पारदर्शिता और क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित हो सके। देशराज ने कहा कि जिले में जिला परिषद के वार्डों के परिसीमन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिसे 31 मई तक पूरा करने का लक्ष्य प्रशासन की ओर से निर्धारित किया गया है। डीसी राहुल कुमार ने जिला परिषद बिलासपुर के 14 वार्डों के सीमांकन कर प्रारूप की अधिसूचना जारी की है, जिसमें इस प्रारूप अधिसूचना पर आपत्ति को 13 मई तक प्रस्तुत करने की समय सीमा निर्धारित की है।

### पंचायत व्यवस्था के मूल ढांचे पर चोट : ऋतिक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** बिलासपुर जिले में जिला परिषद वार्डों के हाल ही में प्रकाशित प्रस्तावित परिसीमन नक्शे ने व्यापक जन असंतोष को जन्म दे दिया है। इस मुद्दे पर मुखर होते हुए राज्य स्तरीय सामाजिक कार्यकर्ता, जनस्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं अखिल भारतीय चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ऋतिक शर्मा ने इसे पंचायत व्यवस्था के मूल ढांचे पर चोट करार दिया है। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज लोकतंत्र की जड़ों में वह आत्मा है, जो गांव से लेकर देश की संसद तक को ताकत देती है। यदि जिला परिषदों के परिसीमन को इस प्रकार से राजनीतिक स्वार्थों की बलि पर चढ़ाया, तो यह न केवल संविधान की भावना का अपमान है, बल्कि यह ग्रामीण विकास की रीढ़ तोड़ने के समान है। कई क्षेत्रों की जनसंख्या का असंतुलन, पहाड़ी भौगोलिक संरचना की अनदेखी और प्राकृतिक सीमाओं की अवहेलना ने परिसीमन की न्यायिकता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। प्रशासन से मांग की कि इस प्रस्ताव को रद्द किया जाए।

**अलर्ट** आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए झंडूता अग्निशमन विभाग तैयार

# झंडूता में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

### जवानों को 24 घंटे सतर्क रहने के दिए आदेश

**गोपाल कपिल, झंडूता**

गर्मियों के मौसम में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए झंडूता अग्निशमन विभाग ने कड़ी तैयारियां की हैं। विभाग का लक्ष्य है कि आगजनी की घटनाओं को न्यूनतम किया जाए और नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो। विभाग ने आगजनी की बढ़ती आशंकाओं को देखते हुए अपने 23 प्रशिक्षित जवानों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

गर्मी के मौसम में त्वरित कार्रवाई के लिए सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में देरी न हो। उपअग्निशमन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि विभाग के पास दो आधुनिक अग्निशमन वाहन हैं, जो किसी भी परिस्थिति में प्रभावी ढंग से आग पर काबू पाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि हमारी टीम न केवल आग बुझाने के लिए तैयार है, बल्कि हमारा फोकस ऐसी घटनाओं को होने से रोकने पर भी है। (अनंत ज्ञान)



### लोगों ने की विभाग की सराहना

**स्थानीय** समुदाय ने विभाग के इस प्रयास की सराहना की है। पंचायत के एक सदस्य बलदेव सिंह ने कहा कि विभाग का जागरूकता अभियान हमारे गांवों के लिए बहुत फायदेमंद है। लोग अब आग से बचाव के प्रति ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। अग्निशमन विभाग का मानना है कि जागरूकता और त्वरित कार्रवाई के संयोजन से गर्मियों में आगजनी की घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। झंडूता अग्निशमन विभाग की यह पहल न केवल आपात स्थिति में राहत प्रदान करेगी, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाने में भी मदद करेगी।

### आग लगने पर टोल-फ्री नंबर 101 पर करें संपर्क

**विभाग** ने जागरूकता को अपना प्रमुख हथियार बनाया है। शहरी और ग्रामीण इलाकों में व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किए गए हैं, जिनमें लोगों को आगजनी से बचाव के तरीके सिखाए जा रहे हैं। इनमें घरों में बिजली के उपकरणों का सुरक्षित उपयोग, ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित रखने के तरीके और छोटी आग को नियंत्रित करने की तकनीकें शामिल हैं। राजेश कुमार ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी आगजनी की स्थिति में तुरंत 01978-272001 या टोल-फ्री नंबर 101 पर संपर्क करें।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑपरेशन सिंदूर सेना का साहसिक कदम : इंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के द्वारा चलाया गया एक बहुत ही साहसिक कदम है। यह भारत की निर्णायक और राष्ट्रहित नीति का प्रमाण है। इंद्र सिंह गांधी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा नीति में बहुत ही निर्णायक बदलाव हुआ है। जहां पहले आतंकी हमले होने के सिर्फ बयान आते थे, अब जवाब भी आ रहा है, वह भी दुश्मन की भाषा में। हमले की साजिश करने वालों को अब उनकी सोच से भी बड़ी सजा मिल रही है। इस ऑपरेशन के माध्यम से सेना ने न केवल पाकिस्तान के अंदर चल रहे आतंकी कैंपों को तबाह किया है, बल्कि पहलगाम हमले के दोषियों को उनके ही अड्डों में सजा देकर देश के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है।

### राज्य स्तरीय कौशल स्पर्धा का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंदरनगर में राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता ड्रेस मेकिंग एवं कॉस्मेटोलॉजी ट्रेडों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें ड्रेस मेकिंग ट्रेड से 5 और कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड से 5 प्रतिभागी शामिल थे। कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई पालमपुर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। ड्रेस मेकिंग ट्रेड का मूल्यांकन अनीता भारद्वाज (ग्रुप इंस्ट्रक्टर, आईटीआई कुजाबहल) और रक्षा देवी (इंस्ट्रक्टर, आईटीआई थलौट) ने किया, जबकि कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड का मूल्यांकन सविता देवी (ग्रुप इंस्ट्रक्टर, आईटीआई पधशालनी) और भारद्वाज (इंस्ट्रक्टर, आईटीआई पालमपुर) द्वारा किया गया। ड्रेस मेकिंग ट्रेड में प्रथम स्थान हीना कुमारी (आईटीआई चंबा महिला) ने प्राप्त किया। वहीं, कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड में प्रथम स्थान कोमल कुमारी (आईटीआई शमशी, कुल्लू) को मिला। इस अवसर पर संस्थान की प्रधानाचार्य एवं आयोजन सचिव इंजीनियर नवीन कुमारी ने सभी प्रतिभागियों को भविष्य की क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

### प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन की गुहार

**भीम बसेड़ु, महादेव।** व्यापारी कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन को लेकर महादेव व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल प्रधान प्रकाश चंद गुप्ता की अध्यक्षता में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से सचिवालय शिमला में मिला तथा साल 2006 में गठित हुआ हिमाचल प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के पुनर्गठन के लिए ज्ञापन के माध्यम से आवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत करवाया कि बोर्ड के पुनर्गठन हेतु बार-बार पिछली सभी सरकारों से लिखित रूप में निवेदन किया जाता रहा है लेकिन कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक रूख अपनाते हुए आश्वासन दिया तथा कमिश्नर एक्साइज टैक्सेशन जो कि बोर्ड के मेंबर सेक्रेटरी होते हैं को आदेश दिए कि इस बार कार्यवाही अमल में लाई जाए। (अनंत ज्ञान)

### छात्रों को नेतृत्व की महत्ता से करवाया अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** तक्षशिला इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को रोटरी क्लब छोटी काशी मंडी के सौजन्य से एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया, जिसका विषय था जिम्मेदार समाज के निर्माण में युवाओं की शक्ति। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के छात्रों को सामाजिक उत्तरदायित्व, सेवा भावना और नेतृत्व की महत्ता से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रोटरी क्लब की प्रधान डॉ. अनुपमा सिंह रहीं, जिन्होंने अपने ओजस्वी और प्रभावशाली शब्दों से विद्यार्थियों को यह समझाया कि आज का युवा केवल भविष्य का नहीं, बल्कि वर्तमान का निर्माता भी है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे केवल अच्छे छात्र ही नहीं, अच्छे नागरिक और समाज के सजग प्रहरी भी बनें।

### पीएम को समर्थन ज्ञापन भेजने का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारत की सीमाओं की रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई में भारतीय सेना द्वारा 6 मई की रात को चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चंबा प्रेस क्लब ने एक ऐतिहासिक राष्ट्रवादी कदम उठाते हुए 7 मई को आयोजित मासिक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक आधिकारिक समर्थन ज्ञापन भेजने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। इस मासिक बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार ने की, जिसमें यह निर्णय लिया गया।

# पंचायतों को नवनिर्मित करियां वार्ड में किया जाए सम्मिलित



जिप अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से भेंट करते हुआ।

**आरके सहगल, चंबा**

**जिला** परिषद चंबा की अध्यक्षा डॉ. नीलम कुमारी के नेतृत्व में वीरवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात की। बैठक का उद्देश्य हाल ही में 6 मई को जारी की गई जिला परिषद वार्डों के परिसीमन संबंधी अधिसूचना के विरोध में क्षेत्रीय असंतोष को प्रमुखता से उठाना था।

प्रतिनिधिमंडल में त्रिलोक सिंह (बीडीसी सदस्य, डुलहर वार्ड, ब्लॉक चंबा तथा जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति सेल अध्यक्ष), जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार, कई ग्राम प्रधानों, और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। ज्ञापन में बताया गया कि बक्तपुर वार्ड की पंचायतें जटकारी और कोलका, जो जिला मुख्यालय के निकट स्थित हैं, उन्हें सुनारा वार्ड में सम्मिलित किया गया है, जो भौगोलिक व प्रशासनिक दृष्टि से अनुचित है।

प्रतिनिधियों ने मांग की कि इन पंचायतों को नवनिर्मित करियां वार्ड में सम्मिलित किया जाए, ताकि लोगों को प्रतिनिधित्व में न्याय मिल सके। मंगला, कुपाहड़ा, बक्तपुर, राठियार, बसोधन, भड़ियां, टपुण आदि पंचायतों की संयुक्त जनसंख्या लगभग 14,000 है, जबकि दूसरी दिशा की पंचायतें—जैसे सराहन, करियां, लुड्डू, अठ्लुई, कीड़ी, गुवाड़ की जनसंख्या भी लगभग समान है। लेकिन नदी के कारण इन क्षेत्रों के बीच संपर्क कठिन है, जिससे एक क्षेत्र विशेष को लाभ और अन्य को हानि हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

# नशे में धुत्त ड्राइवर ने लगाया जाम

## हिमगिरि-कंधवारा रोड पर एक घंटे तक लगा लंबा जाम, वाहन चालक परेशान

**हाशू शेख, चंबा**

**जिला** चंबा की हिमगिरि-कंधवारा रोड पर एक नशे में धुत्त चालक ने करीब एक घंटे तक रास्ता जाम कर रखा, जिससे स्थानीय वाहन चालक और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो कमांडर टैक्सी नंबर (एचपी 01सी 1515) का चालक अशरफ, शराब के नशे में बेकाबू था। जब अन्य वाहन चालकों ने उसे साइड देने के लिए कहा तो वह गाली-गलौच और बहसबाजी पर उतर आया। नशे की हालत में उसने न सिर्फ सड़क को बाधित किया, बल्कि ट्रैफिक को भी ठप कर दिया। दर्जनों वाहन एक लाइन में फंसे रहे और राहगीरों को भी काफी असुविधा हुई।

स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब चालक ने किसी की भी बात मानने से इनकार कर दिया। कई स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि इस तरह का गैरजिम्मेदाराना व्यवहार कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इस घटना पर आरटीओ रामपाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर मैं मौके पर होता, तो



हिमगिरि-कंधवारा रोड पर नशे में धुत्त चालक की वजह से लगा जाम।

**आरटीओ बोले- मौके पर होता तो गाड़ी जब्त कर पुलिस को सौंप देता**

ऐसे नशे में गाड़ी चलाने वाले चालक की गाड़ी जब्त कर उसे पुलिस के हवाले कर देता और कड़ा चालान भी किया जाता। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं और ऐसे चालकों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। (अनंत ज्ञान)

# विधायक ने नई पीढ़ी से सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक डॉ. जनक राज ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया माध्यम से नयाग्राम पंचायत के घड़ौ गांव स्थित एक प्राचीन ऐतिहासिक भवन की तस्वीर साझा की, जिसे कभी 'राजा की कचहरी' के रूप में जाना जाता था। इस तस्वीर के साथ उन्होंने चंबा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को इसके महत्व से जोड़ने का आह्वान भी किया। यह ऐतिहासिक भवन स्थानीय भूकंप-रोधी तकनीक से निर्मित है और इसमें शानदार लकड़ी की नक्काशी देखी जा सकती है, जो इसे स्थापत्य कला का जीवंत उदाहरण बनाता है। बिना किसी आधुनिक रख-रखाव के भी यह भवन वर्षों से मजबूती से खड़ा है, जो इसकी निर्माण कला और उस समय के कारीगरों की दक्षता को दर्शाता है।

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, इस भवन में पुराने समय में 'चाड' (राजस्व अधिकारी) और 'लखनारा' (लेखपाल) बैठते थे। यही वह स्थान था जहां राजा के दौरे के समय स्थानीय मुद्दों व विवादों को सुलझाने के लिए कचहरी लगती थी।

**'राजा की कचहरी' को बताया संस्कृति का गौरव**

डॉ. जनक राज ने इस तस्वीर को साझा करते हुए कहा कि चंबा का इतिहास केवल संग्रहालयों और किताबों में नहीं, बल्कि इन जीवित विरासतों में बसता है। यह हमारी जड़ों से जुड़ने का माध्यम है और इन्हें संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ऐसे स्थलों को धरोहर पर्यटन और स्थानीय इतिहास शिक्षा का केंद्र बनाया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने गौरवशाली अतीत को न केवल जान सकें, बल्कि उसका सम्मान भी कर सकें।

# चंबा रेडक्रॉस ने दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर एनएचपीसी चमेरा-III परियोजना परिसर में एक विशेष सहायता कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समाज सेवा की उत्कृष्ट मिसाल पेश की गई। कार्यक्रम में एसी टू डीसी व सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइटी चंबा, पृथ्वी पाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस आयोजन में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान 60 से 100 प्रतिशत तक दिव्यांगता से प्रभावित 3 जरूरतमंदों को व्हीलचेयर तथा 3 व्यक्तियों को श्रवण यंत्र मौके पर ही प्रदान किए गए।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रद्धालुओं को दें बेहतर सुविधा

## उपायुक्त रेपसवाल की अध्यक्षता में हुई ट्रस्ट बैठक में लिया फैसला

**आरके सहगल, चंबा**

**चंबा** के ऐतिहासिक और आस्था के प्रतीक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं मंदिर परिसर की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में मंदिर ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित और श्रद्धा से युक्त वातावरण प्रदान किया जाए।

उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि मंदिर में होने वाले भंडारों में केवल पारंपरिक व पर्यावरण अनुकूल 'पत्तलों' का ही उपयोग हो और आयोजकों को साफ-



लक्ष्मी नारायण मंदिर ट्रस्ट बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त मुकेश रेपसवाल।

सफाई के नियमों का कड़ाई से पालन करना होगा।

बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई, जिनमें मंदिर परिसर के शौचालयों की मरम्मत और नियमित रखरखाव, सोलर वाटर पैनल सिस्टम की शीघ्र मरम्मत, मंदिर की दुकानों और चतुर्भुज धर्मशाला के किराए की पुनः समीक्षा, मंदिर के समीप पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना और मंदिर ट्रस्ट की आय में वृद्धि के लिए संभावनाओं पर विचार शामिल हैं। इस अवसर पर तहसीलदार दीक्षित राणा, अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार (लोक निर्माण विभाग), जिला भाषा अधिकारी तुकेश कुमार, और पुरातत्व विभाग के प्रतिनिधि अमित सरोच सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# बस में सवार यात्री चरस के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** जिला चंबा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने तुनुहट्टी बैरियर पर एचआरटीसी बस नंबर (एचपी-73-8890) की जांच के दौरान रोका। पुलिस ने बस में बैठे यात्रियों का निरीक्षण किया। तो बस में सवार एक युवक सोने का नाटक करने लगा। उसकी इस संदिग्ध हरकतों को देखते हुए पुलिस ने उसकी तलाशी ली। इस दौरान यात्री से 132 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान विनोद कुमार (37) पुत्र प्रेमचंद निवासी मकान नंबर 484 पंचकला मुकेरियन जिला होशियारपुर पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना चुवाड़ी में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की पुष्टि डीएसपी योगराज चंदेल ने की है। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। डीएसपी योगराज चंदेल ने लोगों से आग्रह किया है कि कहीं पर भी नशे के खिलाफ ऐसे लोग कार्रवाई करते हुए देखें तो पुलिस को सूचना दें। लोगों के सहयोग के बिना नशे के व्यापारियों को पकड़ना बहुत मुश्किल है। इसलिए पुलिस की इस मामले में सहायता करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नौरा**
विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

पंचायत बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विकासात्मक कार्यों के लिए विभिन्न प्रकार की सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर, टूटा हुआ पत्थर, विभिन्न प्रकार की टाइल रास्तों, सड़क, शमशान घाट इत्यादि की निविदाओं की आवश्यकता है। निविदाएं दिनांक 21.05.25 तक कार्यालय ग्राम पंचायत नौरा में किसी भी कार्यदिवस समय अविध तक पहुंच जानी चाहिए ताकि इन्हें पंचायत बैठक में पास कर सप्लाई ऑर्डर संबंधित फर्म/निविदादाता को दिया जा सके। निविदादाता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य है।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत नौरा**
**विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव,**
**तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

# विधायक अपनी निधि से कुछ हिस्सा अस्पताल की मशीनों व संसाधनों के लिए कर सकते थे खर्च : जीवन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**कांग्रेस** के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने एक पत्रकारवार्ता में क्षेत्रीय विधायक पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी है और विधायक यदि चाहते तो हर साल मिलने वाली दो करोड़ रुपए की विधायक निधि में से कुछ हिस्सा अस्पताल की मशीनों और संसाधनों के लिए खर्च कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

जीवन ठाकुर ने कहा कि अब जनता को भ्रमित करने के लिए धरना प्रदर्शन की बातें की जा रही हैं, जबकि वर्षों से लंबित पड़े कामों पर पहले कोई ध्यान नहीं



**कहा- जनता को भ्रमित कर प्रदर्शन की कर रहे बातें**

**चूल्हा प्रोजेक्ट का श्रेय लेने का लगाया आरोप**

दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से चुल्हा प्रोजेक्ट का जिक्र करते हुए कहा कि जब यह योजना कई सालों से अधर में लटकी हुई थी, तब विधायक ने कभी इसे लेकर आवाज नहीं उठाई। लेकिन अब जब सुक्खू सरकार ने 150 करोड़ रुपये स्वीकृत कर इस परियोजना को शुरू कर दिया है, तो विधायक इसका श्रेय लेने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विधायक लोकतांत्रिक विरोध की आवाज को दबाना चाहते हैं और जन प्रतिनिधियों पर झूठे मुकदमे दर्ज करवाने की कोशिश कर रहे हैं। जीवन ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे समय में पूरी मजबूती से जनता के साथ खड़ी है और हर मुद्दे पर जनहित में आवाज उठाती रहेगी।

# संदिग्ध व्यक्ति की दस्तक से सनसनी पुलिस कर रही जांच

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के बनवार गांव में देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात व्यक्ति को गांव में घूमते हुए देखा। लोगों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस चौकी बस्सी को दी। सूचना मिलते ही बस्सी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में उसने अपना नाम आसीफ, पिता का नाम मसीता और निवास स्थान रत्नापुरी, रामपुर (उत्तरप्रदेश) बताया। पुलिस ने उसे उसके सामान समेत बस्सी चौकी लाया, जहां उससे गहन पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने जानकारी दी कि मामले को लेकर सोशल मीडिया पर कई प्रकार की अफवाहें फैलाई जा रही हैं, व्यक्ति को बांग्लादेशी नागरिक बताया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब तक की जांच में ऐसी कोई पुष्टि नहीं हुई है। व्यक्ति की सही पहचान और पते की पुष्टि के लिए उत्तरप्रदेश पुलिस से भी संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। यदि पुष्टि के बाद उसका पता सही पाया जाता है, तो उसे उसके परिजनों को सौंपने की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की तह तक जाने में जुटी हुई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सगूर**
विकाख खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

**सर्व** साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सगूर द्वारा प्रस्ताव संख्या 04 दिनांक 07-05-2025 को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने का प्रस्ताव पास किया गया है, जिसमें निम्न निर्माण सामग्री ली जाएगी। जिस वेंडर के रेट कम होंगे, उसको सप्लाई आर्डर दिया जाएगा और 25000 रुपए की एफडीआर ग्राम पंचायत सगूर के नाम प्लज होगी। अगर वेंडर घटिया सामग्री देगा या सप्लाई आर्डर देने में एक सप्ताह तक सामग्री नहीं देगा तो उसकी कुटेशन को रद्द करके नई कुटेशन काल कर ली जाएगी और वेंडर से सामग्री लेते समय HP MINERAL RULES 2015 अनुसार XY प्रस्तुत करने उपरांत ही ठेकेदार/वेंडर को भुगतान किया जाएगा। कुटेशन दिनांक 15-05-2025 तक 5:00 बजे तक ली जाएगी। 1. रेता क्रशर दर प्रति फुट, 2. क्रशर 20-40 प्रति फुट, 3. क्रशर गटका 63-90 प्रति फुट, 4. बोल्डर पत्थर (फाड़ा) प्रति फुट, 5. बोल्डर सोलिंग प्रति फुट, 6. ईंट अव्वल प्रति ईंट, 7. ईंट दोम प्रति ईंट। सेटरिंग फट्टा प्रति स्क्वेयर फुट। सेटरिंग प्लेट प्रति फुट। जीप भाड़ा सीमेंट पंचरुखी से सगूर निर्माण कार्य तक व सीमेंट लेबर उतराई/चढ़ाई। निर्माण कार्य डिस्प्ले बोर्ड 2x3 दर प्रति बोर्ड।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सगूर**
**विकाख खंड पंचरुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत वारी**
विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

आज की बैठक में पंचायत द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया कि वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए निम्न सामग्री हेतू कुटेशनें आमंत्रित की जाएं।
सामग्री का विवरण:- 1. रेता क्रैशर-प्रति cft2. क्रैशर-प्रति cft, 3. रेता खड्ड-प्रति cft, 4. बजरी खड्ड-प्रति cft, 5. बोल्डर पत्थर-प्रति cft, 6. शटरिंग-प्रति वर्ग फुट, 7. जेसीबी रेट-प्रति घंटा, 8. मिक्सर रेट- प्रति घंटा/प्रति दिन **शर्तें:-** 1. आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी नं. होना अनिवार्य होगा। 2. आपूर्तिकर्ता से सामग्री की एम-फार्म लेने अनिवार्य होंगे। 3. यदि आपूर्तिकर्ता समय पर सप्लाई नहीं करता है या विभिन्न सामग्री की गुणवत्ता सही न होने की परिस्थिति में निविदा रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास रहेगा। 4. किन्ही परिस्थितियों के दो या दो से अधिक फर्मों की दरें सामन होने पर अन्तिम फैसला पंचायत का होगा। 5. निविदाएं 19/05/2025 को सुबह 11 बजे तक बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत में पहुंच जानी चाहिए। जिन्हें उसी दिन 11:30 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में कमेटी के समक्ष खोला जाएगा। जिसमें आवेदन कर्ता या उसकी तरफ से अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत वारी**
**विकास खण्ड सुलह स्थित भेडू महादेव, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**सूडोकु नवताल- 7425** (★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7424 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

शुक्रवार, 9 मई 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत बैशाख, **तिथि** द्वादशी (02:59): **नक्षत्र** हस्त (00:09), **पक्षः** शुक्ल, **योग** : वज्र (02:56) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (10:36-12:17)।

**विशेष दिन**
09 मई 2025: प्रदोष व्रत आज।
09 मई 2025: परशुराम द्वादशी आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।

**वृषभः** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुनः** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**कर्क**: किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें।

**सिंहः** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कन्याः** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**तुलाः** लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिकः** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**धनुः** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे व कार्य सिद्ध होंगे।

**मकरः** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**कुंभः** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन का लाभ भी हो सकता है।

**मीनः** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। होश में रहकर कार्य करें।

**अनंत Classifieds**

**बेदखली सूचना**

**मैं कमल कुमार** सपुत्र कृष्ण लाल गांव कुडेरा, डाकखाना घटासनी, सब तहसील ककीरा, जिला चंबा हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी हूँ मैं ब्यान करता हूं कि मेरा लड़का राकेश कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है इसलिए मैं उसे अपनी तमाम चल व अचल संपति से बेदखल करता हूँ आज के बाद मेरा और मेरे परिवार का उससे किसी भी प्रकार का संबंध नहीं है उससे संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**NAME CHANGE**

I **Ram Dei** wife of late Sh. Hira Lal R/O Village Phagwana PO Chakurtha Tehsil Banjar District Kullu Himachal Pradesh.My Name is entered as ANNA DEI in my aadhar card which is wrong.That I want to correct my Name as RAM DEI in my Adhar Card. kindly note it

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिल्ली , विकास खण्ड सदर मंडी, जिला मंडी (हि. प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत टिल्ली कैहन्वाल विकास खंड सदर जिला मंडी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु वर्ष 2025-2026 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुशार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ दिनांक 24/05/2025 को अपराहन 3 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ इसी दिनांक को अपराहन 3 बजे के बाद ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। **सामग्री का विवरण** :-1. रेत (खड्ड/ नदी) -प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रेशर) -प्रति घन मीटर, 3. बजरी (खड्ड /नदी) 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम- प्रति घन मीटर, 4. बजरी (क्रेशर) 10एमएम, 20एमएम, 40एमएम- प्रति घन मीटर, 5. पत्थर/कटस्टोन-प्रति घन मीटर, 6.बोल्डर/सोलिंग -प्रति घन मीटर, 7. ईंट (2nd class)-प्रति नंबर, 8. सैटरिंग व भवन सैटरिंग -प्रति स्क्वेयर फुट, 9.R.C.C पाइप व कॉलर 300एमएम, 450एमएम, 600एमएम, 900एमएम,-प्रति नंबर, 10. जेओसी बी0 हेतु -प्रतिघंटा, 11. Land T मशीन हेतु -प्रतिघंटा, 12. मिक्सचर मशीन हेतु -प्रतिघंटा, 13. सीमेंट किराया [illegible]

**प्रधान /सचिव , ग्राम पंचायत टिल्ली विकास खण्ड सदर मंडी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिध्याणी, विकास खण्ड बल्ह, जिला मंडी (हि. प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

यह कि अध्यक्ष महोदय के द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वित् वर्ष 2025-26 के लिए सामग्री की निविदाएं आमंत्रित किया जाना अति आवश्यक है। ताकि ग्राम पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चल सके। सामग्री का विवरण इस प्रकार से है। 1. रेत (खड्ड/नदी की)-प्रति घन मीटर, 2. रेत (क्रशर की)-प्रति घन मीटर, 3. बजरी 20,40 एमएम (खड्ड/नदी)-प्रति घन मीटर, 4. बजरी 20,40 एमएम (क्रशर)-प्रति घन मीटर, 5. सोलिंग/बोल्डिंग पत्थर-प्रति घन मीटर, 6. पत्थर (कट स्टोन)-प्रति पत्थर, 7. पकी इंटे (मिटटी के भटे की)- प्रति ईंट, 8. मशीन द्वारा कटान (cutting through L&T) -प्रति घंटा, 9. मशीन द्वारा कटान (Cutting through JCB Machine) -प्रति घंटा, 10. सामग्री ढुलान ट्रेक्टर/जीप/अन्य वाहन द्वारा (प्रति कि.मी.)- प्रति घन मीटर एंड प्रति क्विंटल, 11. सामग्री ढुलान घोड़े द्वारा 1 कि.मी.-प्रति क्विंटल, 12. शटरिंग टाइप 1 (Slab/roof)- प्रति वर्ग फुट, 13. शटरिंग टाइप 2 (Road/path) - प्रति रनिंग मीटर, 14. सीमेंट ढुलाई HPCSE डिपो से ग्राम पंचायत के स्टोर/कार्यस्थल तक (with लोडिंग एंड अनलोडिंग) -प्रति बैग, 15. RCC PIPE DIFFERENT DAYA - प्रति मीटर/प्रति पाईप, 16. दीवार टाईल और फ्लोर टाईल- प्रति बॉक्स, 17. पेंट सामग्री (सभी प्रकार की) - प्रति लीटर, 18. साईन बोर्ड (2×2), (3×3) With all Material - 19. PVC PIPE DIFFERENT DIYA - प्रति मीटर / [illegible] 22. टोर सरिया ISI मार्क - प्रति क्विंटल। **नियम व शर्तें**:- 1) निविदाकर्ता प्लेन पेपर (A4 size) में ही अपना आवेदन यथावत उपरलिखित सामग्री विवरण अनुसार ही भरकर दें। निविदादाता को अपने आवेदन के साथ vehicle RC. No, GST/CST.No(active), PAN Card, aadhar card की छाया प्रति लगाना अनिवार्य है। 2) ठेकेदार आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे, M-Form उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री स्वीकार्य अदायगी नहीं की जाएगी। [illegible]

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सिध्याणी, विकास खण्ड बल्ह, जिला मंडी (हि. प्र.)**

**भारत** एक अच्छा उत्पादक है और इस देश में कोई अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। -**सरदार वल्लभ भाई पटेल**

## संपादकीय

# नैतिक और सामरिक मजबूती

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत ने जिस तरीके से एयरस्ट्राइक की उससे पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान ने भारत के पंद्रह शहरों को निशाना बनाना चाहा, लेकिन भारत ने एस400 डिफेंस सिस्टम से सभी हमलों को नाकाम कर दिया। दूसरी ओर, बलूच लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए ने पाकिस्तानी सेना की गाड़ी पर अटैक कर दिया। इस ब्लास्ट में 12 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। यानी कुल मिलाकर पाकिस्तान इस समय दो मोर्चों से जूझ रहा है। एक तरफ उसे भारत के साथ सीधे युद्ध का डर सता रहा है तो वहीं उसकी अंदरुनी हालत ठीक नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि पाकिस्तान दो-दो मोर्चों पर कैसे निपटेगा? हालात ऐसे बन गए हैं कि दोनों देश युद्ध के मुहाने पर आए आए हैं। ऐसे में भारत को बहुत ही सोच-समझकर एक ऐसी कारगर नीति अपनानी होगी जो न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करे, बल्कि पाकिस्तान को उसकी हरकतों का मुंहतोड़ जवाब भी दे और साथ ही क्षेत्रीय व वैश्विक शांति को भी ध्यान में रखे। भारत को आक्रामक बचाव की रणनीति को अपनाना चाहिए, जिसमें पाकिस्तान की किसी भी हरकत का जवाब मजबूती और सटीकता से दिया जाए, लेकिन बिना अनावश्यक युद्ध में उलझे। एयरस्ट्राइक और मिसाइल इंटरसेप्ट कर पाने की भारत की क्षमता पहले ही सिद्ध हो चुकी है। भारत को अपनी सीमाओं पर सतर्कता बढ़ाते हुए, सीमित दायरे में सर्जिकल ऑपरेशन, टारगेटेड स्ट्राइक और खुफिया ऑपरेशन जारी रखने चाहिए। पाकिस्तान एक ओर आतंकवाद का शिकार होने का दावा करता है और दूसरी ओर आतंकवादियों को खुद ही समर्थन भी देता है।

भारत को संयुक्त राष्ट्र, जी20, ब्रिक्स, ओआईसी और अन्य मंचों पर पाकिस्तान की गतिविधियों को उजागर करते हुए, उसे अलग-थलग करने का प्रयास करना चाहिए। यदि भारत यह दिखाने में सफल होता है कि वह आतंक के खिलाफ निर्णायक है और पाकिस्तान उसे बढ़ावा देता है, तो विश्व समुदाय भारत के साथ खड़ा होगा। भारत को पाकिस्तान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने के लिए रणनीतिक कदम उठाने चाहिए। भारत पहले ही पाकिस्तान को मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस ले चुका है। अब भारत को पाकिस्तान से व्यापारिक संबंधों को और सीमित करना चाहिए। अफगानिस्तान और मध्य एशिया से व्यापार में पाकिस्तान को दरकिनार कर नए गलियारे बनाने चाहिए। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स जैसी संस्थाओं में पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट करने के प्रयास तेज करने चाहिए। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, जो पहले से ही डांवाडोल है। 21वीं सदी का युद्ध केवल सीमा पर नहीं, बल्कि साइबर और सूचना के क्षेत्र में भी होता है। भारत को पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा का जवाब देने के लिए साइबर डिफेंस और सोशल मीडिया काउंटर स्ट्रेटजी विकसित करनी होगी। फर्जी खबरों, अफवाहों और मनोवैज्ञानिक युद्ध को निष्प्रभावी करने के लिए भारत को अपनी जानकारी साझा करने वाली इकाइयों को सशक्त करना चाहिए। जब बाहरी खतरे बढ़ते हैं, तब देश के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करना भी अनिवार्य हो जाता है।

भारत को मेट्रो शहरों, रक्षा प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट्स आदि पर सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र को और मजबूत करना होगा। आईबी, रॉ और एनआईए जैसी एजेंसियों के बीच समन्वय और तेजी से कार्रवाई की क्षमता जरूरी है। साथ ही, आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान समय पर हो सके। ऐसे संकट भरे समय में भारत को आंतरिक रूप से एकजुट रहना चाहिए। राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर एकमत होकर सरकार का साथ देना चाहिए। भारत की लोकतांत्रिक मजबूती ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। जब पूरा देश एकजुट होकर सरकार की नीति के साथ खड़ा रहेगा, तो निश्चत रूप से पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश जाएगा कि भारत को तोड़ना असंभव है।

पाकिस्तान जब खुद को असहाय महसूस करता है, तब वह परमाणु हथियारों की धमकी देता है। भारत को इस पर भावनात्मक नहीं, बल्कि रणनीतिक तरीके से प्रतिक्रिया देनी चाहिए। भारत की नो फर्स्ट न्यूज नीति उसकी परिपक्वता को दर्शाती है, लेकिन भारत को यह स्पष्ट करना चाहिए कि किसी भी परमाणु हमले का जवाब निर्णायक और विनाशकारी होगा। इससे पाकिस्तान को यह समझने में देर नहीं लगेगी कि परमाणु युद्ध में उसका अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। भारत को अपनी छवि एक शांतिप्रिय राष्ट्र के रूप में बनाए रखनी चाहिए, लेकिन इसे कमजोरी नहीं बनने देना चाहिए। भारत को यह दिखाना होगा कि वह युद्ध नहीं चाहता, लेकिन यदि युद्ध थोपा गया तो वह पीछे नहीं हटेगा। निश्चत रूप से यह दोहरी नीति भारत को नैतिक और सामरिक दोनों रूप से मजबूती देगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी एवं सुधारक

**गोपाल** कृष्ण गोखले अपने समय के अद्वितीय संसदविद और राष्ट्रसेवी थे। यह एक स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी, विचारक एवं सुधारक भी थे। 1857 ई. के स्वतंत्रता संग्राम के नौ वर्ष बाद गोखले का जन्म हुआ था। यह वह समय था, जब स्वतंत्रता संग्राम असफल अवश्य हो गया था, किंतु भारत के अधिकांश देशवासियों के हृदय में स्वतंत्रता की आग धधकने लगी थी। गोखले का जन्म महाराष्ट्र में कोल्हापुर नामक ग्राम में हुआ था। इनके पिता कृष्णराव श्रीधर गोखले एक गरीब किंतु स्वाभिमानी ब्राह्मण थे। पिता के असामयिक निधन ने गोपाल कृष्ण को बचपन से ही सहिष्णु और कर्मठ बना दिया था। स्नातक की डिग्री प्राप्त कर गोखले गोविंद रानाडे द्वारा स्थापित 'देक्कन एजुकेशन सोसायटी' के सदस्य बने। बाद में ये महाराष्ट्र के 'सुकरात' कहे जाने वाले गोविंद रानाडे के शिष्य बन गए। शिक्षा पूरी करने पर गोपालकृष्ण कुछ दिन 'न्यू इंग्लिश हाई स्कूल' में अध्यापक रहे। गोखले मधुमेह, दमा जैसी कई गंभीर बीमारियों से परेशान रहने लगे और अंततः 19 फरवरी, 1915 ई. को मुंबई, महाराष्ट्र में उनका निधन हो गया। गोखले ने भारत के लिए 'काउंसिल ऑफ द सेक्रेटरी ऑफ स्टेट' और 'नाइटहुड' की उपाधि में पद ग्रहण करने से इंकार कर दिया था। ■



गोपाल कृष्ण गोखले
जन्म : 9 मई, 1866
मृत्यु :19 फरवरी, 1915



कविता

## ममता

*प्रवीण राणा आलमपुरी, कांगड़ा*

*मां तेरी ममता का कैसे गुणगान करूं*
*तेरे एहसानों का मैं कैसे मां बखान करूं।।*
*तेरे आंचल में रहकर ही जीना सिखा।*
*उर में तेरे परम ज्योति का रूप दिखा।।*
*आन पड़ी कयामत मुझ पर, वीरांगना का अवतार लिया।*
*अभेध सुरक्षा कवच बनकर, मुश्किलों का सहार किया।।*
*मेरी बुलंदियों के पीछे तेरा अदृश्य हाथ है,*
*रसातल से शिखर तक तेरी दुआओं का साथ है।।*
*मुझे आज भी चंदा मामा की कहानी याद है।*
*लोरी सुना-सुना कर कैसे सुलाती थी मुझे।*
*तेरे आंचल में बिताया वो हर पल मुझे याद है।।*
*तेरी गोद में बैठकर, जन्नत नजर आती थी मां,*
*कर देता था बिस्तर गीला, नींद के आगोश में।*
*तुम मुझे उठा कर, सूखे बिस्तर पर,सुलाती थी मां।।*
*बड़ा हो गया तो क्या हुआ, आज भी तेरे समक्ष नादान हूं,*
*तेरी करुणा व उपकारों का, उम्रभर के लिए तलबगार हूं।*
*तेरी गोद में सोने को जी करता है मां ।*
*तेरी उंगलियों को चाटने का, मन करता है मां।*
*लौटकर आ जाओ, तेरा प्रवीण, तेरी विरह में तड़पता है मां।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पहलगाम का सही जवाब, मिट्टी में मिला दिया आतंकवाद

हम बचपन से यह कहावत सुनते आ रहे हैं आज भी यही कहा जाता है। धैर्य, समय, साहस और दृढ़ निश्चय से कामयाबी मिलती है, हर कठिन राह का रास्ता बहुत सुंदर मिलता है। उतावलेपन से गलती होती है, रास्ते गलत हो जाते हैं। भारतीय सेना का धैर्य साहस रणनीति कामयाब हो रही है और आतंकिस्तान का आका मिट्टी में जमींदोज हो गया है। देश में बुधवार सुबह जैसे एक नई हवा चली हर तरफ जय हिंद ही सुनाई पड़ा। देश की 140 करोड़ जनता सभी धर्म जाति के लोग लयबद्ध होकर बोल रहे हैं।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

जय हिंद, हम होंगे कामयाब मन में है पूरा विश्वास। यही जनता का अपनी सेना पर विश्वास भरोसा है। जो भारत को झुकने नहीं देता क्या युवा क्या बुजुर्ग महिलाएं हर तरफ चेहरे पर खुशी देखने को मिली विशेषतौर पर जब दो महिला जांबाज सैनिकों ने इस हवाई हमले का नेतृत्व किया तो हर महिला के साथ हर पुरुष हर युवा को हर उस लड़की को गर्व हो रहा है कि लड़कियां भी युद्ध में कामयाब हैं। शेरनी हैं। कल पूरा देश एक जाति एक धर्म देश धर्म में नजर आया। सभी देशवासियों के लिए सच में कल का दिन वास्तव में बहुत ही गर्व का दिन खुशी का दिन पर्व का पल था। बात गली चौराहों चाय की दुकानों पर बस बदला लिया हर बूंद खून का बेटी के सिंदूर का मां के आंचल का बेटे के बाप का। बस यही बात हर मुंह से निकली। जय भारत जय जवान जय हिंद दिनभर सुना गया। भारतीय फौज युद्ध करती है तैयारी करती है। पहलगाम हमले के बाद जनता का सरकार व सेना पर दबाव तो बहुत था, हर तरह से आवाज थी सेना उचित जवाब दे सरकार निर्णय ले देश का हर नागरिक तैयार है हर तरह से। सरकार को पहलगाम का बदला लेने के लिए कई मोर्चे पर लड़ना था एक विश्व स्तर पर कूटनीति से फिर विश्व के भरोसे मंद साथियों की सहमति भी जरूरी होती है। सिंधू नदी जल समझौता को रद्द किया। फिर



पाकिस्तान के यूट्यूब और कई तरह के प्रतिबंध जैसे अटारी वाघा बार्डर से व्यापार यह भी पहलगाम के बदले की प्रारंभिक अवस्था थी, पर भारत की जनता में आक्रोश इतना बढ़ता गया कि हर जुबान से बस एक शब्द बदला ले सरकार सेना हमारी सक्षम है सरकार निर्णय ले और हुआ भी वही जो देश की जनता चाहती थी। आतंकियों के ठिकानों को तहस नहस कर दिया सौ को शव बनाकर मिट्टी में मिला दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया और न ही जनता शहर या अन्य सैन्य प्रतिष्ठान भारतीय सेना के रडार पर थे। बस रडार पर आतंकिस्तान का वह महल था जहां आतंकी पनाह ले रहे थे। प्रशिक्षण लेकर भारत में दहशगर्दी करने आते थे। सेना का मकसद साफ था। बस आतंकी संगठन के ठिकानों को ध्वस्त करना उनको मिटाना था, जो सफल रहा और बहुत संयमित तरीके से किया गया दुनिया को संदेश दिया गया कि भारत शांति चाहता है।

शांति में विश्वास करता शांति की बात को भारत की कमजोरी न समझे। भारत अपने ऊपर होने वाले हर जुल्म का जवाब देना जानता है। यह दुनिया कई बार देख चुकी है कि भारत की सेना के साथ भारत की जनता खड़ी होती, फिर कैसे नहीं जीत होगी। भारत जो कुछ किया वह जरूरी था। भारत नहीं चाहता है कि इस हमले को तूल दिया जाए। पाकिस्तान को अब शांति से रहना चाहिए पर वह कुछ न कुछ जरूर करेगा देश को सावधान तो रहना ही होगा आगे संघर्ष कैसा होगा, यह सब पाकिस्तान की कार्रवाई पर निर्भर करता है।

जब से भारत पाकिस्तान का बंटवारा हुआ है तभी से पाकिस्तान की फितरत है कि वह किसी न किसी तरह से भारत से बदला लेने में लगा रहता है, पर आज तक वह हर युद्ध में मार खाता आ रहा है पर गिरगिट की तरह रंग बदला या समझौता करता है फिर फितरत में लग जाता है। वह विश्व के देशों से धन विकास के नाम पर लेकर आतंकियों के विकास में लगा देता है और भारत से आतंकियों की मदद से लड़ता है। भारत पाकिस्तान दोनों के पास परमाणु क्षमता है, पर भारत विकास के रास्ते पर चलकर विश्व स्तर पर अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत करने लगा है, जिससे कुछ लोगों को दर्द है तभी वह पाकिस्तान को बहका देते हैं और वह उनके बहकावे में आकर भारत में आतंकी गतिविधियों को शुरू कर देता है। वह अपने देश में भुखमरी गरीबी से नहीं लड़कर भारत से लड़ता रहता है। भारत से लड़ने लिए हथियार और धन लेता है, पर सब बेकार।

भारत तो यह समझ गया है कि पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी लड़ाके एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आतंकवाद से मुक्ति के लिए पूरे समाज और देश को एक साथ खड़ा होना ही होगा और हर व्यक्ति को एकजुट होकर काम करना होगा और एकजुटता से ही आतंकवादी गतिविधियों को हमेशा के लिए समाप्त कर सकते हैं। आज सब एक साथ हैं। जय हिंद, जय जवान बोले।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सड़कों पर लावारिस पशुओं का कब्जा हटाए कौन?

हिमाचल में सरकारी व गैर सरकारी 225 गो सदन चल रहे हैं। इसके अतिरिक्त 13 अभ्यारणयों को भी चलाया जा रहा हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार इन गो सदनों पर 2020 से 2023 तक 27 करोड़ तथा वर्ष 2024 में 13 करोड़ खर्च हुआ। इन गो सदनों में बेसहारा पशुओं की संख्या लगभग 20000 है। इनके पालन पोषण पर प्रति माह 700 रुपए प्रत्येक पशु दिए जाते हैं। सरकार ने यह खर्च निकालने के लिए आय के लिए शराब प्रति बोतल रुपए 1.50 सेस लगाया जो वर्तमान में 2.50 है। इसके अतिरिक्त मंदिरों की आय से भी गो सदनों के लिए पैसा प्राप्त किया जाता है।



लेखकः योगिंद्र पाल वालिया
डडौर ,बल्ह (मंडी)

1 फरवरी 2019 को हिमाचल प्रदेश गो सेवा आयोग का गठन भी हुआ है। इस तरह की व्यवस्था के बावजूद आज भी पशुधन सड़कों पर कब्जा किए नजर आता है। दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इन पशुओं से कई लोग घायल भी हो चुके हैं। पशु स्वयं भी दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। लोग पशुओं को लावारिस छोड़ देते हैं। जो उनके लिए उपयोगी नहीं रह जाते। गउओं को पूजने वालों ने अपनी संवेदनशीलता को त्याग दिया है, जिस कारण पशुधन को सड़कों पर छोड़ दिया जाता है। सड़कों पर गाय कम और बैल अधिक होते हैं। बताया जाता है कि गो सदन वाले भी इन पशुओं को संभालने में आनाकानी करते हैं जबकि सरकार सभी गो सदनों को पैसा भी उपलब्ध करवाती है।

गो सदन वाले ही असंवेदनशील हो जाए तो शेष क्या है? सरकार नियम बनाती है, सहयोग दे रही है, परंतु इसके बावजूद सरकार इन पशुओं को सड़कों से हटाने में असमर्थ है। टैगिंग व जुर्माने की व्यवस्था भी गई है, परंतु समस्या वैसी ही



दिखती है। अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, ट्रैफिक पुलिस भी सड़कों से गुजरते हैं, परंतु किसी का ध्यान आवारा पशुओं की तरफ क्यों नहीं जाता?

गो सदन वाले कहते हैं कि पैसे की कमी रहती है। लोगों से सहयोग कम मिलता है। पशुओं की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार प्रत्येक गो सदन को शेड आदि के लिए पैसा उपलब्ध करवाए तो समस्या का हल निकल सकता है।

सरकार द्वारा दिए जा रहे रुपए 700 अपर्याप्त है, इसमें बढ़ोतरी की जरूरत है। गो सदन संचालक गउओं को सदन में रख लेते हैं, परंतु बैलों को रखने में रुचि नहीं दिखाते। बैलों के लिए भी उचित व्यवस्था की जरूरत है। आम लोगों में चर्चा है कि पशुओं को सड़कों से हटाने में सरकार, विभाग मौन क्यों रहता है? जब कभी प्रशासन के सामने समस्या ध्यान में लाई जाती है तो प्रशासन गो सदन वालों को बुलाकर गाय बैलों को गो सदन में भिजवाते हैं परंतु कहा जाता है कि गो सदन वाले स्वयं कुछ दिनों के बाद बैलों को छोड़ देते हैं।

टैग लगे हुए गाय, बैल भी सड़कों पर दिख जाते हैं, परंतु कार्यवाही नहीं होती। लोग गउओं को पालने में महत्व देते हैं, परंतु बछड़ों व बैलों को छोड़ देते हैं। समस्या का हल गो सदन संचालकों व पशुपालन विभाग को मिल बैठकर हल निकालना चाहिए ताकि लावारिस पशु सड़क पर न दिखाई दे। लोगों को भी सहयोग देने के लिए जागरूक व संवदेनशील होने की जरूरत है।

गो सदन संचालकों को स्थानीय लोगों से अधिक से अधिक मदद लेने की व्यवस्था बनानी चाहिए। आयोग की भूमिका क्या कार्यालय व कागजों तक ही सीमित है? जब सभी चुप्पी साध लेंगे तो समस्या ज्यों की त्यों ही रहेगी। हिमाचल की सड़कों की सुंदर तस्वीर फीकी पड़ जाती है जब लावारिस पशु सड़कों पर घूमते, बैठे दिखते हैं। उपमंडल अधिकारी गो सदनों के संचालकों व पशुपालन विभाग की त्रैमासिक बैठक बुलाकर प्रत्येक जानकारी प्राप्त करें तो बेहतर परिणाम आएंगे। सरकार को गंभीरता से स्थायी हल निकालने की तरफ ध्यान देने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुआ हमला भारत-पाकिस्तान संबंधों में एक नए मोड़ का प्रतीक बन गया। इस निर्मम घटना में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई, जिन्हें केवल उनके धर्म के आधार पर मारा गया। आतंकियों ने पहले लोगों से उनका धर्म पूछा और जो लोग मुस्लिम की कलमा न पढ़ना उन्हें बेरहमी से गोली मार दी गई। यह हमला न सिर्फ एक आतंकवादी कार्रवाई थी,परंतु भारत की धर्मनिरपेक्ष अस्मिता पर किया गया सीधा हमला था। आतंकवाद अब केवल राजनीतिक या सामरिक मुद्दा नहीं रहा, बल्कि वह धार्मिक कट्टरता और मानवता के मूल्यों के पूर्ण पतन का रूप ले चुका है। इस हमले ने न केवल देश को आक्रोशित किया, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद अब इतनी गहराई तक जा चुका है कि वह निर्दोष नागरिकों की धार्मिक पहचान को निशाना बनाकर समाज में भय और नफरत फैलाना चाहता है। भारत ने इस हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर से दिया है।

**कमल कुमार,धर्मशाला**

# भारतीय मूल्यों एवं नारी सम्मान को समर्पित ऑपरेशन सिंदूर

मेरे पति को मार दिया मुझे भी गोली मार दो' 'नहीं मोदी को बोलना' पहलगाम आतंकी हमले में अपनी आंखों के सामने उजड़े सुहाग एवं स्वयं अपने हाथों से अपना सिंदूर मिटाती महिला की चीत्कार एवं आतंकी के जवाब ने प्रधानमंत्री मोदी की आत्मा को इस कदर झकझोर दिया कि मोदी ने 15 दिनों के अंदर ही पाकिस्तान में संचालित नौ आतंकी अड्डों को मिट्टी में मिलाकर भारतीय नारी के सिंदूर की कीमत का अहसास दुनिया को करवाकर यह संदेश दे ही दिया कि भारत वो देश है जहां नारी अस्मिता की रक्षा के लिए रामायण एवं महाभारत जैसे युद्ध हुए हैं।



लेखक : अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

यहां कोई रावण व दुर्योधन जिंदा नहीं बच सकता जो नारी सम्मान के साथ खिलवाड़ करता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पूरा देश बेसब्री से इंतजार कर रहा था कि कब इस हमले का प्रत्युतर दिया जाए।

भारत की सरकार एवं सैन्यबलों ने पेशेवर तरीके से जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है वो पूरे विश्व के लिए भारत की ताकत एवं आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की प्रतिबद्धता दिखाने वाली प्रतिक्रिया है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नामित ऑपरेशन सिंदूर इस बात का द्योतक है कि भारत का मंतव्य बेगुनाहों की जान लेना नहीं है अपितु एक जिम्मेदार राष्ट्र के नाते आत्मरक्षा एवं आतंक के खिलाफ मजबूत जवाबी कार्रवाई है। भारत ने सालों साल पाकिस्तान को यह अवसर दिया कि वो अपने देश से आतंक को समाप्त कर अवाम के हित में काम करे परंतु पाकिस्तान सदा आतंक को पोषित करता रहा जिसका खामियाजा उसे भुगतना ही था। प्रधानमंत्री मोदी की इस कार्रवाई ने जहां उनकी राजनीतिक




प्रतिबद्धता देश नहीं झुकने दूंगा के वादे को पुष्ट किया है।

वहीं बीते कुछ वर्षों में भारतीय रक्षा ढांचे को जिस पेशेवर तरीके से मजबूत किया गया है उसका प्रकटीकरण भी इस कार्रवाई से हुआ है। भारतीय सैन्यबलों का यह सटीक लक्षित हमला यह साबित करता है कि भारत आज सैन्य कार्रवाई में विश्व की महाशक्तियों की लाइन में खड़ा है। इस सैन्य कार्रवाई ने देश के नागरिकों के मन में भी साहस एवं गौरव का संचार किया है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने कम समय में सूझबूझ एवं कुशल कूटनीति एवं रणनीति का भी परिचय दिया है। वैश्विक समर्थन के साथ भारत ने आतंकवाद को टारगेट कर प्रभावी रणनीति के साथ सैन्य बलों को आगे बढ़ने की जिम्मेदारी देकर प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश का भी विश्वास जीतने का काम किया।

ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए विदेश सचिव विक्रम सिंह के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी एवं वायु सेना से व्योमिका सिंह की उपस्थिति यह दिखाती है कि भारत आतंकी वारदातों एवं किसी भी प्रकार के बाह्य संकट से निपटने के लिए सांप्रदायिक रूप से एकजुट है एवं इस प्रेस ब्रीफ में दो महिला अधिकारियों की उपस्थिति ये भी इंगित करती है कि यह ऑपरेशन पूर्ण रूप से नारी अस्मिता एवं नारी सशक्तिकरण को समर्पित है।

पाकिस्तान के भीतर आतंकी अड्डों को तबाह करने के ये सिलसिला अभी शुरू ही हुआ है अब गेंद पाकिस्तान के पाले में है यदि पाकिस्तान आतंक को लेकर रवैया बदलते हुए अपनी जनता के हित में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष आतंकी गतिविधियों के समूल नाश की ओर बढ़ता है तो निश्चित तौर पर यह भारतीय उपमहाद्वीप सहित समूचे विश्व में शांति स्थापित करने के दिशा में बड़ा कदम होगा, परंतु यदि पुनः पाकिस्तान कोई जवाबी सैन्य कार्रवाई करता है तो निश्चित तौर पर भारत इस बार आतंक के समूल नाश के लिए प्रभावी सैन्य कार्रवाई के साथ निर्णायक परिणाम की ओर प्रतिबद्धता के साथ बढ़ने को तैयार दिखता है। बहरहाल देखना यह है कि क्या पाकिस्तान रूपी शिशुपाल अपने अपराधों पर विराम लगाता है या फिर पूरे सौ अपराध कर अक्षम्य अपराधी के रूप में भारत के सुदर्शन चक्र की भेंट चढ़ना ही चाहता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत के साथ प्रत्यक्ष युद्ध का प्रयास न करे पाकिस्तानी फौज

पाकिस्तान पर ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर भारत की संपूर्ण सेना को कोटि-कोटि नमन और साधुवाद। भारत सरकार, सभी संबंधित प्राधिकार, भारतीय संसद में प्रतिपक्ष, भारतीय मीडिया तथा समस्त एक सौ चालीस करोड़ हिंदुस्तानी नागरिक विशेष प्रशंसा, धन्यवाद और सराहना के विशिष्ट पात्र बन गए हैं। वैसे यह तो अभी 'टीजर' ही है , शीघ्र ही ' ट्रेलर' भी दिखाया जा सकता है और अभी तो पूरी फिल्म का प्रदर्शन बिल्कुल ही बाकी है।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

भारत के धुर विरोधी और पाकिस्तान के कथित 'परममित्र' चीन की इस विषय में रहस्यमय चुप्पी यह स्पष्ट इंगित करती है कि भारत सरकार की अंतरराष्ट्रीय कूटनीति भी इस विषय में इतनी सक्षम और सफल रही है कि पृथ्वी के लगभग सभी ही महाशक्तियां और सारे देश भारत के पक्ष में ही खड़े हैं। अभी भी पर्याप्त समय और अवसर है कि शैतान, उग्रवादी पाकिस्तानी फौज, नेता, आईएसआई और अन्य सभी संबंधित लोग बाज आ जाएं और अभी या भविष्य में भी प्रत्यक्ष या छद्म युद्ध के प्रयास कभी न करें। अपनी कुर्सी और सत्ता बचाने और पाकिस्तान की साधारण जनता को अपने पक्ष में प्रभावित करने के लिए भारत के विरुद्ध कोई महामूर्खतापूर्ण सैन्य कार्रवाई करने की चेष्टा कर सकता है। इन बहुत ही गंभीर और महत्वपूर्ण समयों में सामान्य पाकिस्तानी जनता द्वारा खुले रूप से



उनके नेताओं और उच्च सैन्य अधिकारियों का बड़ा भारी और दूरगामी प्रभाव वाला अनिवार्य विरोध किया जाना चाहिए।

यह बहुत ही स्पष्ट परिदृश्य है कि अंततः पाकिस्तान के साधारण, लाचार, बेचारे करोड़ों नागरिकों को ही इस प्रकार के युद्ध की बहुत ही बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान के सभी उग्रवादी नेता, आईएसआई के अधिकारी और जनरल, कर्नल वगैरह तो रातों-रात पाकिस्तान छोड़कर अपने प्राइवेट चार्टेड विमानों से दुनिया के अन्य कई देशों में रहने-जीने के लिए भाग जाएंगे। यह बहुत दुःखद, लेकिन पूर्ण सत्य है कि करोड़ों सामान्य पाकिस्तानी लोग या तो बहुत ही भोले-भाले, अनभिज्ञ और नासमझ हैं या फिर उग्रवादी किस्म के पकिस्तानी सेना, नेताओं और 'आईएसआई' द्वारा उन्हें हमेशा ही, निरंतर ही बहुत अव्वल दर्जे का बेवकूफ बनाकर रखा जाता है। कलमा भारत में भी लाखों अच्छे मुसलमानों द्वारा पढ़ा जाता है।

कलमा का वास्तविक और साधारण अर्थ यह है कि 'उस सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा के सिवाय कोई भी पूजा के योग्य नहीं है। इसके साथ ही भारत देश में प्रतिदिन करोड़ों आस्तिक लोगों द्वारा मां बगलामुखी, सर्वशक्तिमान महामृत्युंजय, मां महाकाली, हनुमान जी, मां चामुंडा, श्रीमद्भागवद गीता, बावन भैरव, चौसठ योगनियों, दस महाविद्यायों, एकादश रुद्र, दुर्गा सप्तशती, अमोघ सदाशिव कवच , शिव तांडव स्रोत, श्री गायत्री महामंत्र सहित और भी सैकड़ों प्रकार के मंत्रजाप और पाठ प्रतिदिन अरबों-खरबों की संख्या में किए जाते हैं।

समस्त संसार के लिए यह बहुत ही सुखद अनुभूति होनी चाहिए कि सनातन संस्कृति में अधिकतम से भी अधिक अवसरों पर भारत और संपूर्ण विश्व के कल्याण और निरंतर समृद्धि के लिए ही यह सभी शुभ उपक्रम किए जाते हैं। क्यों नहीं समझ पाते यह सर्वथा नासमझ या महामूर्ख प्रकार के पाकिस्तानी लोग कि भौतिक संसार के युद्ध में तो विशेष रूप से निरंतर कठोर शारीरिक व मानसिक अभ्यास के परिणामस्वरूप ही विजय प्राप्त की जा सकती है। कई दुष्ट पाकिस्तानियों द्वारा कलमा पढ़ने तथा उनके अपने ही देश पाकिस्तान में आतंकवाद और उग्रवादियों का पालन -पोषण करके, उनको दुनियाभर में फैलाने से पाकिस्तान किसी भी प्रकार के युद्ध में विजय प्राप्ति का पात्र कैसे हो सकता है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 5 साल से बिना क्लर्क के सहारे चल रहा वेलफेयर ऑफिस बल्ह

## लोगों को काम करवाने में हो रही है परेशानी, 3 में से सिर्फ 2 कर्मी दे रहे सेवाएं

**विनोद, नेरचौक**


वेलफेयर ऑफिस बल्ह।

**वेलफेयर** ऑफिस बल्ह में पिछले 5 वर्षों से क्लर्क का पद खाली चल रहा है। लोगों और अधिकारियों को काम करवाने में परेशानी हो रही है। जानकारी के अनुसार इस कार्यालय में तीन पद सृजित हैं, जिसमें एक वेलफेयर ऑफिसर और एक पद क्लर्क और एक चतुर्थ श्रेणी का पद सृजित है, जबकि पिछले 5 वर्षों से इन तीन पदों में से सिर्फ दो ही कर्मचारी तैनात है और क्लर्क का पद खाली चला हुआ है, जिससे क्षेत्र के लोगों को अपना काम करवाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पिछले 5 वर्षों के उपरांत फरवरी में कहीं जाकर इस कार्यालय को एक लिपिक मिला, मगर उसे भी उच्च अधिकारियों द्वारा कहीं दूसरे स्थान पर डेपुटेशन के लिए भेज दिया जाता है।

जानकारी के अनुसार तीन माह में अभी तक क्लर्क बाल कार्यालय में करीब एक सप्ताह ही लगा पाया और बाकी दिन अभी तक ज्यादातर डेपुटेशन पर और स्थान पर लगाया है। लोग इस मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि यह स्थिति कार्यालय के कामकाजी माहौल को बिगाड़ रही है और जनता को मिलने वाली सेवाओं में देरी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थिति को जल्द ठीक किया जाना चाहिए, ताकि कार्यालय का काम सुचारू रूप से चल सके और लोगों को बिना किसी रुकावट के सेवाएं मिल सकें। जिला कल्याण अधिकारी समीर ने इस पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं देते हुए कहा कि विभाग के कार्यों के लिए ऐसा करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

# सशक्तिकरण की मिसाल बन रही महिलाएं: विनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जायका वानिकी परियोजना की मध्यावधि समीक्षा करने के लिए हिमाचल पहुंची जायका इंडिया की टीम वीरवार को मंडी जिला के बिहनधार पहुंची। जहां पर परियोजना के कार्यों की समीक्षा की गई। टीम के प्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र में हो रहे वानिकी परियोजना के कार्यों की सराहना की। मध्यावधि समीक्षा के मिशन मेंबर एवं जाइका इंडिया के चीफ ऑफ डेवलपमेंट ऑपरेशंस विनीत सरीन ने ग्राम वन विकास समिति और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से सीधा संवाद किया। बिहनधार में कहा कि हिमाचल में यह परियोजना 2018 में आई थी और इसकी अवधि 2028 तक है। उन्होंने कहा कि यहां की मेहनतकश महिलाओं को देख जाहिर हो रहा है कि ये सच में महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन रही हैं। विनीत सरीन ने कहा कि यह परियोजना हिमाचल प्रदेश में 460 ग्राम वन विकास समितियों और 920 स्वयं सहायता समूहों को सहायता कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आजीविका सुधार, महिला सशक्तिकरण और वन तंत्र प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हो रहे हैं। इससे पूर्व जायका इंडिया की टीम ने बिहनधार-एक में स्थापित पत्तल मेकिंग वर्कशॉप का दौरा किया।

# नबाही का बीएसएफ जवान पंचतत्व में विलीन

## राजस्थान के जैसलमेर में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से हुई थी मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**उपमंडल** सरकाघाट की पंचायत नबाही से संबंध रखने वाले बीएसएफ के जवान के ड्यूटी के समय राजस्थान के जैसलमेर में हार्ट अटैक से मौत हो गई। सैनिक की मौत की खबर सुनकर सारे क्षेत्र में शोक की लहर है, वहीं स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

ग्राम पंचायत के निवासी रामलाल आयु 48 वर्ष राजस्थान के जैसलमेर में ड्यूटी पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान गत दिन उनकी तबीयत बिगड़ी और आनन जानन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। आज जब उनका पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो हर किसी की आंखें नम हो गई। उनकी पत्नी उनका पार्थिव शरीर देखकर बेहोश हो गई।


बीएसएफ जवान की पार्थिव देह को सलामी देते हुए जवान।

### शव को देखकर पत्नी हुई बेहोश, बेटे ने दी मुखाग्नि

बीएसएस जवानों ने उनके पार्थिव शरीर को सलामी दी और बेटे दीपंकर ने उन्हें मुखाग्नि दी। मृतक रामलाल अपने पीछे वृद्ध माता पिता, पत्नी और एक बेटा और बेटी छोड़ गए हैं।

मृतक रामलाल को विधायक दलीप ठाकुर और अन्य ग्रामीणों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी समेत 43 स्वयंसेवियों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी मंडी द्वारा वीरवार को उप-मंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय बल्ह स्थित नेरचौक परिसर में जिला स्तरीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसायटी मंडी अपूर्व देवगन ने किया। रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी डुनॉंट की जयंती के उपलक्ष्य पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस शिविर में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने भी रक्तदान किया। शिविर में उपायुक्त समेत कुल 43 स्वयंसेवियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

### पधर में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, पधर।** सहायक अभियंता विद्युत पधर नितिन चंदेल ने बताया कि 33/11 केवी सब सब स्टेशन गवाली में जरूरी रखरखाव के लिए 10 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत उपमंडल पधर के अधीन आने वाले सभी गांव में बिजली बंद रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### निकाराम बने मुक्तिधाम समिति के प्रधान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मुक्तिधाम समिति चिंचरू बल्याना की बैठक वीरवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह मढ़ी में विजय ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें निकाराम बल्याना को प्रधान, सुरेश कुमार बिंगा उपप्रधान, विनय कुमार स्नेहीन महासचिव, राजेंद्र पाल दबरोट सचिव, नत्थूराम ठाकुर बिंगा सलाहकार, रोशन लाल बिंगा को कोषाध्यक्ष व परमदेव बिंगा, कैप्टन भागमलचम्बी, विपिन कुमार बिंगा, रमेश चंद बल्याना, यशपाल, विचित्र सिंह, दबरोट, कमर सिंह बल्याना व विजय ठाकुर बिंगा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि श्मशानघाट के कार्य को जल्द से जल्द शुरू किया जाए।

### दिव्यांग समिति के रोशन लाल को मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विश्व रेडक्रॉस डे के अवसर पर हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोशन लाल को उनके द्वारा दिव्यांगों के लिए किए जा रहे कार्यों को मध्यनजर रखते हुए, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सम्मानित किया है। दिव्यांग कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों ने इसके लिए उपायुक्त जिला हमीरपुर का धन्यवाद किया। प्रदेश महासचिव रमेश भारद्वाज ने सरकार से आग्रह किया को समय-समय पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से जमीनी स्तर पर इस तरह से काम कर रहे लोगों की पहचान करते रहें और इस तरह के कार्यकर्ताओं में उनका मनोबल बढ़ाने और अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए, सम्मानित करवाते रहें। प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति की अध्यक्षता में राज्यपाल को दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर मांग पत्र भी सौंपा गया।

### एफआरसी सदस्यों को बताए उनके कर्तव्य

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल तहसील क्षेत्र की 9 ग्राम पंचायतों की वन अधिकार समितियों (एफआरसी) के प्रधान व सचिवों के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम मनीष चौधरी ने की। इस दौरान एसडीएम चौधरी ने वन अधिकार अधिनियम-2006 (एफआरए) के विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए एफआरसी सदस्यों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यभर में उपमंडल स्तर पर ग्राम सभा, राजस्व व वन अधिकारियों को एफआरए के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं।

### खिलाड़ी छात्रा कनिका का स्कूल में स्वागत

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** 30 अप्रैल से 4 मई तक दिल्ली में आयोजित अंडर-19 राष्ट्र स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेकर आई रावमापा राजगढ़ की खिलाड़ी छात्रा कनिका का स्कूल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य अभिलाषा सेन सहित समस्त स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति व विद्यार्थियों ने कनिका का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। कनिका दिल्ली के त्यागराज खेल परिसर में मुक्केबाजी प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतर प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल तक पहुंची। स्कूल में स्वागत के पश्चात प्रधानाचार्य ने कनिका और कोच रोशन भारती को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने पर बधाई दी।

### पद्म अवॉर्ड के लिए 25 तक आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी मंडी दिशी वैद्य ने बताया कि मंडी जिला के खिलाड़ियों से वर्ष 2026 के पद्म अवॉर्ड के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला के खिलाड़ी अपने संबंधित खेल के क्षेत्र में विशिष्ट व असाधारण उपलब्धियों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए इसका अधिकतम 800 शब्दों में विवरण दस्तावेजों सहित प्रस्ततु कर सकते हैं। इन पुरस्कारों से संबंधित विधान या वेबसाईट https://www.padmaawards.gov.in पर उपलब्ध है। उन्होंने सभी खेल संघों, युवा मंडलों से आह्वान किया है कि वे अपने-अपने संघों अथवा खंडों के खिलाड़ियों को पद्म अवार्ड-2026 की जानकारी प्रदान कर 25 मई तक पात्र व इच्छुक युवाओं, खिलाड़ियों के नामांकन/आवेदन उनके कार्यालय को भेजें।

# धर्मपुर विस क्षेत्र की सड़कों में खतरे से खाली नहीं वाहन चलाना: रजत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भाजपा** प्रदेश के सह मीडिया प्रभारी एवं धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रजत ठाकुर ने गद्दीदार से संधोल तक की मुख्य सड़क की दयनीय स्थिति पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने देवगढ़, चोलथड़ा आदि ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते हुए सड़क की हालत खस्ता का मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह सड़क क्षेत्र की लगभग 6 से 7 पंचायतों की आबादी के लिए मुख्य संपर्क मार्ग हैं, लेकिन वर्तमान में यह सड़क कम और खड्ड ज्यादा प्रतीत हो रही है। सड़क पर इतने गहरे गड्ढे हैं कि दोपहिया वाहन तो दूर, चार पहिया वाहन चलाना भी खतरे से खाली नहीं है। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि पिछले 1-2 वर्षों में खरीदी गई गाड़ियां भी इस सड़क की वजह से खराब हो चुकी हैं, लेकिन न तो स्थानीय विधायक और न ही लोक निर्माण विभाग ने इस ओर कोई ठोस कदम उठाया है। रजत ने संबंधित विभाग और विधायक से आग्रह किया कि यदि पूरी सड़क की टारिंग करना संभव नहीं है, तो कम से कम पैच वर्क अवश्य करें। उन्होंने कहा कि कून, टोरखोला, चोलगढ़ जैसी दुर्गम पंचायतें विकास से वंचित हैं। रजत ठाकुर ने क्षेत्रवासियों को आश्वासन दिया कि भले ही वह विपक्ष में हैं, लेकिन जनता की समस्याओं को लेकर वे किसी भी स्तर पर संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो जन आंदोलन भी किया जाएगा


रजत ठाकुर।

## जोगिंद्रनगर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर भड़के माकपा नेता

# सरकार को नहीं जनता की फिक्र : भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** में स्वास्थ्य सेवाओं की गिरती हालत को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला सचिव एवं जिला परिषद सदस्य कुशाल भारद्वाज ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनता हर दिन स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्दशा झेल रही है और सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। कुशाल भारद्वाज ने सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर की हालत पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों के कुल 19 स्वीकृत पदों में से 15 पद लंबे समय से खाली हैं।

विशेषज्ञ डॉक्टरों के पदों पर नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिसमें एमडी, सर्जन, ईएनटी, स्किन, ऑर्थो, नेत्र और शिशु रोग विशेषज्ञ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल अब केवल एक 'शोपीस' बनकर रह गया है और यहां मरीजों को रेफर करना ही एकमात्र इलाज बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल की हालत पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी अच्छी नहीं थी और अब कांग्रेस सरकार के समय में स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि पिछले 18 सालों से अस्पताल में सोनोग्राफर की नियुक्ति नहीं की गई है, जबकि अल्ट्रासाउंड मशीन अस्पताल में मौजूद है।

### 20 से अधिक पद हैं खाली

**भारद्वाज** ने कहा कि डॉक्टरों के 15 पदों के अलावा स्टाफ नर्स, ओटीए, रेडियोग्राफर, एमएलटी, ईसीजी टेक्नीशियन, ड्राइवर, मिडवाइफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कुल 20 से अधिक पद भी खाली पड़े हैं। कुशाल भारद्वाज ने लडभड़ोल, चौंतड़ा और जोगिंद्रनगर की अन्य पीएचसी की बदहाल स्थिति पर भी चिंता जताई और कहा कि इन स्वास्थ्य संस्थानों की रीढ़ स्टाफ के बिना टूट चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधि सिर्फ विकास के झूठे दावे करते हैं, लेकिन शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुधारने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाते। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रिक्त पदों को नहीं भरा गया, तो वे फिर से जनांदोलन की राह पर उतरेंगे। इससे पहले भी वे आंदोलनों के जरिए डॉक्टरों की नियुक्ति करवाने में सफल रहे हैं।

# परिवहन वाहनों में लगाएं गार्बेज बिन: आरटीओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी ने जिला में सभी परिवहन संचालकों से अपने वाहनों में कचरा पात्र लगाने का आग्रह किया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी ने वीरवार को उनके कार्यालय सभागार में इस बारे परिवहन संचालकों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने जिला के सभी परिवहन वाहन संचालकों से अपने वाहनों में वाहन के आकार एवं प्रकार के मुताबिक उपयुक्त आकार के कचरा पात्र (गार्बेज बिन) लगाने की अपील की है। यह कदम स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से वाहनों में रखे कचरा पात्र को नियमित रूप से निर्धारित स्थानों जैसे होटल, बस अड्डे इत्यादि सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित बड़े कचरा पात्रों में डालने को कहा है। उन्होंने जिले के सभी वाहन चालकों से स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं इसे सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

# 164 के जांचे दांत, 8 का किया उपचार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**हिमाचल** डेंटल कॉलेज सुंदरनगर द्वारा विश्व तंबाकू निषेध माह के अवसर पर चलाएं गए विशेष अभियान के तहत वीरवार को नि:शुल्क डेंटल शिविर माइंड ट्री स्कूल और आईआईटी मंडी कैंपस में आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत 164 स्टाफ व छात्रों के दांतों की जांच की गई तथा 8 स्टाफ का मौके पर मौजूद डेंटल वैन में उपचार किया गया।


शिविर के दौरान प्रशस्ति पत्रों के साथ विद्यार्थी, स्टाफ व आयोजक डॉक्टर।

कार्यक्रम के तहत स्कूल के पांच चुनिंदा छात्र, दर्श ठाकुर, चंद्रशेखर, ऋषिता घोष, रियाना वैदया और स्वास्तिका प्रकाश मालविया को तंबाकू फ्री यूथ एंबेसडर की ट्रेनिंग दी गई। इससे यूथ एंबेसडर अपने आस पास तंबाकू का सेवन करने वाले जाने को इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेंगे तथा जरूरत होने पर नजदीकी तंबाकू निषेद सेंटर रेफर कर सके या उन्हें राष्ट्रीय तंबाकू क्विट लाइन पर इस आदत को छोड़ने के लिए सहायता ले सकेंगे। शिविर में कक्षा एक से पांचवीं के छात्रों को विशेष हेल्थ एजुकेशन भी दिया गया। इसमें उन्हें सही तरीके से ब्रश, फ्लॉस का प्रयोग व माउथवॉश के प्रयोग में जानकारी प्रदान की गई।

इस शिविर का आयोजन कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल के मार्गदर्शन में किया गया तथा इसका नेतृत्व प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह द्वारा हुआ। दंत चिकित्सकों की टीम में डॉ. साहिल ठाकर, डॉ. शिवानी, डॉ. पल्लवी, डॉ. सुमेधा जंवाल, डॉ. हीना, डॉ. अर्निमा, डॉ. अक्षिता जोशी, द्रौपदी और सेवक राम शामिल रहे तथा स्कूल प्रशासन की ओर से प्रधानाचार्य राखी ठाकुर व सुष्मिता पटनायक ने शिविर को सफल बनाने में अहम योगदान निभाया।

# हेड ब्वॉय आयुष व हेड गर्ल बनी दिव्यांशी

## पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर में मनाया शपथ समारोह

**उमेश, सुंदरनगर**

**पैराडाइज** पब्लिक स्कूल में सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थियों का अलंकरण समारोह वीरवार को आयोजित किया गया। इस आयोजन के अवसर पर मुख्यातिथि अध्यक्ष जय सिंह रहे।



पैराडाइज पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह के होनहार छात्र।

इस अवसर पर 12वीं कक्षा के आयुष को हेड ब्वॉय व 12वीं कक्षा की छात्रा दिव्यांशी को हेड गर्ल चयनित किया गया। वहीं अब्दुल कलाम हाउस का कैप्टन अर्जुन पराशर व वाइस कैप्टन अवंशिका शर्मा, आर्यभट्ट हाउस की कैप्टन भानुप्रिया व वाइस कैप्टन पूर्वी राघवा, रमन हाउस की कैप्टन स्मृति व वाइस कैप्टन आदर्श राज, विवेकानंद हाउस की कैप्टन अर्चिता व वाइस कैप्टन पलक राव, स्पोर्ट्स हैड अंतरा व वॉइस हैड सुशील, कल्चरल हैड रिया व वॉइस हैड सृष्टि व अन्य सदस्य शगुन, अर्पित, विजयलक्ष्मी, काजल, यक्षिता, जाह्नवी ,एकेडमिक हैड सारिका व वॉइस हैड हर्ष ठाकुर व अन्य सदस्य सुनिधि सिंह, परणिका, प्रेरणा, आर्यन, अभिनव, देवांश, डिसिप्लिन हैड अतुल व वॉइस हैड सर्वेश व अन्य सदस्य शिवांक, अक्षरा, कार्तिक, अनमोल, मायरा, क्लास मॉनिटर पहली कक्षा से राघव, दूसरी कक्षा से प्रत्यक्ष, तीसरी कक्षा से शानवी, चौथी कक्षा से जैस्मिन, पांचवी कक्षा से रितिका, छठी कक्षा से संस्कृति, सातवीं कक्षा से काव्य, आठवीं कक्षा से काव्यांश, नवीं कक्षा से जाह्नवी, दसवीं कक्षा से सचिन, 11वीं कक्षा से आर्यन और आदित्य, 12वीं कक्षा से लक्ष्य और कंगना चुने गए। चयनित छात्रों को प्रधानाचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई। (अनंत ज्ञान)

# अनीता आजाद होंगी ब्वॉयज स्कूल सरकाघाट की पहली महिला प्रिंसिपल

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

32 महीनों तक समूचे दुर्गम क्षेत्र सराज में इकलौती महिला हैड अपनी सेवाएं देने के बाद अनीता आजाद ने ब्वॉयज स्कूल सरकाघाट में बतौर प्रिंसिपल ज्वाइन कर लिया है। सरकाघाट उपमंडल की पपलोग पंचायत के भलवान गांव से सबंध रखने वाली अनीता आजाद ने वर्ष 1998 में शिक्षा विभाग में बतौर स्कूल प्रवक्ता धर्मशाला में ज्वाइंन किया था।


अनीता आजाद।

सरकाघाट स्कूल में बतौर प्रिंसिपल ज्वाइन करने के बाद प्रिंसिपल ने कि शिक्षा, अनुशासन व पंकचूयलटी से कोई समझौता नहीं होगा व सरकाघाट स्कूल के गौरवमयी इतिहास को दोबारा हासिल करने के लिए सभी अध्यापकों, अभिभावकों व स्थानीय जनता के साथ-साथ बुद्धिजीवी वर्ग से भी निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त किया जायेगा ताकि सरकार व विभाग की योजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में तनिक भी कमी ना रहे। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों में भी उचित सुधार के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। स्कूल की चारदिवारी का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण किया जाएगा। अध्यापकों व बच्चों को बिना किसी कारण से बाहर जाने पर पूर्ण प्रतिबंध होगा व सरकार के दिशानिर्देशों के अनुरूप प्रिंसिपल सहित सभी अध्यापकों का पहनावा सुनिश्चित होगा। (अनंत ज्ञान)

## उपायुक्त अपूर्व देवगन ने किया 'अपना पुस्तकालय' नेरचौक का औचक निरीक्षण, कहा-

# युवाओं की ऊर्जा को उचित दिशा देने में सहायक है पुस्तकालय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**युवाओं** की ऊर्जा को सही दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय बल्ह में स्थापित 'अपना पुस्तकालय' नेरचौक का वीरवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ उपमंडलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी भी मौजूद रही। इस मौके पर उन्होंने पुस्तकालय में मुहैया करवाई जा रही विभिन्न मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में हर प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित अन्य पुस्तकें भी मुहैया करवाई जाएंगी जिससे बच्चों को तैयारी के लिए पर्याप्त और उपयुक्त सामग्री एक साथ मिल सके। इस दौरान उपायुक्त ने पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विभिन्न बच्चों से संवाद किया और प्रतियोगी परीक्षा उतीर्ण करने के लिए तैयारी, संक्षिप्त नोट्स बनाने और रिवीजन को लेकर उनका मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने बच्चों के साथ प्रशासनिक सेवा के लिए अपनी तैयारी के दौरान के अनुभव भी साझा किए।


'अपना पुस्तकालय' नेरचौक का औचक निरीक्षण करते हुए डीसी मंडी।

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति या छात्र जो कि प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा हो तथा तैयारी से जुड़ी किसी भी प्रकार की सहायता चाहता हो, वह उनसे संपर्क कर सकता है। उपायुक्त ने बच्चों के बीच समय बिताया और केक भी काटा।

### बच्चों संग काटा केट, उज्ज्वल भविष्य की कामना की

उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए रखें तथा निरंतर कड़ी मेहनत के साथ तैयारी करते रहें। निरन्तर तैयारी से निश्चित ही कोई भी अपना लक्ष्य हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से युवाओं को उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल व बेहतर सामग्री उपलब्ध करवाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसी के दृष्टिगत जिलेभर में 'अपना पुस्तकायलय' स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

# नशामुक्ति अभियान के तहत सजाओ, संधोल बरोटी, धर्मपुर और टिहरा में होगी दौड़: भूपिंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**नशामुक्ति** अभियान समिति धर्मपुर खंड कमेटी की बैठक अंतरराष्ट्रीय एथेलेटिक्स कोच एवं खंड अध्यक्ष भूपिंद्र भूप्पी की अध्यक्षता में भराड़ी में आयोजित की गई। जिसमें नशामुक्ति अभियान के अगले चरण में क्षेत्रीय स्तर पर बैठकें करने और सड़क दौड़ आयोजित करने की योजना बनाई गई। जिसके तहत सजाओ पीपलू क्षेत्रीय कमेटी कि बैठक 15 मई, संधोल की 16 मई और धर्मपुर की 17 मई को निर्धारित की गई। उसके बाद 25 मई तक बरोटी व टिहरा कमेटियों की बैठकें होंगी। उसके बाद मई में अंतिम सप्ताह में सजाओ पीपलू में युवाओं की सड़क दौड़ आयोजित की जाएगी और जून माह में संधोल, बरोटी, धर्मपुर और टिहरा में दौड़ होगी। बैठक में साक्षरता एवं ज्ञान विज्ञान की सचिव सुनीता ने बताया कि डीसी मंडी की अध्यक्षता में गत सप्ताह आयोजित बैठक में नशा मुक्ति के लिए काम करने वाले वालिंटियरों को पहचान पत्र जारी किए जाएंगे जिसमें मुख्यता पूर्व सेनिकों को ये पहचान पत्र जल्दी ही जारी किए जाएंगे। निर्णय लिया गया कि प्रशासन और गुंजन संस्था के सहयोग से जून माह में नशे के कारणों और इसे रोकने के उपायों के बारे विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए दो दिन का ट्रेंनिग कैंप जून माह में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा महिला मंडलों, जन प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संसथाओं, पूर्व सैनिकों को शामिल करते हुए पंचायत स्तर पर नशामुक्ति के लिए निगरानी समितियां भी गठित की जाएंगी।



### समिति ने नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने की उठाई मांग

## पहाड़ी चॉकलेट | ग्रामीण जंगलों में जाकर तोड़ते हैं काफल, लोग जमकर कर रहे खरीददारी

# जोगिंद्रनगर बाजार में 'काफल' ने दी दस्तक

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**गर्मियों** की शुरुआत के साथ ही जोगिंद्रनगर के बाजारों में काफल ने दस्तक दे दी है। पहाड़ी इलाकों में खासतौर पर पाया जाने वाला यह जंगली फल इन दिनों 300 रुपए प्रतिकिलो की दर से बिक रहा है, लेकिन इसकी कीमत खरीदारों के उत्साह पर कोई असर नहीं डाल पा रही। लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं और बाजार में काफल की मांग तेजी से बढ़ रही है।

काफल उत्तर भारत के हिमालयी क्षेत्रों में पाया जाने वाला मौसमी फल है, जो अप्रैल से जून के बीच कुछ ही समय के लिए बाजार में आता है। इसका स्वाद खट्टा-मीठा होता है और यह शरीर को ठंडक पहुंचाता है। पुराने समय से काफल को 'पहाड़ी चॉकलेट' भी कहा जाता रहा है। न केवल स्वाद में यह अनोखा है, बल्कि इसके औषधीय गुण भी इसे खास बनाते हैं। यह पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है और शरीर को डीटॉक्स करने में मदद करता है। हालांकि 300 रुपये प्रति किलो की दर आम फलों की तुलना में अधिक मानी जाती है, लेकिन लोगों का कहना है कि स्वाद और सेहत के लिए यह कीमत छोटी बात है। स्थानीय निवासी रीना ठाकुर कहती हैं, 'हर साल हम इस मौसम का इंतजार करते हैं। काफल खाए बिना गर्मियां अधूरी लगती हैं। चाहे दाम कुछ भी हों, इसका स्वाद अमूल्य है।'



जोगिंद्रनगर बाजार में काफल बेचता हुआ दुकानदार।

दुकानदार राजेश कुमार बताते हैं, 'सुबह 10 बजे तक लाए गए काफल के टोकरों की आधी से ज्यादा बिक्री हो जाती है। ग्राहक खुद आकर छांट-छांट कर खरीदते हैं और कई बार तो मांग ज्यादा हो जाती है।' काफल की आवक अधिकतर जोगिंद्रनगर के आसपास के ऊपरी गांवों जैसे कि भराड़ू, लोहाड़ी, उटपुर और जगराओं से होती है। यहां के ग्रामीण सुबह-सवेरे जंगलों में जाकर काफल तोड़ते हैं और उन्हें शहर के बाजार में बेचते हैं। इससे उन्हें सीजनल आमदनी का एक अच्छा जरिया मिल जाता है। (अनंत ज्ञान)

# पुणे सड़क हादसे में सरकाघाट कॉलेज के छात्र की मौत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट कॉलेज में बी वॉक अंतिम वर्ष के एक छात्र अभिषेक कुमार की पुणे महाराष्ट्र में एक बाइक दुर्घटना में दुखद मौत हो गई। प्रधानाचार्य ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि छात्र की फाइनल प्लेसमेंट पुणे की एक फाइव स्टार होटल में हुई थी। अभिषेक एक होनहार छात्र था, जिसने अच्छी पैकेज के साथ यह नौकरी हासिल की थी। यह दुखद खबर सुनते ही परिवारजन पुणे पहुंच चुके हैं तथा अंतिम संस्कार पुणे में ही किया जा रहा है। छात्र की असामयिक मृत्यु पर संस्थान ने गहरा शोक व्यक्त किया है ओर कहा कि हम अपने एक होनहार छात्र को खोकर स्तब्ध हैं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमकैप्स मंदिर में वार्षिक भंडारा 12 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमकैप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढ़ेड़ा में 12 मई को मंदिर के वार्षिक स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्थान परिसर में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर के वार्षिक समारोह में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज प्रवचन करेंगे।

### डीसी ने रुद्रा स्कूल के छात्र किए अलंकृत



**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्षेत्र के रुद्रा इन्टरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसाल में अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें जिलाधीश जतिन लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्कूलों में अलंकरण दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों को जीवन में जिम्मेदारी निभाने का प्रशिक्षण देना होता है। यदि इस अवस्था से बच्चे किसी भी जिम्मेदारी को लेंगे तथा समाज में जनकल्याण के कार्यों पर ध्यान देंगे। इसी कारण यह अलंकरण समारोह मनाया जाते हैं। रुद्रा स्कूल में जिलाधीश ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न उपाधियों से अलंकृत किया। इसमें हेड ब्वॉय अर्चित चौधरी जमा एक विज्ञान, हेड गर्ल आरुषि जमा एक साइंस तथा उनकी कमेटी के छात्र-छात्राओं को जिलाधीश ने बैजेस लगाकर सम्मानित किया तथा मिली हुई जिम्मेदारी को अच्छे से निभाने का आवाहन भी किया।

### टकारला स्कूल में छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टकारला में बच्चों को नशा क्या होता है, इसके दुष्प्रभाव तथा नशे की चपेट में आए हुए व्यक्ति को बाहर निकालने के उपायों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिसोर्सपर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बताया की नशा एक धीमा जहर है जो कुछ ही वर्षों बाद व्यक्ति को अपने जीवन के दिन गिनने पर मजबूर कर देता है। उन्होंने कहा कि सीधे शब्दों में नशे का अर्थ है, अकाल मृत्यु। उन्होंने कहा कि बच्चे अपरिपक्व होने के कारण नशेड़ियों के चक्कर में आ जाते हैं तथा थोड़ी समय के आनंद के लिए अपने जीवन से हाथ धो बैठते हैं। उन्होंने कहा कि नशा जिंदगी बर्बाद करने के साथ-साथ अपराधों की भी जननी है। नशे की चपेट में एक बार आने के बाद वापस आना मुश्किल होता है क्योंकि शरीर के प्रत्येक अंग पर नशा बुरा प्रभाव डालता है। एक बार नशे की चपेट में आने से वापसी का एक ही तरीका है कि बुरी संगत आज ही छोड़ दो, नशा अपने आप छूटने लगेगा। दूसरा दृढ़ संकल्प तथा मजबूत इच्छा शक्ति से भी इस लत को कम किया जा सकता है। अच्छी किताबें पढ़ो और अच्छे करियर बना चुके लोगों की संगत करो, इससे नशे के प्रभाव को कम किया जा सकता है। शर्मा ने बच्चों को अपना करियर बनाने के लिए मेहनत और संघर्ष का नशा करने की अपील की।

### शादी समारोह में वीरेंद्र कंवर और बलबीर हुए शामिल



**अनंत ज्ञान, ऊना।** पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर एवं चिंतपूर्णी क्षेत्र भाजपा के पूर्व विधायक बलबीर सिंह वीरवार को पंचायत खरयालता तलमेहड़ा के गांव रैनसर में गिरधारी लाल के पुत्र निलेश धीमान के विवाह समारोह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उनके साथ कई सहयोगी पार्टी कार्यकर्ता और मित्र भी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि यह एक विशेष दिन है और ऐसे खुशी के अवसर पर परिवारों का आशीर्वाद और समर्थन मिलना बेहद मायने रखता है। वहीं इस अवसर पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर और चिंतपूर्णी भाजपा के पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने उनके परिजनों को भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर रिटायर्ड एसडीएम दिलेराम धीमान, रिटायर्ड कर्नल रघवीर सिंह डढवाल, स्थानीय बीडीसी सदस्य राजेंद्र सिंह ठाकुर, कमल देव धीमान, शिवम कुमार,सैंडी डोगरा , संगम, विपिन शर्मा के अलावा अन्य शामिल थे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बोला-प्राथमिक निदेशालय यथावत रहने दिया जाए

# एक निदेशालय के फैसले का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्राथमिक शिक्षक संघ ने वीरवार को ऊना में पत्रकार वार्ता में सरकार पर व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर लोगों को गुमराह करने की बात कही है। खासकर शिक्षा विभाग इसके अधिकारी विशेष कर मान्य शिक्षा सचिव व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्राथमिक शिक्षा एवं शिक्षकों के हितों को कुचलने का प्रयास कर रहे हैं। अधिकारी वर्ष 1984 से चले आ रहे सिस्टम से छेडछाड़ कर शिक्षा महकमे के एक निदेशालय का गठन कर रहे हैं।

एक ओर सिस्टम को सुचारु रूप से चलने के लिए बड़े डिवीजन बड़े डेवलपमेंट ब्लॉक को छोटी इकाइयां बनाकर नए डिवीजन नए विकास खंड बनाए जा रहे हैं। नई तहसीलें खोली जा रही हैं और यहां दो डायरेक्टोरेट को जोड़कर एक निदेशालय बनाया जा रहा है। इससे सभी कार्य देरी से होंगे, पेंडेंसी बढ़ेगी। अत. प्राथमिक निदेशालय यथावत रहने दिया जाए। लगभग 25 वर्ष की सेवा के बाद एक अध्यापक मुख्य शिक्षक केंद्र मुख्य शिक्षक बनता है और बहुत से कम अध्यापक बीईईओ



प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित गणमान्य।

के पद पर प्रमोट होते हैं, जो अपने-अपने कार्य क्षेत्र में शिक्षण कार्य के साथ-साथ प्रशासनिक कार्य स्कूल मैनेजमेंट इंस्पेक्शन करते हैं। बीईईओ पद पर बैठे अधिकारी पूरे ब्लॉक का वित्तीय प्रबंध डीडीओ पावर इंसपेक्शन कार्य करते हैं, उनकी शक्तियों को छीनने का प्रयास इस प्रक्रिया में हो रहा है, जो हमें स्वीकार नहीं है ।

खेलों को प्राथमिक स्तर पर बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्राथमिक शिक्षक मांग करता है कि इन खेलों को चालू किया जाए। 26 अप्रैल को धरने के संबंध में यह कहना चाहता हूं कि इसके लिए उचित माध्यम द्वारा अनुमति मांगी गई थी, लेकिन बिना कारण अनुमति नहीं दी गई। धरने को टालने के लिए तरह-तरह के लेटर वार्निंग लेटर निकले गए, फिर भी प्राथमिक शिक्षकों ने चौड़ा मैदान शिमला में हजारों की संख्या में एकत्रित होकर शांतिपूर्ण धरना दिया। इस पर भी सरकार ने तानाशाही रवैया अपना कर आठ शिक्षकों को निलंबित किया गया, जिन्हें हम बहाल करने की मांग करते हैं।

प्री प्राइमरी के बच्चों को प्राथमिक अध्यापक दो-तीन वर्ष अपने जेब से एमडीएम उपलब्ध करवाते रहे। अब बिना एनटीटी टीचर के बच्चों को पढ़ा रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को इन पाठशालाओं से हटाकर प्राइवेट स्कूल में दाखिला करवा रहे हैं, परिणाम स्वरूप हमारे पास एनरोलमेंट कम हो रही है। अत: संघ मांग करता है कि शीघ्र नर्सरी अध्यापकों की नियुक्ति की जाए। नर्सरी से लेकर पांचवीं तक अलग से निदेशालय रखा जाए ताकि सभी कार्य सुचारु रूप से चल सकें। यदि हमारी उपरोक्त मांगें सरकार द्वारा नहीं मानी गई तो आगामी दिनों में शिमला में एक विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी हिमाचल सरकार और शिक्षा विभाग की होगी।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ जिला ऊना के प्रधान राकेश चंद्र, महासचिव सतेंद्र मिन्हास, खंड जोल के प्रधान महेश शर्मा, कपिल शर्मा, हरोली के प्रधान विजय शर्मा, गगरेट-2 की प्रधान सुनीता शर्मा, किशोरी लाल, वीरेंद्र कुमार, राजेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, जगमोहन मनकोटिया उपस्थित रहे।

### वीरेंद्र अपनी सीमा में रहकर करें बयानबाजी

एक शिक्षक संगठन के स्वयंभू नेता वीरेंद्र चौहान द्वारा प्राथमिक शिक्षकों के प्रति की जा रही अभद्र टिप्पणी के विरोध प्राथमिक शिक्षक संघ जिला ऊना ने रोष व्यक्त किया है और उन्हें अपनी सीमा में रहकर बयानबाजी करने की चेतावनी दी है।

# सरकारी अस्पताल में बिजली का दुरुपयोग अब होगा बंद

## चिकित्सा अधीक्षक ने निकाला फरमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भले ही सरकार पर वित्तीय संकट हो, लेकिन अफसरशाही की मौज कम नहीं होनी चाहिए। इस शीर्षक से ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में व्यवस्था की पोल खोलती रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि बिना डॉक्टर के उनकी कुर्सी को ठंडा रखने के लिए घंटों एयर कंडीशनर चालू रखकर बिजली को फिजूल खर्ची की जा रही है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

अनंत ज्ञान टीम ने एक दफा पहले भी अस्पताल का मौका-ए मुआयना करके रिकॉर्ड रखा था, लेकिन बीते मंगलवार को भी मौका-ए-मुआयना में वैसी ही स्थिति देखी गई। करीब पौने एक बजे अस्पताल में एक चिकित्सक अपने कमरे से निकल गए, लेकिन उनके कमरे का एयर कंडीशनर चालू हालत में रहा। करीब पौने दो बजे तक उस कमरे में कोई नहीं पहुंचा और दरवाजा भी

**अनंत ज्ञान ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा**

खुला था। ऐसे में एयर कंडीशनर महज डॉक्टर साहब की कुर्सी को ही ठंडा करता रहा। सवाल यह उठाया गया था कि लाखों रुपए का वेतन लेने वाले ऐसे लोग अगर लापरवाही करेंगे तो जिम्मेदारी कौन समझेगा। अस्पताल प्रबंधन ने इस मामले में कड़ा संज्ञान लिया है।

चिकित्सकों समेत पूरे स्टाफ को बिजली दुरुपयोग रोकने संबंधी निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया ने बताया कि उचित कार्रवाई की गई है। लिखित में निर्देश जारी किए गए हैं। कोई भी एयर कंडीशनर महज डॉक्टर के उपस्थित होने पर ही चलाया जाए। इसके अलावा अनुचित बिजली खर्च करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# चिंतपूर्णी में दड़ा सट्टा के आरोप में गुरजीत गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी पुलिस ने एक व्यक्ति को पर्ची दड़ा सट्टा के अवैध धंधे में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गुरजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह के रूप में हुई है, जो नंगल बुशहर, पंजाब का निवासी है और वर्तमान में चिंतपूर्णी बस स्टैंड पर रहता था। पुलिस ने 7 मई को शाम 6:05 बजे चिंतपूर्णी बाजार में गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गुरजीत सिंह लाल रंग की टीशर्ट और काले रंग की पैंट पहने हुए मृगु वाइपास के पास सड़क के किनारे पर्ची दड़ा सट्टा का अवैध धंधा कर रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 260 रुपए की भारतीय करेंसी नोट, एक बाल पैन और पर्ची दड़ा सट्टा की सामग्री बरामद की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। अन्वेष्णाधिकारी हेड कांस्टेबल अनुज कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। आरोपी गुरजीत सिंह पर कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। यदि दोषी पाया जाता है, तो उसे सजा हो सकती है। फिलहाल आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

# गगरेट में स्वास्थ्य विभाग ने ऑन किया अलर्ट मोड

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

आतंकवाद परस्त पाकिस्तान के विरुद्ध भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर के चलते उत्पन्न हुई परिस्थितियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। हिमाचल प्रदेश में डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ की छुट्टियां निरस्त कर देने के बाद स्वास्थ्य खंड गगरेट में भी तमाम डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ को हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में सेवाएं देने के लिए स्वास्थ्य खंड गगरेट के स्वास्थ्य संस्थान पूरी तरह से तैयार हैं। पाकिस्तान व पीओके में चल रहे आतंक के अड्डों पर भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक से बौखलाया पाकिस्तान अब युद्ध के लिए बार-बार भारतीय सेना को उकसा रहा है। भारतीय सेना भी उसके हर सवाल का मुंह तोड़ जवाब दे रही है लेकिन इसी बीच हर परिस्थिति से निपटने के लिए सिविल महकमे भी तैयार हो रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग भी एक्शन मोड में आया है।

खंड चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज पराशर ने बताया कि किसी भी आपातस्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ को कहा गया है। डॉक्टरों के साथ पैरा मेडिकल स्टाफ की छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। हालांकि डॉक्टर व पैरा मेडिकल स्टाफ यथावत ड्यूटी पर आएंगे लेकिन आपात स्थिति में कभी भी इन्हें बुलाया जा सकेगा। अस्पतालों के रोगी वार्ड पहले से ही तैयार हैं। अगर जरूरत पड़ती है तो इन्हें आपात वार्ड में भी तबदील किया जा सकेगा। जाहिर है कि जिस प्रकार पाकिस्तानी सेना ने बुधवार रात्रि उत्तर भारत के कई शहरों को निशाना बनाते हुए ड्रोन व मिसाइल अटैक किए हैं उसे बेशक भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया लेकिन अगर कहीं कोई घटना घटती भी है तो इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरे अलर्ट मोड पर आ गया है।

# भारतीय सेना के साथ खड़ा है पूरा देश : मुकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बिलासपुर जिले के भाखड़ा स्थित ऐतिहासिक नरसिंह मंदिर में आयोजित भागवत कथा में भाग लिया। यह धार्मिक आयोजन 2 मई से 9 मई तक चल रहा है। उपमुख्यमंत्री ने मंदिर में शीश नवाकर धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया तथा श्रद्धालुओं के साथ भागवत कथा का श्रवण किया।

उपमुख्यमंत्री ने कथा वाचक जगतगुरु संत विकास दास जी महाराज को शाल, टोपी और गदा भेंट कर सम्मानित किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नरसिंह मंदिर केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी एक महत्वपूर्ण स्थल है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा चिंतपूर्णी मंदिर के



भाखड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व अन्य।

**उपमुख्यमंत्री ने मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए दिए 10 लाख रुपए**

लिए 250 करोड़ रुपए तथा ज्वालाजी, नयना देवी और बाबा बालक नाथ मंदिरों के लिए 100-100 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। देश की सुरक्षा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत इस समय पाकिस्तान के साथ संघर्ष की स्थिति में है और पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि हमारे जवानों को देश की रक्षा हेतु शक्ति और साहस प्राप्त हो ताकि वे दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दे सकें। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, सतीश बिट्टू, विनोद बिट्टू सहित गणमान्य उपस्थित थे।

# हरोली बीडीसी चेयरमैन व वाइस चेयरमैन की कुर्सी खतरे में

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की विधानसभा क्षेत्र विकास खंड हरोली में 11 बीडीसी मैंबरों ने चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। मौजूदा समय में बीजेपी समर्थित चेयरमैन व वाइस चेयरमैन हैं। विकास न करवाने का आरोप लगाकर बीडीओ हरोली को चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौंपा है और बहुमत सिद्ध करने की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया है, अब इनकी कुर्सियों को खतरा पैदा हो गया है। त्रैमासिक बैठक में अधिकतर मैंबरों ने बैठक का बहिष्कार किया और धरने पर बैठे रहे और कुछ अन्य सदस्यों ने भी बैठक से किनारा कर लिया, जिससे अध्यक्ष उपाध्यक्ष द्वारा कोरम पूरा न किया जा सका, जिस कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा।

समिति सदस्य सुबह 11 बजे विकास खंड हरोली के बाहर धरने पर बैठ गए और दोपहर तक ब्लॉक हरोली के बाहर धरने पर बैठे रहे। समिति सदस्यों ने आरोप लगाए कि चेयरमैन व वाइस चेयरमैन हरोली में विकास



11 सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है तथा बहुमत सिद्ध करने की चुनौती दी है।

करवाने में असफल रहे हैं और आज तक लाखों रुपए की विकासात्मक कार्यों की राशि खर्च नहीं हो पा रही है। समिति सदस्यों ने यह भी आरोप लगाए कि पिछले चार साल में पंचायत समिति अध्यक्ष ब उपाध्यक्ष उनके विकासात्मक कार्यों को करवाने में व उनका पक्ष रखने में नाकाम रहे हैं जिससे कि चुने हुए समिति सदस्यों को जनता को जवाब देना मुश्किल हो रहा है।

पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि लोगों ने उन्हें इसलिए नहीं चुना कि वे बैठकों में खाना खाकर वापस जाते रहें। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जनहित में विकासात्मक कार्यों को करने के लिए चुना है, जबकि पिछले साल में समिति सदस्यों का बहुत सारा पैसा खर्च नहीं किया गया। दोपहर तक समिति सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार करने के बाद बीडीसी हरोली के 11 ब्लॉक समिति सदस्यों ने चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के विरुद्ध हस्ताक्षर करके अविश्वास प्रस्ताव बीडीओ हरोली को सौंपा, जिसमें उन्होंने लिखा है कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पर उन्हें विश्वास नहीं रहा है, अत: शीघ्र पंचायत समिति की बैठक बुलाकर उन्हें विश्वास मत प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाए।

> 11 बीडीसी मैंबरों ने हस्ताक्षर करके चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। आगामी कार्रवाई के लिए इसे प्रशासनिक अधिकारियों को भेजा जा रहा है।
>
> **-राजेश्वर भाटिया, अधिकारी हरोली विकास खंड**

### प्रस्ताव पर दोबारा बनी असमंजस की स्थिति

**अनंत ज्ञान, हरोली।** विकास खंड हरोली में भाजपा समर्थित ब्लॉक समिति को बचाने के लिए कई लोग जुट गए हैं। अब भाजपा समर्थित 11 पंचायत समिति सदस्यों द्वारा बुधवार को विकास खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बीडीसी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास करके उन्हे निलंबित करने की मांग कर दी थी। नाटकीय घटनाक्रम में अब उनमें कुछ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बीडीओ को दिए ज्ञापन को वापस लेने की मांग कर डाली है। हालांकि उन्होंने अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पर आरोप लगाया था कि समिति में विकास का पैसा खर्च नहीं हो पा रहा है पिछले 4 साल से विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। इस मामले में उन्होंने धरना प्रदर्शन किया था। अब फिर से इस प्रस्ताव पर असमंजस की स्थिति बन गई है।

# जिस स्कूल में प्राथमिक शिक्षा की पूरी सरोही उसी में देंगे बतौर प्रिंसिपल सेवाएं



प्रधानाचार्य का पद ग्रहण करते राजपाल सरोही, जिन्हें इस दौरान सम्मानित किया गया।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

जीवन में जब व्यक्ति अपने मूल स्थान पर लौटकर समाज सेवा का संकल्प लेता है, तो वह न केवल प्रेरणा का स्रोत बनता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आदर्श प्रस्तुत करता है। ऐसा ही एक उदाहरण हैं, प्रवक्ता से प्रिंसीपल बने राजपाल सरोही का, जो अब अपने ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली में प्रिंसिपल के रूप में सेवाएं देने जा रहे हैं। 22 वर्षों के अनुभव के बाद राजपाल सरोही को पदोन्नति मिली है।

प्रिंसिपल राजपाल सरोही का शैक्षणिक और व्यावसायिक सफर प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पैतृक हटली स्कूल से ग्रहण की, जहां अब वह बतौर प्रधानाचार्य वापस लौट रहे हैं। छठी कक्षा के बाद उन्होंने सैनिक स्कूल सुजानपुर में दाखिला लिया और वहां से बाहरवीं तक की शिक्षा पूरी की। इसके बाद उच्च शिक्षा के लिए हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित थानेश्वर यूनिवर्सिटी से स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की।

राजपाल सरोही को वर्ष 1998 के अक्तूबर माह में उनकी पहली सरकारी नियुक्ति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ागांव (शिमला) में मिली। यहीं से उन्होंने अपने शैक्षणिक सेवाओं की शुरुआत की। शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण और परिश्रम के बल पर उन्होंने विभिन्न सरकारी स्कू लों में अपनी सेवाएं दीं, जहां उन्होंने छात्रों के शैक्षिक व नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। (अनंत ज्ञान)

# आज देश खुशी से झूम रहा : अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भारत अपनी संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इस अभियान की सफलता पर राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा था, वह करके दिखाया।



भारतीय सेना ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढील नहीं बरतेगा। पाकिस्तान कभी नहीं सुधर सकता। वह लगातार आतंकवाद को शरण देता रहा है और विश्व समुदाय के सामने झूठा चेहरा प्रस्तुत करता है। उनका कहना है कि पाकिस्तान की सरकार और उसकी सेना की मंशा में खोट है। भारतीय सेना की सफलता पर पूरा देश खुशी से झूम रहा है।

**आयोजन** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर क्षेत्रीय अस्पताल में लगा रक्तदान शिविर

# डीसी ने स्वयं महादान कर युवाओं को किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने 8 मई को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में रक्तदान शिविर लगाया। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने स्वयं रक्तदान करके युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उपायुक्त की पत्नी व जिला रेडक्रॉस सोसायटी अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष प्रो. डॉ. रेणु शेरावत भी उपस्थित रहीं।

डीसी ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है, जिससे हम अनेक बहुमूल्य जिंदगियां बचा सकते हैं। आवश्यक है कि लोग विशेषकर युवा रक्तदान के लिए बढ़-चढ़कर




उपायुक्त जतिन लाल व अन्य युवा रक्तदान करते हुए।

आगे आएं। उन्होंने विश्व रेडक्रॉस दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से मानवता की भलाई और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे बढ़कर स्वेच्छा से रक्त दान करने की अपील की।

वहीं, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय सांख्यान ने बताया कि इस शिविर में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गरीब, जरूरतमंद लोगों की सेवा और कल्याण के लिए चलाई गतिविधियों एवं कार्यों की जानकारी दी।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव वर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव संजय सांख्यान, रेडक्रॉस के स्टेट पैटर्न सुरेंद्र ठाकुर, एडवोकेट सुरेश ऐरी, तहसील कल्याण अधिकारी जतिंद्र कुमार, डॉ. सुचारिता लट्ठ, नीलम, चंचल सहित अन्य युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### विशेष बच्चों की सहायता करना हमारी जिम्मेदारी

**रक्तदान** के पश्चात उपायुक्त ऊना परिवार सहित देहलां स्थित आश्रय विशेष विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यालय के विशेष बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म, पानी की बोतलें और अन्य उपयोगी सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि विशेष बच्चों की सहायता करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और ऐसे प्रयासों से समाज में आपसी सहयोग की भावना को बल मिलता है, साथ ही उन्होंने बच्चों को रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया।


**व अदालत तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश**

केश न0 तारीख पेशी.......

सरस्वती देवी पत्नी श्री अजय कुमार निवासी सपैड़ू, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.

**वनाम**

**सर्व साधारण एवम् आम जनता**

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13/3 जन्म / मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969:- सरस्वती देवी पत्नी श्री अजय कुमार निवासी सपैड़ू, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया है कि उसके पुत्र मोहित कुमार का जन्म दिनांक 31-01-2021 को सपैड़ू, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. में हुआ है, परन्तु ग्राम पंचायत सपैड़ू, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. के अभिलेख में दर्ज न है।

अत: इस इश्तहार हजा द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई उजर या एतराज हो तो व दिनांक 31-05-25 को 10 बजे असालतन या वकालतन हाजिर अदालत आकर प्रस्तुत कर सकता है। वाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा मोहित कुमार के जन्म पंजीकरण के आदेश सम्बन्धित पंचायत को पारित कर दिये जायेंगे

आज दिनांक 1-5-25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

मुकदमा न.- 46/NT /2025

तारीख पेशी: 13.05.2025

मीना शर्मा पुत्री प्रकाश चन्द हाल पत्नी पवन कुमार निवासी गांव व डाकघर मारण्डा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**बनाम**

**आम जनता**

प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969

मीना शर्मा पुत्री प्रकाश चन्द हाल पत्नी पवन कुमार निवासी गांव व डाकघर मारण्डा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव व डाकघर जैंद, तहसील पालमपुर में दिनांक 16.06.1971 को हुआ है, लेकिन सम्बन्धित ग्राम पंचायत जैंद के अभिलेख में दर्ज न है।

अत: अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 13.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रात: 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपती दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश ग्रांम पंचायत जैंद को पारित कर दिये जायेंगे।

आज दिनांक 17.04.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पामलपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

किस्म मुकदमा तकसीम

मुकदमा न. 97/Nt/2023, 98/Nt/2023

तारीख पेशी 15.05.2025

**रुलिया आदि बनाम पप्पू कपूर आदि**

**समन बनाम:**- 1. पुप्पू कपूर 2 लक्की राम पुत्रान व 3 कुशमा देवी पुत्री 4 रैन्चो देवी विध्वा हुकमी पुत्र माधो 5 परस राम पुत्र व 6 सत्या देवी पुत्री माधो 7 मनमोहन पुत्र 8 दिक्षा देवी 9 रीना देवी पुत्री व 10 तुलसो देवी विध्वा मिलाप चन्द 11 मेहर चन्द 12 श्यामा पुत्रान रशालू 13 मंगत राम पुत्र गोपी 15 मनजीत 16 सुभाष चन्द पुत्र वजीर पुत्र भण्डारी निवासी महाल व मौजा राख, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र. **विषय:**- भूमि तकसीम खाता न. 228 खतौनी न.331 ता 339, खसरा किता -27 रकवा तादादी 0-70-73 हैक्ट. व खाता न. 231 खतौनी न.345, खसरा किता -5 रकवा तादादी 0-41-54 हैक्ट स्थित महाल व मौजा राख तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2021-22

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अत: अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 15.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी. की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 1-5-25 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पामलपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

किस्म मुकदमा तकसीम

मुकदमा न. 13/Nt/2024

तारीख पेशी 14.05.2025

**कुलदीप बनाम हेम राज आदि**

**समन बनाम:**-1. हेम राज 2 रविन्द्र कुमार पुत्रान दुलो राम पुत्र गोरख 3 सन्तोश कुमार 4 कलवीर सिंह पुत्रान व 5 गुड्डो देवी पुत्री विपतू उपनाम साहवो 6 रमेश चन्द 7 कपूर चन्द 8 त्रिलोक चन्द 9 वचित्र सिंह 10 प्रीतम पुत्रान रतनू पुत्र मसदी 11 राजिन्द्र कुमार 12 सत्या देवी पुत्री रतनू पुत्र मसदी 14 संसार चन्द 15 विक्रम चन्द 16 महिन्द्र सिंह पुत्रान व 17 हीमा देवी 18 पवना देवी पुत्रिया व 19 कौशल्या देवी विध्वा रंजीत लाल पुत्र वसी राम 20 राजेश कुमार पुत्र व 21 सरोज देवी 22 अंजू देवी पुत्रियां व 23 हत्या दैवी विध्वा सुरेश कुमार पुत्र शम्भू राम 24 कृष्ण 25 संजीव कुमार 26 वलवीर सिंह 27 कशोरी लाल पुत्रान व 28 रुकमणी देवी विध्या शम्भू राम पुत्र वसी राम 29 जुल्फी राम 30 भरत राम 31 मिलाप चन्द पुत्रान किरला पुत्र मोजी राम 32 करतार 33 प्रीतम चन्द पुत्रान जीजा पुत्र मोजी राम 34 कुशमा देवी 35 पुजा देवी 36 सन्तोश देवी 37 सीना देवी पुत्रियां व 38 मस्त राम पुत्र व 39 कमला देवी विध्वा दलीप सिंह पुत्र किरला राकेश 15 विनोद कुमार पुत्रान व 16 सकिन्द्रा देवी 17 पवना देवी 18 वन्टला देवी पुत्रियां व 19 विमला देवी विध्वा किरला पुत्र मखौली निवासी महाल सरसावा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.

**विषय:**- भूमि तकसीम खाता न. 88 खतौनी न. 215 ता 225 खसरा किता -17 रकवा तादादी 0-30-30 हैक्ट. स्थित महाल सरसावा, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 जमाबन्दी वर्ष 2017-18

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये, परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अत: अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 14.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 01.05.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

**अदालती नोटिस**

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

किस्म मुकदमा पेंशी तकसीम

मुकदमा न. 14/Nt/2024

तारीख 14.05.2025

**कुलदीप बनाम हेम राज आदि**

**समन बनाम:**- 1. हेम राज 2 रविन्द्र कुमार पुत्रान दुलो राम पुत्र गोरख 3 सन्तोश कुमार 4 कलवीर सिंह पुत्रान व 5 गुड्डो देवी पुत्री विपतू उपनाम साहवो 6 रमेश चन्द 7 कपूर चन्द 8 त्रलोक चन्द 9 ववित सिंह 10 प्रीतम पुत्रान रतनू पुत्र मसदी 11 राजिन्द्र कुमार 12 सत्या देवी पुत्री रतनू पुत्र मसदी 14 संसार चन्द 15 विक्रम चन्द 16 महिन्द्र सिंह पुत्रान व 17 हीमा देवी 18 पवना देवी पुत्रियां व 19 कौशल्या देवी विध्वा रंजीत लाल पुत्र वसी राम 20 राजेश कुमार पुत्र व 21 सरोज देवी 22 अंजू देवी पुत्रियां व 23 हत्या देवी विध्वा सुरेश कुमार पुत्र शम्भू राम 24 कृष्ण 25 संजीव कुमार 26 वलवीर सिंह 27 कशोरी लाल पुत्रान व 28 रुकमणी देवी विध्या शम्भू राम पुत्र वसी राम 29 जुल्फी राम 30 भरत राम 31 मिलाप चन्द पुत्रान किरला पुत्र मोजी राम 32 करतार 33 प्रीतम चन्द पुत्रान जीजा पुत्र मोजी राम 34 कुशमा देवी 35 पुजा देवी 36 सन्तोश देवी 37 सीना देवी पुत्रियां व 38 मस्त राम पुत्र व 39 कमला देवी विध्वा दलीप सिंह पुत्र किरला राकेश 15 विनोद कुमार पुत्रान व 16 सकिन्द्रा देवी 17 पवना देवी 18 वन्टला देवी पुत्रियां व 19 विमला देवी विध्वा किरला पुत्र मखौली निवासी महाल सरसावा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.

**विषय:**-भूमि तकसीम खाता न. 90 खतौनी न. 224, खसरा 469 रकवा तादादी 0-07-40 हैक्ट. स्थित महाल सरसावा, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमाबन्दी वर्ष 2017-18

उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये, परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अत: अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 14.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 01.05.2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.।**

# प्रदेशभर की पांच विभूतियों को मिला अवार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सहकारिता के युग पुरुष रहे ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड से इस बार प्रदेश की पांच विभूतियों को सम्मानित किया गया, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य कर रही हैं। ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड चयन समिति ने इन अवार्डों की घोषणा पहले ही कर दी थी। भुट्टिको के सभागार में भव्य आयोजन हुआ और सबसे पहले सहकारिता शिरोमणि पुरुष पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर का जन्मदिन केक काटकर मनाया। इसके बाद ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड समारोह का आयोजन हुआ।

समिति के चेयरमैन रमेश ठाकुर ने सबका भव्य स्वागत किया। इस अवसर इस बार प्रिंट मीडिया के क्षेत्र में ठाकुर वेदराम मेमोरियल आवार्ड से मनाली के वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं साहित्यकार एडवोकेट छविंद्र ठाकुर को सम्मानित किया गया। छविंद्र ठाकुर हिंदी व अंग्रेजी के कई समाचार पत्रों में अपनी लेखनी का लोहा मनवा चुके हैं और वर्तमान में अधिवक्ता के साथ-साथ फ्री लांसर है वे कई भाषाओं व बोलियों के ज्ञाता है। जबकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड से शिमला के पत्रकार रणवीर ठाकुर को सम्मानित किया। रणवीर ठाकुर विशेष संवाददाता है।


ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड चयन समिति के सदस्य विभूतियों को सम्मानित करते हुए व साथ हैं अन्य।

**छविंद्र, रणवीर, लीला, नीता राणा व निशा को मिले अवार्ड**

**वेदराम ठाकुर मेमोरियल राज्य अवार्ड से किया सम्मानित**

नई उड़ान उभरती प्रतिभा ठाकुर वेदराम अवार्ड से जिला कुल्लू की खराहल घाटी की नीता राणा को सम्मानित किया गया। नीता राणा ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खो-खो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

वहीं लोक संस्कृति के क्षेत्र में ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड से प्रसिद्ध लोक गायिका लीला ठाकुर को अवार्ड दिया गया। लीला ठाकुर सराज घाटी से तालुक रखती हैं और पारंपरिक गीतों को अपनी मधुर आवाज देकर लोक संस्कृति को जिंदा रखने में अहम भूमिका निभा रही है। वहीं समाजिक उत्थान ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड से सैंज घाटी की निशा ठाकुर को सम्मानित किया गया। निशा ठाकुर बीएसई नर्सिंग है और पिछले सात वर्षों से स्लम एरिया को बच्चों को पढ़ाने का बीड़ा निस्वार्थ रूप से उठाया है।

यह सम्मान समारोह भुट्टिको के सभागार में पूर्व मंत्री एवं सहकारिता के शिरोमणि पुरुष सत्य प्रकाश ठाकुर के जन्मदिन अवसर पर आयोजित हुआ। सम्मान समारोह से पहले पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर का जन्मदिन मनाया गया।

### 2010 से कई प्रतिभाओं को किया सम्मानित

**वहीं** ठाकुर वेद राम मैमोरियल सोशल, कल्चरल, वैलपेयर एंड एन्वायरनमैंट सोसायटी भुट्टि कालोनी कुल्लू हिमाचल प्रदेश द्वारा वर्ष 2010 से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी भव्य समारोह में प्रदेश भर की विभूतियों को सम्मानित किया गया। चयन समिति के सदस्य धनेश गौतम व शालिनी रॉय भारद्वाज ने बताया कि इस अवार्ड से अभी तक प्रदेशभर के 32 पत्रकारों,15 समाजसेवी, 15 लोक संस्कृति व 15 उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर भुट्टिको के पूर्व एमडी ब्रह्मा स्वरूप ठाकुर, वाइस चेयरमैन रोहित ठाकुर, शिवानी ठाकुर, दिनेश ठाकुर, अनुज ठाकुर सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 16 वुशू खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिखाएंगे अपना हुनर



22वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में हुनर दिखाने वाले खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

22वीं सब जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता जिला कांगड़ा के ग्रीन पब्लिक स्कूल नगरोटा में 10 और 11 मई को होने जा रही है, जिसमें जिला कुल्लू के 16 वुशू खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह जानकारी जिला कुल्लू वुशू संघ के महासचिव व वुशू के कोच लुदर चंद ने दी।

**खिलाड़ी 26 से तमिलनाडु में दिखाएंगे अपना हुनर**

उन्होंने बताया कि जिला कुल्लू से 22 किलोग्राम भार वर्ग में अवनी ठाकुर, 30 में रागिनी, 36 में आंचल होंडा, 45 किलोग्राम भार में कनिष्का, 24 में ईवांश ठाकुर, 28 में शिवांश शर्मा, 30 किलोग्राम भार वर्ग में विनायक ठाकुर, 32 में मेधांश ठाकुर शामिल है।

वहीं 34 में आरुष ठाकुर, 42 किलोग्राम पर वर्ग में रिहान ठाकुर, 45 में शौर्या चौहान, 48 में राहुल, 52 में मनन ठाकुर, 56 किलोग्राम भार वर्ग में पुनीत कुमार और वुशू ताऊलू इवेंट में भाव्यांश महंत, ऋषित चोपड़ा ननकवन इवेंट में अपना हुनर दिखाएंगे।

जिला कुल्लू वुशू संघ कि ओर टीम के कोच अक्षित राष्ट्रीय पदक विजेता और टीम मैनेजर चंद्रेश्वरी होंगे। खिलाड़ी 26 से 31 मई को होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय वुशू प्रतियोगिता तमिलनाडु में अपना हुनर दिखाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिरढ़ स्कूल में दीवार पत्रिका के प्रथम अंक का विमोचन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिरढ़ में सत्र 2025-26 के दीवार पत्रिका के प्रथम अंक का विमोचन स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह के द्वारा किया गया। छात्रों के भीतर सृजनात्मकता में वृद्धि के लिए पाठशाला में दीवार पत्रिका की शुरुआत की गई है। इस अंक का विषय था 'पेड़ और पक्षी' जिसमें छात्रों ने अलग-अलग लेखों के माध्यम से पेड़ों और पक्षियों के बारे में अपने अनुभव लिखे और साथ ही कुल्लू में पाए जाने जाने वाले पेड़ और पक्षियों के विभिन्न प्रजातियों पर जानकारी सांझा की कुछ छात्रों ने अपने सुंदर चित्रकारी से दीवार पत्रिका को सुंदर बनाने में सहयोग किया। पाठशाला के प्राचार्या सोनम छोमो ने छात्रों को बधाई दी व अगले अंक में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### जिभी वाटर फॉल बना सैलानियों की पसंद

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित जिभी और बंजार क्षेत्र अपने प्राकृतिक सौंदर्य और अनोखे ट्री हाउस होमस्टे के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां के ट्री हाउस पर्यटकों को जंगलों के बीच शांत और रोमांचक अनुभव प्रदान करते हैं। ऐसे में पर्यटन सीजन के चलते यहां काफी संख्या में सैलानी जिभी गांव पहुंच रहा है। बंजार के ट्री हाउस प्रकृति के करीब एक अनूठा अनुभव जिभी और बंजार क्षेत्र में कई सुंदर ट्री हाउस होमस्टे हैं जो पर्यटकों को प्राकृतिक वातावरण में रुकने के लिए अपनी और आकर्षित कर रहे हैं। वहीं, यहां सैलानियों के लिए सबसे आकर्षण का केंद्र जिभी वाटर फॉल भी बना हुआ है। जीभी घूमने आने वाले सैलानी यहां सबसे पहले वाटर फॉल देखने के लिए पहुंचे है। वन विभाग की और से इसे खूबसूरत तैयार किया गया है। यहां प्राकृतिक स्रोत का ही पानी है इसे ऊंचाई से गिरता हुआ देखने के लिए सैलानी काफी संख्या में हर साल यहां पहुंचता है। यही नहीं इस वाटर फॉल के चलते यहां स्थानीय लोग भी पर्यटन कारोबार से जुड़े हुए है। स्थानीय लोगों की माने तो बंजार से लेकर जीभी के लिए जो कच्चा मार्ग है। अगर उसकी हालत सुधर जाए तो भारी संख्या में सैलानी सालभर जिभी गांव का रुख कर सकेंगे। इसी के साथ वाटर फॉल देखने आने वाले लोगों के लिए यहां बैठने के लिए भी बेहतर व्यवस्था की जरूरत है। सैलानी वाटर फॉल देखने के बाद सीधे निकल जाते है। वहीं, इसके अलावा यहां जीभी से कुछ दूरी पर जालोरी पास जो कि समुद्र तल से 10282 फुट की ऊंचाई पर स्थित यह स्थान ट्रेकिंग और प्राकृतिक दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। यहां भी सैलानी पहुंचने लगा है। इसी के साथ सेरोलसर झील देवदार के जंगलों के बीच स्थित यह झील अपने औषधीय गुणों के लिए जानी जाती है। वहीं, बंजार घाटी के श्रृंगा ऋषि मंदिर भी जिभी के रास्ते में स्थित है और धार्मिक महत्व रखता है। बता दें कि बंजार घाटी पर्यटन के लिहाज से एक बेहद खूबसूरत और शांत जगह है। यह घाटी खास तौर पर अपने प्राकृतिक सौंदर्य हरे-भरे जंगलों, झरनों और पारंपरिक गांवों के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां का वातावरण बहुत ही शांत और सुकूनदायक है। जो इसे उन पर्यटकों के लिए आदर्श बनाता है जो भीड़-भाड़ से दूर एक सुकून भरा अनुभव चाहते हैं।



# भेखली में मनाया माता जगन्नाथी भुवनेश्वरी का मुख्य बैसाखी पर्व

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला कुल्लू के भेखली स्थित अधिष्ठात्री देवी जगन्नाथी भुवनेश्वरी (भेखली) में धूमधाम से बैसाखी पर्व मनाया गया। माता के इस प्रमुख पर्व को बैसाखी जाच के नाम से जाना जाता है जोकि समस्त सारी कोठी का प्रमुख पर्व है। यह पर्व बैसाख मास शुक्ल अष्टमी से शुरू होकर 4 दिन चलता है।


भेखली मेले में मुख्यातिथि के साथ अन्य गणमान्य लोग।

दैवीय वाद्ययंत्रों के साथ देवी का आगम पालकी रूप में मंदिर के प्रांगण में भक्तजनों को आशीर्वाद देने हेतु उपस्थित होता है। इसी कड़ी में इस बार भी बैसाखी पर्व मनाया गया। हर साल माता के रथ रूप के दर्शन मात्र से भक्त जन अत्यंत प्रसन्नचित होकर सभी कष्टों से मुक्त होते हैं। बैसाखी में लोगों के मनोरंजन हेतु काफी समय से फ्रेंड्स युवा संगठन भेखली द्वारा रंगारंग प्रोग्राम भी आयोजित किए गए। इस मेले के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत जिन्दौड़ के प्रधान हीरा लाल ठाकुर व उनके साथी रहें। उनका भव्य स्वागत युवा संगठन के प्रधान पुनीत शर्मा एवं उप प्रधान साहिल शर्मा व सभी संगठन के सदस्यों सहित ग्राम वासियों ने फूलमाला पहनाकर किया। मुख्यातिथि प्रधान हीरा लाल ने दर्शकों को संबोधित करते हुए मेले की बधाई दी तथा युवाओं को नशे से दूर रहेने व उत्तम शिक्षा प्राप्त कर देश और अपने स्थान का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

मेले के रंगारंग प्रोग्राम को चार चांद लगाते हुए कुल्लू के प्रसिद्ध गायक डाबे राम कुल्लवी ने शिरकत की जिनके कुल्लवी गानों पर दर्शक रात भर झूमते नजर आए। साथ ही अन्य बाल कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसमें से एक 10 वर्षीय बालिका नित्या शर्मा के बजरंगबाण की प्रस्तुति ने दर्शकों के दिल को छू लिया। कुल्लू के उभरते गायक दीवान कुल्लवी के गानों ने भी दर्शकों के मन को मोहित लिया ।

# केलांग में 50 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय केलांग में वीरवार को जिला स्तरीय रेडक्रॉस दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधायक अनुराधा राणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने बढ़ते नशे पर चिंता व्यक्त करते हुए नशे के उन्मूलन के लिए प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर और नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर कर भी रिबन काटकर उन्होंने शुभारंभ किया।

जिला स्तरीय रेडक्रॉस दिवस का आयोजन केलांग मुख्यालय के पुराने विश्राम गृह कैंपस में किया गया, जिसमें स्थानीय महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित बनाते हुए महिला मंडल व मुख्यालय के आसपास के पंचायत के लोग तथा स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। उपायुक्त एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष किरण भड़ाना ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है और लोगों के स्वास्थ्य की जांच हेतु स्वास्थ्य व आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की और उन्हें जरूरी औषधियां वितरित की गई।


शिविर में मुख्यातिथि पहुंची विधायक अनुराधा राणा के साथ एसडीएम केलांग और जिप अध्यक्ष बीना देवी।

कार्यक्रम में सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, एसडीएम आकांक्षा शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोशन लाल, जिला आयुष अधिकारी बबीता शर्मा, खंड विकास अधिकारी डॉ विवेक, तहसीलदार रमेश राणा व अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर रक्तदान शिविर में पीड़ित व जरूरमंद मानवता की सहायता -सेवा के लिए आगे आए स्वयंसेवियो ने 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया तथा 46 लोगों का स्वास्थ्य जांचा गया।

# पल्लवी शर्मा को मिला बेस्ट वोकेशनल टीचर अवार्ड

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगवाईं की वोकेशनल अध्यापिका पल्लवी शर्मा को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ व्यावसायिक प्रशिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया है। बता दें हाल ही में एआईएसएसीटी द्वारा विकसित भारत 2025 के निर्माण में कौशल विकास वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका विषय पर वार्षिक राज्य सम्मेलन का आयोजन पालमपुर में एक निजी होटल में किया गया।



इस समारोह में प्रदेश भर में व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षकों को सर्वश्रेष्ठ व्यवसायिक प्रशिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें नगवाईं स्कूल के अध्यापिका पल्लवी शर्मा का नाम भी शामिल रहा। पल्लवी शर्मा ने वोकेशनल विषय में छात्रों को प्रगति की राह दिखाई है। पल्लवी शर्मा की इस उपलब्धि पर स्कूल की उप प्रधानाचार्य निशा परमार सहित समस्त स्कूल स्टाफ सदस्यों व अन्य शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। स्कूल पहुंचने पर उप प्रधानाचार्य निशा परमार तथा भारती गुप्ता व वोकेशनल कोऑर्डिनेटर वीना कुमारी एवं समस्त स्टाफ व स्कूल प्रबंधन समिति द्वारा समिति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पल्लवी शर्मा ने यह पुरस्कार लेते हुए अपने एआईएसएसीटी कोऑर्डिनेटर आशीष सोहर , शैली कोहली , सुनील कुमार और स्टाफ का धन्यवाद किया।

# पोस्टर मेकिंग में दीक्षा और मीनाक्षी प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में नर्सिंग सप्ताह के उपलक्ष्य में रंगोली, पोस्टर मेकिंग और आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस वर्ष नर्सिंग वीक की थीम 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य, नर्सिंग की देखभाल करें, अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त करें' रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नर्सिंग पेशे के महत्व, स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर अपनी रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। रंगोली में सांस्कृतिक और स्वास्थ्य जागरूकता विषयों को सुंदरता के साथ दर्शाया गया, जबकि पोस्टर मेकिंग में छात्रों ने नर्सिंग और समाजसेवा से जुड़े संदेशों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रीसाइकल सामग्री का उपयोग कर कार्यशील मॉडल बनाए। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग पेशे के प्रति सम्मान, सेवा भावना और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा।

प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। कॉलेज की एसोसिएट डायरेक्ट कुमारी ज्योति मार्या मसीह ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों को उत्साहित करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।


क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में नर्सिंग सप्ताह के उपलक्ष्य पर आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

### प्रतियोगिताओं में अव्वल रहीं छात्राएं

**रंगोली प्रतियोगिता :** प्रथम स्थान बीएससी फोर्थ सेमेस्टर (सुहानी, मंजीता, स्टेंजिन यांगजोम, अंजली), द्वितीय स्थान बीएससी सैकेंड सेमेस्टर (श्रेया, दीया, पलक कौशल, अर्पिता, अंजली), तृतीय स्थान बीएससी सातवां सेमेस्टर (प्रांजल, आकृति, हर्षिता, कृतिका, सलोनी शामिल हैं।)

**पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता :** प्रथम स्थान बीएससी फोर्थ सेमेस्टर (दीक्षा, मीनाक्षी), द्वितीय स्थान बीएससी फिफ्थ सेमेस्टर (अक्षिता, सुरभी नेगी), तृतीय स्थान बीएससी सैकेंड सेमेस्टर (हेनन्या, खुशी)।

**आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता :** प्रथम स्थान बीएससी सेवंथ सेमेस्टर (शारदा,महक), द्वितीय स्थान बीएससी सैकेंड सेमेस्टर (पलक कटोच, कनिष्का) व तृतीय स्थान जीएनएम फर्स्ट ईयर (संजना, पलक) ने अर्जित किया।

# दो युवकों से दो किलो चरस बरामद, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के कुमारसैन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने दो युवकों को 2 किलो 27 ग्राम चरस के साथ दबोच लिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह एएनटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति नशीले पदार्थों की तस्करी की योजना बना रहे हैं। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने कुमारसैन स्थित एचपीएमसी कोल्ड स्टोर के समीप नाकाबंदी की।

नाकाबंदी के दौरान एक अल्टो कार को रोका गया और तलाशी ली गई। कार से 2 किलो 27 ग्राम चरस बरामद की गई, जिसके बाद मौके पर ही कार में सवार दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 24 वर्षीय साहिल कश्यप निवासी कुमारसैन और 27 वर्षीय अभिषेक वर्मा निवासी कुफरी के रूप में हुई है।

**मनोरंजन**

## आनी मेले की सांस्कृतिक संध्या में गायक राजीव शर्मा ने जमाया रंग

# 'रामपुर चल मेरी सजना' पर झूमे लोग



आनी खंड की पंचायतों के प्रधान को बतौर मुख्यातिथि सम्मानित करते हुए तथा लोक गायक राजीव शर्मा अपनी प्रस्तुति देते हुए।

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

जिला स्तरीय आनी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली लोक गायकों का दबदबा रहा। पहली सांस्कृतिक संध्या के दौरान आनी विकास खंड की सभी पंचायतों के प्रधान बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।

**संध्या में हिमाचली लोक गायकों का रहा दबदबा**

मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत आनी के प्रधान लाल सिंह ने बताया कि आनी मेले के सफल आयोजन में आम जनता, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, व्यापार मंडल के साथ साथ आनी खंड की सभी पंचायतों के प्रधानों का विशेष योगदान रहता है। उन्होंने सभी उपस्थित पंचायत प्रधानों का मेले के सफल आयोजन में सहयोग देने पर आभार प्रकट किया।

वहीं आनी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक राजीव शर्मा के गानों पर लोग थिरकने पर मजबूर हुए। राजीव शर्मा ने रूमतीये, ठंडा पानी दे पिलाये राम प्यारिये, पहाड़ों में आई घूमने विलायती मेम टैक्सी में, रामपुर चल मेरी सजना, काला काला कौवा आदि एक के बाद एक गाने गाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

वहीं पहाड़ी लोक गायक किशन वर्मा के पिंक प्लाजो, कांडा चुटा कुम्बरो रा, मोंड वालो री जोयन्तिये, मेरी साहिबुए और सुप्रसिद्ध लोक गायक सुरेश शर्मा ने बामणीये, मोइनया, संजना, मामेया, लच्छी लच्छी लोक गलांदे और देश भक्ति के गाने हर कर्म अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिए, आदि गानों ने भी पहली सांस्कृतिक संध्या में खूब रंग जमाया। जबकि इससे पहले राजेंद्र वर्मा सहित कई अन्य स्थानीय लोक गायकों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। (अनंत ज्ञान)

# शाढ़ाबाई में सड़क क्रॉस कर रहे बुजुर्ग को बाइक सवार ने रौंदा

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** शाढ़ाबाई में एयरपोर्ट गेट के नजदीक एक तेज रफ्तार दोपहिया वाहन ने सड़क पार कर रहे बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बाला राम (79) पुत्र नानक चंद, निवासी अप्पर सुल्तानपुर, कुल्लू के रूप में हुई है।




**बाइक सवार के खिलाफ मामला किया दर्ज**

पुलिस के अनुसार बीती रात करीब सवा 8 बजे बुजुर्ग व्यक्ति सड़क पार कर रहा था। इस दौरान भुंतर की ओर से एक बाइक तेज रफ्तार के साथ आई और बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इससे बुजुर्ग और बाइक सवार दोनों सड़क पर गिर गए। बुजुर्ग को पैर व सिर में चोटें आईं, जबकि बाइक सवार को भी हल्की चोटें आईं। बुजुर्ग को घटना के बाद उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती किया गया, जहां उपचार के दौरान वीरवार सुबह साढ़े 4 बजे उसने दम तोड़ दिया।

एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि बाइक सवार युवकेश निवासी शाढ़ाबाई के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं हादसे में मारे गए बुजुर्ग व्यक्ति के शव को पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# एकल नाटक 'कहानियों की कहानी' का सफल मंचन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरिपुर में प्रसिद्ध रंगकर्मी केहर सिंह ठाकुर द्वारा अपने एकल नाटक 'कहानियों की कहानी' का 14वां सफल मंचन किया गया। रंगमंच गांव गांव आंगन आंगन की अवधारणा के अंतर्गत ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एसोसिएशन की तरफ से इसके साथ ही 14 स्कूलों में किए गए नाटक प्रस्तुति का पहला चरण संपन्न हुआ। केहर सिंह ठाकुर के अनुसार हरिपूर स्कूल में वहां की प्रधानाचार्य नीलम कपूर सूद के विषेश आग्रह पर इस नाटक का मंचन किया गया था और वहां के बच्चों, अध्यापकों और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने इस प्रस्तुति को देखा और सराहा।



नाटक का लुत्फ उठाते विद्यार्थी व (इनसेट में) रंगकर्मी केहर सिंह।

प्रधानाचार्य नीलम कपूर सूद ने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र ऐक्टिव मोनाल संस्था द्वारा आयोजित किए जाने वाले एकल अभिनय की प्रस्तुतियों की प्रतियोगिता में भाग लेंगे और अपने व्यक्तित्व के विकास के लिए इस विधा को अपने पाठयक्रम की गतिविधियों के अलावा अपनाने का भरसक प्रयास करेंगे। केहर ने कहा कि अब जिन 14 स्कूलों में यह एकल अभिनय की नाट्य प्रस्तुति की गई उन स्कूलों के बच्चों का 5 से 7 मिनट की एकल अभिनय की प्रस्तुतियों का मुकाबला हर स्कूल में करवाया जाएगा।

उसके बाद उन तीन विजेताओं का मुकाबला अन्य स्कूल के विजेताओं से करवाया जाएगा।

# जिला परिषद सोलन की बैठक में गरमाया विकास कार्यों का मुद्दा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला परिषद सोलन की बैठक में सदस्यों ने लंबित विकास कार्य के लिए बजट न मिलने का विरोध जताया। जिप अध्यक्ष अध्यक्ष रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सदस्यों की तरफ से उठाए गए सवालों के जवाब में विभागीय अधिकारियों ने बजट न होने का राग अलाप किया। जिस पर सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की।

जिप सदस्य मनोज वर्मा ने प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बजट की कमी से विकास कार्य ठप पड़े हैं पर केंद्र सरकार से मिले बजट को राज्य सरकार जारी नहीं कर रही है। वहीं अध्यक्ष रमेश ठाकुर तय सीमा में विकास कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए है। अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने जिला परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियां एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए बेहतर समन्वय स्थापित कर गति प्रदान करें ताकि समय पर परियोजनाओं का लोगों को लाभ मिल सके।

जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जिला परिषद सदस्य प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन एवं आमजन के मध्य महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विकास एक निरंतर प्रक्रिया है और सभी के सहयोग से ही समयबद्ध विकास सुनिश्चित हो सकता है। निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह प्रयास रहना चाहिए कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सकारात्मक सहयोग से जनता की समस्याओं का शीघ्र निवारण किया जा सके।

रमेश ठाकुर ने कहा कि विभागों के अधिकारी जिला परिषद के सदस्यों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर आमजन की समस्याओं को चरणबद्ध आधार पर निपटाएं। बैठक में शहर में श्वान की बढ़ती संख्या से हो रही परेशानी के बारे में चर्चा की गई। उप निदेशक पशुपालन विवेक लाम्बा ने अवगत करवाया कि सोलन में श्वान नसबंदी केंद्र स्थापित किया जा रहा है जिसका संचालन शीघ्र ही आरम्भ कर दिया जाएगा।


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और अधिकारी।

### बैठक में 50 पुराने और 3 नए मदों पर की चर्चा

**अतिरिक्त** उपायुक्त ने विश्वास दिलाया कि प्रशासन, चुने हुए प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर जन समस्याओं के निवारण के लिए प्रयासरत है। बैठक में 50 पुराने मद व 03 नए मदों पर चर्चा की गई। बैठक में सड़क, विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, फोरलेन, सिंचाई सहित अन्य समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में ज़िला परिषद के सदस्यों को 20 जनवरी, 2025 से 02 मई, 2025 तक के आय-व्यय का ब्यौरा दिया गया। जिला पंचायत अधिकारी जोगिंद्र राणा ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया। बैठक में ज़िला परिषद उपाध्यक्ष कमलेश पंवर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश प्रताप, अध्यक्ष जमना ठाकुर व अन्य पंचायत समिति के सदस्य व विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# एरियर का भुगतान न होने से पेंशनर्स आर्थिक तौर पर हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**कहा-सरकार जायज मांगों पर शीघ्र करे कार्रवाई**

जिला सिरमौर पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ की बैठक आज नाहन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अध्यक्ष राम स्वरूप चौहान ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पेंशनरों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं व लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में पेंशनभोगियों ने सरकार से आग्रह किया कि उनके लंबित भुगतान, विशेषकर 2016 के एरियर, जल्द से जल्द जारी किए जाएं ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। संघ के विनोज शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि सभी पेंशनरों के 2016 से संबंधित एरियर अब तक लंबित हैं और सरकार को शीघ्र इनका निपटारा करना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, बैठक में पेंशनरों ने अपनी कई अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की और संबंधित प्रस्ताव पारित किए, जिन्हें सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि पेंशनरों की जायज मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए।

# शिवपुर पंचायत में बोरवेल कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब की शिवपुर पंचायत के वार्ड नंबर-1 के निवासियों के लिए वर्षों की प्रतीक्षा के बाद राहत का क्षण आया है। करीब 40 वर्षों से स्वच्छ पेयजल की सुविधा से वंचित ग्रामीणों के चेहरों पर अब मुस्कान लौट आई है। जल शक्ति विभाग की सक्रियता से वार्ड में बोरवेल की स्थापना का कार्य विधिवत रूप से शुरू कर दिया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि दशकों से न तो पीने के लिए स्वच्छ पानी उपलब्ध था और न ही सिंचाई की कोई व्यवस्था। महिलाएं रोजाना दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर थीं। गर्मियों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी।

## न्यूज ब्रीफ

### रेणुका से नाहन जाते कार जलाल नदी में गिरी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** श्री रेणुका जी से नाहन की ओर जा रही एक मारुति कार खदाल के समीप अनियंत्रित होकर जलाल नदी में गिर गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में केवल एक व्यक्ति सवार था, जो माइना गांव का निवासी बताया जा रहा है। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार में फंसे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद, 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से घायल व्यक्ति को सिविल अस्पताल ददाहू ले जाया गया। अस्पताल में उसका उपचार जारी है। चालक को हल्की चोटें आई हैं और फिलहाल वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वहीं, कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### बाडुबाडा मंदिर में होगा भागवत कथा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाड़लाघाट स्थित बाडुबाडा मंदिर में 9 मई से 15 मई तक भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी प्रधान पुष्पेंद्र शर्मा और सचिव श्याम सिंह चौधरी ने बताया कि कथा में कथा वाचक हरि जी महाराज कथा का पाठ करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन मूल पाठ सुबह 5 बजे से 8 बजे तक और कथा प्रवचन 1 बजे से 4 बजे तक होगा। इसके अलावा रात्रि 8 बजे भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 15 मई को महायज्ञ और पूर्णाहुति होगी और हर दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### बोगधार स्कूल में एमसी कार्यकारिणी के अध्यक्ष बने रोहित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोगधार जिला सिरमौर में आज एमसी की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ जिसमें सर्वसम्मति से रोहित कुमार को स्कूल प्रबंधन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुमान सिंह को एमसी का अध्यक्ष चुना गया। एमसी की कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष तक किया गया एमसी के अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया कल एमसी की बैठक में आमसभा में 60 लोगों ने भाग लिया। बैठक में सबसे पहले नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया और पिछली कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया था।

### मंगरूड़ स्कूल में मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय मंगरूड़ में लिटरेसी क्लब के नेतृत्व में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन की प्रभारी अध्यापिका डॉ मीनाक्षी शर्मा ने छात्रों को इस रचनात्मक गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कक्षा 6वीं से 10वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। लिटरेसी क्लब की अध्यक्ष पल्लवी और उपाध्यक्ष मानव ने आयोजन की व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संभाला। इस अवसर पर कक्षा 8वीं के छात्र मोहित ठाकुर ने विश्व रेड क्रॉस दिवस के महत्व पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक एलआर ठाकुर ने रेडक्रॉस के उद्देश्य और मानवीय सेवा में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में प्रारंभिक वर्ग में अनिरुद्ध शर्मा ने प्रथम स्थान,ऋतिका ने द्वितीय स्थान और यशिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि माध्यमिक वर्ग में आदर्श शर्मा ने प्रथम स्थान, लव्यांशी ने द्वितीय स्थान और हर्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन में कला अध्यापक शशि पाल और विज्ञान अध्यापक नरेंद्र ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### माजरा क्षेत्र में दो सड़क दुर्घटनाएं, दो चोटिल

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के माजरा में पंजाब रोडवेज की मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल चालक राममुर्ति पुत्र हरिया राम निवासी गांव ब्यास तह. पांवटा साहिब को चोटें आई है जिनका इलाज अस्पताल पांवटा साहिब में चल रहा है। बस चालक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है , जिसकी तफ्तीश जारी है। वहीं जगतपुर में इन्डीयन टैक्नोमेक के पास रात के समय बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल चालक ललीत कुमार पुत्र निर्मल सिंह वीपीओ गिरीनगर, तह. पांवटा साहिब, जिला सिरमौर ने तेज गति से बिना लाइट जलाए पांवटा साहिब की ओर आती हुई गाडी को जोरदार टक्कर मार दी, जिस टक्कर से मोटरसाइकिल सवार को चोट लगी है। मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

### नालागढ़ में 9 को होंगे हैंडबॉल टीम के ट्रायल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन हैंडबाल एसोसिएशन द्वारा जिला की सीनियर महिला टीम के चयन को 9 मई को ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल का आयोजन डिग्री कालेज नालागढ़ के मैदान में दोपहर 3 बजे होगा। ट्रायल के दौरान चयनित टीम हिमाचल प्रदेश हैंडबाल एसोसिएशन द्वारा जिला मंडी के सुंदरनगर में आयोजित की जाने वाली 32वीं सीनियर स्टेट हैंडबाल चैंपियनशिप में जिला सोलन का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला सोलन हैंडबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष देसराज ने बताया कि वर्ष 2009 से पहले जन्मे खिलाड़ी इस ट्रायल में भाग ले सकते हैं। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र और फॉर्म लाना होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष देसराज ठाकुर, महासचिव राजेश शर्मा व कोषाध्यक्ष हुमेश ठाकुर ने बताया कि ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन सोलन जिला सीनियर महिला टीम के लिए होगा।

### धुंदन स्कूल में सूक्ष्म कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर एक सूक्ष्म कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवी चेतना शर्मा ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। चेतना शर्मा ने बताया कि विश्व रेडक्रॉस दिवस हर साल 8 मई को मनाया जाता है, जो मानवता, करुणा और सेवा की भावना को समर्पित है। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया और विश्व रेडक्रॉस दिवस के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

### बकाया राशि एकमुश्त जारी करने की मांग उठाई

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन पट्टा-महलोग इकाई की मासिक बैठक में छठे वेतन आयोग की बकाया राशि एकमुश्त जारी करने की मांग उठाई गई। अध्यक्ष जियालाल ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों की ओर से 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या की गहरी निंदा की गई। आतंकवादियों के कैंप उड़ाने पर केंद्र का आभार जताया गया और कहा कि इससे मृतकों की आत्मा को शांति मिलेगी। मृत पर्यटकों और पेंशनर मुंशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखा गया। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सरकार छठे वेतन आयोग की बकाया अदायगी एकमुश्त जारी करे। इसके अलावा महंगाई भत्ते के एरियर और मेडिकल बिलों के भुगतान की मांग भी सरकार से की गई।

### कंधर सड़क के ब्लैक स्पॉट पर क्रैश बैरियर लगाने की मांग

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बागा थाना में रोड सेफ्टी क्लब की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता क्लब के प्रधान श्यामलाल ने की। बैठक में शालुघाट से कंधर तक सड़क पर ब्लैक स्पॉट पर क्रैश बैरियर लगाने, यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने, महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों पर रोक लगाने, नशा तस्करी रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने और युवा पीढ़ी को नशे के प्रति जागरूक करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में थाना प्रभारी हरिचंद ने भाग लिया और नशा कारोबारियों के बारे में सूचना देने का आग्रह किया,साथ ही सूचनाकर्ता की पहचान गुप्त रखने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्राम पंचायत मांगल के उपप्रधान सीताराम ठाकुर,रोड़ सेफ्टी क्लब के उपप्रधान राकेश चौहान और अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

**हाल-ए-सोलन अस्पताल : व्यवस्थागत खामियों के कारण रोगियों का हाल खराब**

# उपचार से पहले पर्ची बनाने की मारामारी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में व्यवस्थागत खामियों के कारण रोगियों को बीमारी की हालत में पर्ची काउंटर में घंटों लाइन में लग कर भी उपचार को तरसना पड़ता है। पर्ची लेने की मारामारी में रोगियों की सुरक्षा कर्मियों से तू तू मैं मैं आम बात हो रही है।

आरोप है कि काउंटर में जान पहचान वालों की आसानी से पर्ची बन जाती है पर बाकियों को बीमारी की हालात में अपनी बारी का लम्बा इंतजार करना पड़ता है।

पर्ची काउंटर की कमी बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए अस्पताल ने नए काउंटर खोलने और सुबह की टाइमिंग जल्दी करने योजना तो बनाई पर अभी यह सिरे नहीं चढ़ पाई। रोगियों को खासी दिक्कते पेश आ रही है। प्रशासन के दावों के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है।


सोलन अस्पताल के पर्ची काउंटर में जुटी रोगियों की भीड़।

### रोगियों को भुगतना पड़ता है खामियाजा

**मुख्य** पर्ची काउंटर में रोगियों को भारी भीड़ में कई बार बच्चों और बुजुगों को पर्ची लेने लिए घंटों खड़े रहना पड़ता है। इसका खामियाजा दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले रोगियों को भुगतान पड़ता है। रोगियों की सुबह ही अस्पताल मुख्य द्वार पर बने पर्ची काउंटर में भीड़ जुट जाती है। इसी तरह पर्ची काउंटर के दूसरी तरफ दवा काउंटर में नहीं रोगियों की लाइन लगी रहती है। ऐसी में अस्पताल से अंदर बहार आने में दिक्कते होती है। अस्पताल में रोज 1200 से 1500 से रोगी उपचार को आते हैं।

### फार्मासिस्ट की कमी

**फार्मासिस्ट** की कमी से रोगियों को एक ही काउंटर से दवाइयां दी जा रही है। इससे काउंटर में लंबी लाइनें लग रही है। करीब 350 तरह की दवाइयां के वितरण का जिम्मा फार्मासिस्ट के जिम्मे रहता है। इस समय अस्पताल में सात फार्मासिस्ट की सेवाएं मिल रही है। इमरजेंसी में आने वाले रोगियों की देखरेख का जिम्मा भी फार्मासिस्ट पर ही रहता है।

### बीमारियों का खतरा

**रोगियों** की भीड़ से संक्रमित बीमारियों खतरा बढ़ जाता है। इसको रोकने के लिए मास्क पहनना जरूरी किया जा सकता है, पर इससे ज्यादा जरुरी अस्पताल में पर्ची काउंटर की संख्या बढ़ाई जा सकती है, पर अभी तक व्यवस्था नहीं हुई।

> अस्पताल में पर्ची काउंटर में लग रही भीड़ को देखते हुए दो अतिरिक्त काउंटर खोले जाने हैं। इसके लिए आरकेएस के माध्यम से दो कर्मचारी रखे जाने हैं। इसका निर्णय गवर्निंग बॉडी की बैठक में लिया जाना है। टाइमिंग बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है।
>
> -डॉक्टर राकेश पंवर, एमएस, सोलन अस्पताल।

### दवाइयां लेने के लिए भी मशक्कत

**सरकार** ने रोगियों को मुफ्त दवाइयों की सुविधा तो दी लेकिन व्यवस्थागत खामियों के कारण रोगियों को दवाइयां लेने के लिए मशक्त करनी पड़ रही है। अस्पताल में फार्मासिस्ट की कमी से रोगियों को एक ही काउंटर से दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है। इससे रोगियों को लंबी लाइन में तो लगना ही पड़ रहा है। अस्पताल में उपचार के लिए आ रहे रोगियों को पहले पर्ची लेने के लिए फिर चिकित्सा जांच के लिए ओपीडी के बाहर लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ रहा है और फिर दवाइयों के लिए। उपचार की इस जटिल प्रक्रिया से रोगियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी रही है। इससे अस्पताल में आने-जाने वाले रोगियों व तीमारदारों को दिक्कते आती है। बावजूद इसके व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है।

# उद्योग मंत्री राजपुरा में 13 को करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**उद्योग मंत्री 8 से 13 मई तक सिरमौर प्रवास पर रहेंगे**

'सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम' के तहत 13 मई को प्रातः 11:00 बजे पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के राजपुरा में उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने बताया कि राजपुरा में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले 'सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम' के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये गए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों से चर्चा की गई है। उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों के निष्पादन हेतु दिशा निर्देश दिए ताकि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि सरकार के इस जन हितेषी कार्यक्रम के दौरान उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोज़गार मंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में जनसमस्यायें सुनी जाएगी जिनका मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों से भी वह इस अवसर पर संवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की जन हितैषी योजनाओं सम्बन्धी प्रदर्शनी भी कार्यक्रम में लगाई जाएगी।

विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र भी इस दौरान मौके पर ही जारी किये जाएंगे जिसमें हिमाचली बोनाफाईड, आय प्रमाण पत्र आदि शामिल रहेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसके माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की जांच तथा निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 8 से 13 मई, 2025 तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उद्योग मंत्री 8 से 12 मई, 2025 तक शिलाई में लोगों की समस्याओं का निराकरण करेंगे, जबकि 13 मई को पांवटा साहिब के राजपुरा में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

# 100 मीटर रेस में अन्वी ठाकुर प्रथम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

वर्ल्ड एथलीट दिवस के अवसर पर रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा पहली से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा पहली से दूसारी कक्षा तक के विद्यार्थियों का प्री- प्राइमरी ग्रुप कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों का प्राइमरी ग्रुप, कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का जूनियर और कक्षा नौवीं से दसवी तक के विद्यार्थियों का सीनियर ग्रुप बनाया गया था।

सभी समूहों में 50 मीटर, 100 मीटर रेस में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस रेस प्रतियोगिता में प्री-प्राइमरी छात्रा ग्रुप में 50 मीटर में अन्वी ठाकुर ने पहला अन्वी षर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया , तीसरे स्थान पर अद्विका रही । इसी वर्ग में 100 मीटर रेस में भी अन्वी ठाकुर ने पहला अन्वी षर्मा ने दूसरा और अद्विका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ।

इसी प्रकार इस रेस प्रतियोगिता में प्री-प्राइमरी छात्र ग्रुप में 50 मीटर में वैदिक और रियांस ने प्रथम और देवांस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर में वर्ग में भी वैदिक और रियांस ने प्रथम और देवांस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्राइमरी छात्रा ग्रुप में 50 मीटर में पायल ने पहला प्राची और कृतिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । इसी वर्ग में 100 मीटर रेस में भी पायल ने पहला प्रियल ने दूसरा , प्राची और कृतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जूनियर छात्रा ग्रुप में 50 मीटर में दीपिका ने पहला अनिषा ने दूसरा स्थान और वैभवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसी वर्ग में 100 मीटर रेस में भी दीपिका ने पहला अनिषा ने दूसरा और वैभवी और गुनगुन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगितों में भी बच्चों ने पोजिशन हासिल की।

# पूर्व प्रधान से 23 लाख 38 हजार की रिकवरी के आदेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं सोलन ने अंबुजा दाड़ला कश्लोग मांगू परिवहन एडीकेएम दाड़लाघाट सभा के पूर्व प्रधान बालक राम शर्मा को भ्रष्टाचार के मामले में 23,38,550 रुपए की राशि वसूलने का आदेश दिया है।

सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं सोलन ने कहा कि शर्मा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निजी स्वार्थ के लिए सभा के लाखों रुपए का दुरुपयोग किया। सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं सोलन ने आदेश दिया है कि पूर्व प्रधान से वसूली की जाने वाली राशि पर 13 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी लगाया जाएगा। दूसरी ओर सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं सोलन ने सभा को अपने स्तर पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि पूर्व प्रधान से हर हाल में वसूली की जाए।

उधर, एडीकेएम दाड़लाघाट सभा के पूर्व प्रधान बालक राम शर्मा ने कहा कि सभा व सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं सोलन की ओर से उनसे पैसे वसलूने की कोई सूचना नहीं है।

# पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट डालने का विरोध

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कंडाघाट में पुलिस विशेष समुदाय की एक दंपति से पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि विशेष समुदाय की महिला द्वारा अपने फेसबुक पर पाकिस्तान के समर्थन में कई पोस्ट अपलोड किए हैं, जिसकी लोगों ने कंडाघाट पुलिस में शिकायत की।

कंडाघाट पुलिस ने पाकिस्तान के हक में पोस्ट डालने वाले विशेष समुदाय की महिला से गहनता से पूछताछ की जा रही है। वहीं कंडाघाट बाजार में साय पांच बजे भी स्थानीय लोगों द्वारा पूरे बाजार में रोष रैली निकालकर पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए

# शिवालिक नगर में सड़क पर जमा हुआ बारिश का पानी

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिस से बद्दी-बरोटीवाला मार्ग पर शिवालिक नगर के समीप मुख्य सड़क पर जलभराव हो गया। इससे यातायात कुछ समय के लिए रुक गया। यहां पर पानी की निकासी न होने से शिवालिक नगर कॉलोनी का सड़क पर जलभराव हो जाता है।

पहले साथ लगते हरियाणा राज्य के साथ लगते खेतों में चला जाता था लेकिन अब सड़क के साथ उद्योग लगने से पानी जाने का रास्ता ही बंद हो गया है। अब पानी सड़क पर भर जाता है। बुधवार दोपहर बाद अचानक तेज बारिश के बाद यहां पानी भर गया।

लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मनीष ठाकुर ने बताया कि पहले पानी हरियाणा राज्य की साथ लगती जमीन में चला जाता था।

अब यहां पर नए उद्योग लग गए हैं। इन उद्योग संचालकों ने यहां पर मिट्टी के ढेर खड़े कर दिए हैं। इससे अब पानी सड़क में जमा होता है। सड़क तो खराब हो रही है, साथ ही लोगों आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। मौके पर जेसीबी भेजकर नालियों की सफाई शुरू कर दी है।

# अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नवगांव में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में सदन प्रणाली के अधीन छात्रों ने भाषण प्रस्तुत कर विश्व रेड क्रॉस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रधानाचार्य प्रभात किशोर ने रेडक्रॉस दिवस के इस वर्ष के थीम के बारे में जानकारी दी। स्वयंसेवियों द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों की सहायता कर सके। इस दौरान संध्या कालीन सत्र में पेंटिंग, ड्राइंग, नारा लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई। वहीं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# छात्रों ने 'रिदम्स एंड रिवेरीज' प्रस्तुत कर बिखेरे जलवे

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर में कक्षा नवीं तथा दसवीं के छात्रों द्वारा 'रिदम्स एंड रिवेरीज- ए कनेक्ट विद द सोल', नामक एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जो संगीत, नाटक और नृत्य का जीवंत उत्सव था। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संगीत गायकों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना के भावपूर्ण गायन से हुई जिसके बाद त्सेरिंग टुंडुप, लेंदुप शेरपा और संजीव सीपी द्वारा एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया।

शिक्षा और खेल के बीच सामंजस्य के महत्व को दर्शाता एक मनोरंजक हिंदी हास्य नाटक 'एक मुकद्दमा ऐसा भी' प्रस्तुत किया गया। जगविंदरजीत शर्मा और गर्व सिंगला द्वारा एक सुंदर वायलिन प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। वेस्टर्न म्यूजिक गायकों ने 'सेव योर टियर्स' नामक मधुर गीत प्रस्तुत किया।


'रिदम्स एंड रिवेरीज-ए कनेक्ट विद द सोल कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र।

**बच्चों ने संगीत, नाटक और नृत्य को किया पेश**

इसके बाद नियति कौंडल और भुवी जिंदल, सिमोन सिंह मलिक और श्रव्या शौकीन की जोड़ियों ने शानदार गीत प्रस्तुत किए जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का समापन स्कूल गीत के साथ किया गया।

**कार्यक्रम** अर्की में परिवर्तन संस्था ने करवाया मातृ शक्ति अभिनंदन समारोह

# सरकार महिला सशक्तिकरण पर कर रही कार्य : संजय

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च अधिमान दे रही है। संजय अवस्थी आज सोलन के अर्की में परिवर्तन संस्था द्वारा आयोजित मातृ शक्ति अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि महिलाओं को समाज में सभी क्षेत्रों में बराबरी का हक दिलाने के लिए प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए न केवल विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही है अपितु यह भी सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि महिलाओं को समान अधिकार व अवसर मिलने में कोई समस्या न आए। उन्होंने कहा कि समाज का आधा भाग मातृ शक्ति का है। महिलाओं के सशक्तिकरण व उनके अधिकारों के प्रति सचेत बनाने में ऐसे कार्यक्रम का आयोजन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि विधायक संजय अवस्थी।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण व उनकी सुरक्षा के प्रति विभिन्न सकारात्मक कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। विधायक ने परिवर्तन संस्था को 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. रचना गुप्ता ने बतौर विशिष्ठ अतिथि कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन संस्था समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी है। इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं भी करवाई गई।

# पहली रैंकिंग के बाद कप्तान के हाथों सम्मानित हुए जवान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

तकनीकी दक्षता के बल पर क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) रैंकिंग में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली सिरमौर पुलिस के जवानों के लिए आज का दिन गौरव का रहा। पुलिस अधीक्षक निश्चित सिंह नेगी ने पुलिस मुख्यालय नाहन में आयोजित एक विशेष समारोह में इस अभूतपूर्व उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया।



पुलिस कर्मी को सम्मानित करते एसपी।

सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में थाना पांवटा साहिब से मुख्य आरक्षी विनाक्षी और आरक्षी अजय, थाना श्रीरेणुकाजी से आरक्षी अमित और आरक्षी किरण, थाना माजरा से आरक्षी अनिल और मुख्य आरक्षी रूचि, शिलाई से आरक्षी नितिश और मुख्य आरक्षी किरण तथा नाहन से मुख्य आरक्षी सुनीता शामिल थे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीओ अवनीत भारद्वाज को किया निलंबित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज की अनुशंसा पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने अवनीत भारद्वाज एसडीओ/ओपी सब डिवीजन, डीएचबीवीएनएल, फरुखनगर, गुरुग्राम को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार अवनीत भारद्वाज को उनके गैर-प्रदर्शन और नियंत्रण की कमी के कारण डीएचबीवीएनएल कर्मचारी (दंड और अपील) विनियम-2019 के विनियमन-7 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई के मद्देनजर तुरंत प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन के दौरान इस अधिकारी का मुख्यालय एसई/ओपी सर्कल, डीएचबीवीएनएल, हिसार के कार्यालय में निर्धारित किया गया है, जहां वह प्रत्येक कार्य दिवस पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### ओमैक्स में स्प्लैश-एन-प्ले में परिवारों ने की मस्ती

**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** ओमैक्स ग्रुप द्वारा ओमैक्स आरएलडीए में आयोजित दो दिवसीय वॉटर कार्निवल स्प्लैश-एन-प्ले में 2000 से ज्यादा परिवारों ने हिस्सा लिया।



वॉटर कार्निवल में बच्चों से लेकर बड़ों तक ने पानी से जुड़े रोमांचक खेलों और रंगारंग गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम में बच्चों की खिलखिलाहट और मस्ती से पूरा माहौल गूंज उठा। बड़े बच्चे वाटर ट्रैंपोलिन से छलांग लगाते नजर आए, तो छोटे बच्चे किड्स स्प्लैश पूल में पानी की ठंडक का मजा लेते दिखे। वहीं सभी उम्र के लोगों ने फोम पार्टी में खूब मस्ती की। तैराकी के शौकीनों के लिए स्वि स्विमी पूल भी आकर्षण का केंद्र रहा। ओमैक्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, जतिन गोयल ने कहा कि 2000 से ज्यादा परिवारों को एक साथ हंसते-खेलते देखना इस बात का प्रमाण है कि ओमैक्स सिर्फ घर नहीं, बल्कि खुशहाल समुदाय बनाने में विश्वास करता है। स्प्लैश-एन-प्ले इसी सोच का हिस्सा है।

### सीएम सैनी ने रद्द किए सभी राजकीय कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव को देखते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी राजकीय कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने बीती रात मंत्रिमंडल की आपात बैठक बुलाकर मौजूदा हालातों का रिव्यू किया था। इसके बाद उन्होंने वीरवार को अपने सभी प्रस्तावित राजकीय कार्यक्रम स्थगित कर दिए। सैनी को कल करनाल जिले के सालवन गांव में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेना था। सालवन में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। भारत-पाक लड़ाई गहराने की आशंका के चलते अब सीएम इस कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री वीरवार को पंचकूला के ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाडा साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने हरियाणा व देश की समृद्धि और खुशहाली की अरदास की। सैनी ने कहा कि उनका परम सौभाग्य है कि यहां शीश नवाने का अवसर मिला, प्रदेश और देश की खुशहाली के लिए यहां आया हूं।

### रेवाड़ी में अवैध हथियारों का सप्लायर दबोचा

**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी।** सीआईए कोसली पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव मोडी निवासी संदीप के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। वीरवार को रेवाड़ी पुलिस के जांच अधिकारी ने बताया कि दो अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि विकास निवासी गांव ढाणा जिला महेंद्रगढ़ के पास अवैध हथियार हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी विकास ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार गांव बास दुधा निवासी गौरव ने उपलब्ध करवाया था।

# महापौर ने डंपिंग ग्राउंड का निरीक्षण कर कचरा प्रबंधन को कार्रवाई के दिए निर्देश

## पर्यावरण संबंधी खतरों को कम करने के उपायों पर दिया जोर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



सतत शहरी विकास की दिशा में निर्णायक कदम उठाते हुए शहर की महापौर हरप्रीत कौर बबला ने मनोज कुमार, अध्यक्ष, स्वच्छता समिति, अन्य पार्षदों, हिमांशु गुप्ता, संयुक्त आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कचरा प्रबंधन और विरासत जैव-खनन प्रयासों में चल रही प्रगति का आकलन करने के लिए डंपिंग ग्राउंड का दौरा किया।

दौरे के दौरान, संयुक्त आयुक्त और संबंधित इंजीनियरों ने महापौर को कचरा पृथक्करण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी, गीले और सूखे कचरे के प्रबंधन और पर्यावरण संबंधी खतरों को कम करने के लिए किए जा रहे उपायों पर जोर दिया। बागवानी कचरे के प्रबंधन और कृषि और भूनिर्माण उपयोग के लिए जैविक सामग्री को जैव-मिट्टी में संसाधित करने की पहल पर विशेष जोर दिया गया।

कुछ खामियों पर चिंता व्यक्त करते हुए, महापौर ने संबंधित अधिकारियों को गंध और वायुजनित प्रदूषकों को नियंत्रित करने के लिए स्थापित गैर-संचालन मिस्ट मशीनों पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मेयर ने दृढ़ता से कहा कि ये मशीनें काम करनी चाहिए।

मैं चाहता हूं कि तुरंत एक रिपोर्ट पेश की जाए, जिसमें बताया जाए कि ये मशीनें क्यों इस्तेमाल में नहीं हैं। महापौर ने डंपिंग स्थल के लिए भूनिर्माण और सौंदर्यीकरण योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने डंपिंग ग्राउंड में टीटी जल कनेक्शन के बारे में जानकारी ली और संबंधित इंजीनियरों को इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र के परिवर्तन में तेजी लाने का निर्देश दिया, पर्यावरण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए चारदीवारी के साथ नीम और अन्य ऑक्सीजन पैदा करने वाले पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने साइट के भीतर और आसपास सजावटी पौधे और फूलदार प्रजातियां लगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। महापौर ने जोर देकर कहा कि यह डंपिंग ग्राउंड आंखों में गड़ने वाली चीज नहीं रहनी चाहिए। अब समय आ गया है कि हम इसे एक मॉडल बनाएं कि कैसे जिम्मेदारी और सौंदर्य के साथ कचरे का प्रबंधन किया जा सकता है। उन्होंने सभी विभागों से साइट को स्वच्छ और हरियाली वाली जगह में बदलने के लिए तेजी से और कुशलता से काम करने का आग्रह किया। (अनंत ज्ञान)

# रेडक्रॉस के साथ जुड़कर समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण में दें योगदान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय के कुशल मार्गदर्शन व वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और राज्य महासचिव महेश जोशी के नेतृत्व में आज 8 मई, 2025 को विश्व रेडक्रॉस दिवस, हरियाणा रेडक्रॉस राज्य मुख्यालय, सैक्टर-16, चंडीगढ़ में रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी डयूनां की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए मनाया गया।

इस अवसर पर माननीय राज्यपाल हरियाणा ने इस वर्ष के विश्व रेडक्रॉस दिवस के थीम "On the Side of Humanity" (मानवता के पक्ष में) के अनुसार सभी देशवासियों को विश्व रेडक्रॉस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं सहित बधाई संदेश दिया और मानवीय संस्था रेडक्रॉस के साथ अधिक से अधिक जुड़कर समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की।

वाइस चैयरमैन अंकुश मिगलानी ने बताया कि आज रैडक्रास के जन्म दाता सर जीन हेनरी डयूनां की 197 वीं जयंती है और विश्व के 192 देशों में रेडक्रॉस मानवीय सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इसके साथ ही हरियाणा रेडक्रॉस द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के साथ-साथ भविष्य में और अधिक योजनाओं का विस्तार करते हुए नए आयाम स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में हरियाणा प्रदेश के 82 राज्य महिला महाविधालयों में हरियाणा राज्य रेडक्रास द्वारा सैनेटरी पैड एवं डिस्पोजल मशीन का नि:शुल्क वितरण किया गया। गत वर्ष में 3,63,285 अभ्यर्थियों को प्राथमिक सहायता एवं गृह परिचर्या का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

राज्य महासचिव महेश जोशी ने बताया कि हरियाणा रेडक्रॉस को वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिए देश में सर्वाधिक स्वैच्छिक रक्त ईकाईयां एकत्रित करने के लिए तथा वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के लिए देश में रैडक्रास सदस्यता के लिए द्वितीय स्थान हेतु भारतीय रेडक्रॉस समिति, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा चयनित किया गया है।

# आपातकालीन ड्यूटी के लिए सभी डॉक्टर 24 घंटे रहें तैयार : मिशन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

'ऑपरेशन सिंदूर' की स्थिति को देखते हुए यूटी नेशनल हेल्थ मिशन ने सभी डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इसको लेकर जीएमएसएच 16 के डायरेक्टर, एमएस, सुपरिंटेंडेंट एडमिन को लेटर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) और अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएएम) में तैनात सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की छुट्टी तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रद्द मानी जाएगी। मिशन ने कहा कि आपातकालीन ड्यूटी के लिए सभी डॉक्टर 24 घंटे तैयार रहें। यदि कहीं भी और कभी भी ड्यूटी के लिए बुलाया जाए तो उन्हें तुरंत ड्यूटी पर रिपोर्ट करना चाहिए। डॉक्टरों को साफ कर दिया गया है कि डॉक्टरों को 24 घंटे फोन पर उपलब्ध रहना होगा और कॉल का तुरंत उत्तर देना होगा। यदि किसी डॉक्टर की ओर से फोन पर जवाब नहीं दिया जाता तो सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### पीजीआई में आधे डॉक्टरों की छुट्टियों पर निर्देश नहीं

**दूसरी** ओर पीजीआई में 16 मई से 14 जून तक आधे डॉक्टरों की छुट्टियां होने जा रही हैं। इसके बाद 16 जून से 15 जुलाई तक लेकिन अभी पीजीआई डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द होने को लेकर कोई निर्देश जारी नहीं हुए हैं। हालांकि पीजीआई के सभी डॉक्टरों से ईमेल आईडी मांग ली गई है ताकि जरूरत पड़ने पर डॉक्टरों को ड्यूटी की तुरंत जानकारी दी जा सके। डॉक्टरों को 16 मई को छुट्टियां मिलेंगी या नहीं इसके बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

# एमसीएम ने करवाई आरटीआई प्रारूपण पर कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ में विकसित भारत अभियान समिति और वाणिज्य विभाग ने 'ड्राफ्टिंग एंड राइटिंग द राइट टू इनफॉर्मेशन (आरटीआई) एप्लीकेशन' पर एक सूचनात्मक सत्र आयोजित किया।

कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आरटीआई अधिनियम का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था, जिससे वह पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में सक्षम बन सकें।कार्यशाला के लिए प्रमुख वक्ता कॉलेज के वाणिज्य विभाग से सहायक प्रोफेसर, डॉ. गगनदीप कौर ने आरटीआई आवेदन तैयार करने की प्रक्रिया, तकनीक और सर्वोत्तम अभ्यासों पर व्यापक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतिभागियों की सहभागिता को बढ़ाने और उनके सीखने को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कार्यशाला के दौरान एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इस व्यवहारिक ज्ञानवर्धक सत्र की सराहना की, जिससे उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता और सशक्तिकरण का अनुभव हुआ।

कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में सूचना के अधिकार की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति सजग होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार की पहल कॉलेज के समग्र छात्र विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं, जो केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि नागरिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की याचिका पर सुनवाई टाली

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार कानून(आरटीआई एक्ट) के दायरे में लाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। गैर सरकार संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)समेत अन्य की ओर से दायर इन याचिकाओं में मांग की गई कि चुनावों के दौरान जवाबदेही सुनिश्चित करने और काले धन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों को आरटीआई एक्ट के दायरे में लाया जाए। (अनंत ज्ञान)

### हम बदल देंगे नक्शा-ए-पाकिस्तानः मांझी

**एजेंसी, रांची।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ते जा रहा है। भारत तनाव कम करने के लिए कोशिश कर रहा है, लेकिन पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत की जवाबी कार्रवाई जारी है। ऑपरेशन सिंदूर पार्ट 2 में लाहौर और रावलपिंडी सहित नौ शहरों पर जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान को भारी नुकसान हुआ है। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के संस्थापक जीतन राम मांझी ने खुशी जाहिर की है। मांझी ने भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर कहा 'मैंने पहले भी कहा था और आज भी कह रहा हूं हम बदल देंगे नक्शा-ए-पाकिस्तान। साथ ही मांझी ने आगे कहा कि हमें देश की सेना और मोदी जी पर गर्व है। (अनंत ज्ञान)



### अब मुंबई से हवाई यात्रा करना होगा महंगा

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई से हवाई यात्रा करना अब महंगा होने जा रहा है। एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपए देने होंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के इकोनॉमी और बिजनेस क्लास के यात्रियों से अलग-अलग शुल्क वसूला जाएगा। घरेलू यात्रियों के लिए यह शुल्क 175 रुपये निर्धारित किया गया है। संशोधित शुल्क 16 मई लागू होगा। यह 31 मार्च 2029 तक वसूल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सोना 396 रुपए सस्ता, चांदी में भी गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 8 मई को गिरावट के बाद रिकवरी रही।



इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 396 घटकर 97,030 रुपए पर आ गया है। कारोबार के शुरुआत में इसमें 1,402 की गिरावट थी। बुधवार को सोने की कीमत 97,426 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 549 घटकर 95,225 पर आ गया। शुरुआती कारोबार में इसमें 1,174 रुपए की गिरावट थी। बुधवार को चांदी का भाव 95,774 रुपए प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# आतंकवाद के खिलाफ हम सरकार के साथ : खड़गे

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले, सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री का नहीं आना दुख की बात

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सर्वदलीय बैठक में भाग लेते विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वीरवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के मद्देनजर आहूत सर्वदलीय बैठक के दौरान संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की, जिससे दुनिया में एक अच्छा संदेश जाएगा और देश को भरोसा मिलेगा। खड़गे ने यह भी कहा कि इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर्वदलीय बैठक में नहीं आना दुख की बात है। खड़गे ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हम चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री जी भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की और हमारे जवानों ने हिम्मत दिखाई। प्रधानमंत्री खुद आकर सारी बातें बताते, जिससे सभी को उसका लाभ मिलता। वह पिछली सर्वदलीय बैठक में भी नहीं आए थे। यह बड़े दुख की बात है।' उन्होंने कह कि सभी विपक्षी दलों ने एक स्वर में सरकार से कहा है कि आप आगे बढ़िए, हम आपकी पूरी मदद करेंगे, हम आपके साथ हैं। हम सभी भारतीय सेना के साथ हैं। बैठक से बाहर निकलने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष ने सर्वदलीय बैठक में सरकार को पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा, 'इस बैठक में राहुल गांधी जी ने एक मांग रखी कि सरकार को संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए, ताकि दुनिया में एक अच्छा संदेश जाए और देश को भरोसा मिले।' खड़गे का कहना था कि विशेष सत्र की मांग पर सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका के सीनेटर जिम रीस ने ऑपरेशन सिंदूर का किया समर्थन

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी सांसदों ने भी भारत के ऑपरेशन सिंदूर के प्रति अपना समर्थन जताया है। अमेरिकी सीनेट के विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष जिम रीस ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए चलाए ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया, लेकिन साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष बढ़ने की आशंका के प्रति चिंता भी जाहिर की। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी सीनेटर जिम रीस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव चिंताजनक है। मैं पहलगाम में हमलावरों के खिलाफ न्याय की भारत सरकार की कोशिशों का समर्थन करता हूं, लेकिन मैं दोनों पक्षों के नागरिकों के प्रति सावधानी और सम्मान का आग्रह करता हूं।' (अनंत ज्ञान)

### भारत में सैटेलाइट इंटरनेट लाने के लिए 'स्टारलिंक' को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए हरी झंडी दिखा दी है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने स्टारलिंक को 'लेटर ऑफ इंटेंट' (एलओआई) जारी कर दिया है। इसका मतलब है कि कंपनी अब भारत में अपनी सेवाएं शुरू करने के लिए अगला कदम उठा सकती है। स्टारलिंक से पहले भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए यूटेलसैट वनवेब और जियो सैटेलाइट कम्युनिकेशंस को लाइसेंस मिल चुका है। अब स्टारलिंक के जुड़ने से प्रतिस्पर्धा और विकल्प दोनों बढ़ेंगे। स्टारलिंक, अमेरिकी कंपनी स्पेसएक्स का प्रोजेक्ट है, जिसे 2002 में दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क ने शुरू किया था। (अनंत ज्ञान)

# हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में देरी पर सरकार को 'सुप्रीम' निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी देने के लिए कहा**

उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे। कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि देश के उच्च न्यायालयों में 7,24,192 आपराधिक अपीलें लंबित हैं। इसमे अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2.7 लाख मामले लंबित हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बताया था कि नवंबर 2022 से अब तक हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया है। इसमें से 29 नाम केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नाम, उच्च न्यायालयों या शीर्ष अदालत के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से उनके संबंध और सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या की जानकारी साझा की थी। (अनंत ज्ञान)

### राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने राजधानी दिल्ली और इससे लगते राज्यों यूपी, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी किया है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने उसके अगस्त 2024 के निर्देशों का पालन न करने की बात कही है। जिसमें अदालत ने इस साल 30 अप्रैल तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियां भरने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि अधिकारियों को उसके निर्देशों का पालन न करने के लिए दंडित क्यों न किया जाए। साथ ही दिल्ली के मुख्य सचिव को 19 मई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। वहीं अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों को 18 जुलाई को वर्चुअली सुप्रीम कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया।

# सशस्त्र बलों ने दिखाई बहादुरी : राजनाथ

## रक्षा मंत्री बोले, पीओके में निष्क्रिय किए कई आतंकी शिविर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों को निष्क्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात है। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं सशस्त्र बलों को कल की गई कार्रवाई और उनके द्वारा दिखाए गए साहस और वीरता के लिए बधाई देता हूं। पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को निष्क्रिय कर दिया गया है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जिस सटीकता के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया, वह अकल्पनीय था। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में नौ आतंकी ठिकाने तबाह किए गए और बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराया गया। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को न्यूनतम जनहानि के साथ अंजाम दिया गया, जो हमारे पेशेवर रूप से प्रशिक्षित सशस्त्र बलों की वजह से संभव हो पाया। (अनंत ज्ञान)

### पहलगाम का लिया बदला

**राजनाथ** ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। इनमें अधिकांश पर्यटक थे। मृतकों में एक नेपाली नागरिक शामिल था। इन लोगों के धर्म की पहचान करके इनकी हत्या कर दी गई थी। इसके दो हफ्ते बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसके तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को मिसाइल हमले में निशाना बनाया गया। इनमें आतंकी मसूद अजहर और मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के ठिकाने भी शामिल हैं।

**गिरावट** सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 और निफ्टी के 50 शेयरों में से 45 में गिरावट

# सेंसेक्स 412 अंक लुढ़का, निफ्टी भी 141 अंक गिरा

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के चौथे कारोबार दिन वीरवार (8 मई) को सेंसेक्स 412 अंक गिरकर 80,335 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 141 अंक नीचे 24,274 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 गिरावट के साथ बंद हुए। जोमैटो का शेयर 3.97 प्रतिशत गिरा है। महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, मारुति और टाटा स्टील के शेयर 3.5 प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। वहीं, HCL, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक और टाइटन ऊपर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 45 में गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में रियल्टी 2.47 प्रतिशत, मेटल 2.09 प्रतिशत, हेल्थकेयर 1.95 प्रतिशत, ऑटो 1.90 प्रतिशत, फार्मा 1.62 प्रतिशत और सरकारी बैंकिंग इंडेक्स 1.35 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। IT सेक्टर में मामूली तेजी रही। (अनंत ज्ञान)

### गिरावट की वजह

**शुरुआती** कारोबार में बाजार फ्लैट था। सेंसेक्स-निफ्टी मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे, लेकिन पाकिस्तान के कई बड़े शहरों पर भारत के ड्रोन अटैक की खबरों के बाद बाजार के आखिरी आधे घंटे में अचानक गिरावट आई।

### पाकिस्तान के शेयर बाजार में आया भूचाल

**कराची।** भारत की ओर से आतंकियों पर की जा रही कार्रवाई से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया है। कार्रवाई का असर पाकिस्तान अलग-अलग क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। कराची के निकट भारत की सैन्य कार्रवाई की खबरों के बाद वीरवार को पाकिस्तान के शेयर बाजार में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई और एक घंटे के लिए कारोबार रोक दिया गया। केएसई100 सूचकांक कारोबार रोके जाने से पहले 6,948.73 अंक यानी 6.32 प्रतिशत गिरकर 1,03,060.30 अंक पर आ गया। एकेडी सिक्योरिटीज की फातिमा बुचा ने बताया कि स्थिति थोड़ी शांत हो गई है, जिसके बाद कारोबार फिर से बहाल हुआ। उन्होंने कहा, लेकिन स्थिति और भी खराब हो सकती है क्योंकि भू-राजनीतिक स्थिति के कारण निवेशक घबरा रहे हैं। गिरावट के कारण दिन में ट्रेडिंग भी रोकनी पड़ी थी। हालांकि, बाद में इसे फिर से चालू किया गया। बुधवार को भी बाजार में 3,556 अंक (3.13 प्रतिशत) की गिरावट रही थी।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**सूर्यकुमार यादव**
510




पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
20




सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
34

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 |
| 2. | बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 |
| 3. | पंजाब | 11 | 07 | 03 | 01 | 15 |
| 4. | मुंबई | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 |
| 5. | दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 01 | 13 |
| 6. | कोलकाता | 12 | 05 | 06 | 01 | 11 |
| 7. | लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 00 | 10 |
| 8. | हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 01 | 07 |
| 9. | राजस्थान | 12 | 03 | 09 | 00 | 06 |
| 10. | चेन्नई | 12 | 03 | 09 | 00 | 06 |

## आईपीएल आरसीबी का लक्ष्य प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर, उम्मीद जीवंत रखना चाहेगा लखनऊ

# बेंगलुरु-लखनऊ आज होंगे आमने-सामने

**एजेंसी, लखनऊ**

शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लक्ष्य के साथ जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम अपनी उम्मीद जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगी। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर भी दबाव बढ़ रहा है। वह टूर्नामेंट में शुरू से ही रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं जिसका असर परिणाम पर साफ नजर आ रहा है।

लखनऊ ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार हारे हैं और यदि वे अपने शेष तीन मैच जीतते हैं तो केवल 16 अंक तक पहुंच सकते हैं। प्लेऑफ की दौड़ में 18 अंक को संख्या अधिक सुरक्षित माना जाता है और आरसीबी यहां जीत हासिल करके वहां पहुंचने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आरसीबी ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर खुद को प्लेऑफ में जगह बनाने का



मजबूत दावेदार बना दिया है।

आईपीएल नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पाने वाले खिलाड़ी बने पंत के लिए यह सत्र अब तक भूलने लायक रहा है। उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में विभिन्न स्थानों पर बल्लेबाजी करने की कोशिश की है लेकिन निरंतरता उनसे दूर रही है। उनका स्ट्राइक रेट 99.92 है जो इस सत्र में उनके संघर्षों की कहानी बयां करता है। लखनऊ ने शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों मिशेल मार्श, एडेन मार्कम और निकोलस पूरन पर बहुत अधिक भरोसा किया है, लेकिन अगर उन्हें टूर्नामेंट में आगे जाना है तो उसके अन्य खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

धर्मशाला में पंजाब किंग्स से हार के बाद पंत ने कहा, "हमने अभी प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीद नहीं छोड़ी है। अगर हम अपने तीन मैच जीतने में सफल रहते हैं तो हम वहां पहुंच सकते हैं। यह तब समझ में आता है जब आपका शीर्ष क्रम वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हो। हर मैच में आप उम्मीद नहीं कर सकते कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'' जहां तक आरसीबी का सवाल है तो वह पहली बार चैंपियन बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने अब तक 11 पारियों में सात अर्द्धशतक लगाए हैं। कोहली टीम के लिए मंच प्रदान करते हैं जबकि रजत पाटीदार और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी डेथ ओवरों में अपनी क्षमता का अच्छा प्रदर्शन करते हैं। आरसीबी ने मयंक अग्रवाल को चोटिल देवदत्त पडिक्कल के स्थान पर टीम में शामिल किया है जो मौका मिलने पर खुद को साबित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की स्पिन जोड़ी काफी प्रभावी रही है जबकि तेज गेंदबाजी विभाग में जोश हेजलवुड और यश दयाल ने मुश्किल परिस्थितियों में अच्छी गेंदबाजी की है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**


### संभावित टीमें

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** निकोलस पूरन, रवि बिश्नोई, मयंक यादव, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्करम, मिशेल मार्श, अवेश खान, अब्दुल समद, आर्यन जुयाल, आकाश दीप, हिम्मत सिंह, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, युवराज चौधरी, आरएस हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, मैथ्यू ब्रीट्जके, मोहसिन खान।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), स्वास्तिक चिकारा, मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा, फिलिप सॉल्ट, मनोज भंडागे, टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, लियाम लिविंगस्टोन, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेटेल, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, रसिख दार सलाम, सुयश शर्मा, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह।

## रोहित शर्मा से जो कुछ सीखा है, हमेशा याद रखूंगा : गिल

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज और वनडे उपकप्तान शुभमन गिल ने वीरवार को कहा कि वह रोहित शर्मा से मिली हर सीख को जिंदगी भर याद रखेंगे।



रोहित ने भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे से एक महीने पहले बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र 2025-2027 के लिए भारत की यह पहली सीरीज होगी। भारत के अगले टेस्ट कप्तान बनने के प्रबल दावेदार गिल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि रोहित अपनी टीम और विरोधी खिलाड़ियों के लिये भी प्रेरणास्रोत रहे हैं। गिल ने इंस्टाग्राम पर लिखा,''एक कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर टेस्ट में आपने जो कुछ भी किया है, भारत उसके लिए शुक्रगुजार है।'' उन्होंने कहा,''आप मेरे और उन सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं, जिन्होंने आपके साथ या आपके खिलाफ खेला है। मैने आपसे बहुत कुछ सीखा है और हमेशा उसे याद रखूंगा।'' उन्होंने आगे लिखा,''रिटायरमेंट की शुभकामनाएं। आप सर्वश्रेष्ठ कप्तान रहे हो । धन्यवाद कप्तान।'' (अनंत ज्ञान)

## वरुण चक्रवर्ती पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

**एजेंसी, कोलकाता**

कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी चेन्नई की टीम ने बुधवार को ईडन गार्डंस में दो विकेट से जीत हासिल की। इससे कोलकाता की टीम के बीच प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना लगभग खत्म हो गई है।



आईपीएल के बयान में घटना का ब्योरा दिए बिना कहा गया है, ''वरुण चक्रवर्ती ने अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल एक का अपराध और मैच रैफरी का फैसला स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए, मैच रैफरी का निर्णय अंतिम होता है।'' अनुच्छेद 2.5 किसी भी ''किसी खिलाड़ी द्वारा उपयोग की जाने वाली भाषा या इशारे से संबंधित है जो आउट होने पर बल्लेबाज की ओर निर्देशित होता है।''

मैच में दो विकेट हासिल करने वाले चक्रवर्ती ने डेवाल्ड ब्रूइस को 52 रन पर आउट करने के बाद उन्हें मैदान छोड़ने का इशारा किया था। दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज ने चेन्नई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। (अनंत ज्ञान)

## बारिश के वजह से धर्मशाला में एक घंटा देर से शुरू हुआ मैच

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



धर्मशाला में हुए आईपीएल के 58वें मैच में बारिश ने खलल डाला। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए इस मुकाबले में पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। जैसे ही मैच शुरू होने को था तो अचानक बारिश लग पड़ी। इसके बाद पिच को ढका गया तथा बारिश थमने का इंतजार किया गया। करीब ऐ घंटे बाद बारिश थमी, उसके बाद टॉस किया गया।

गौरतलब है कि 2023 में इस मैदान पर दिल्ली ने पंजाब को 15 रन से हराया था। दोनों ही टीमें इस सीजन पहली बार आमने-सामने होंगी। पंजाब ने अपने पिछले मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 37 रन से हराया था। वहीं, दिल्ली का मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश की वजह से बेनतीजा रहा था। दोनों ही टीमें इस वक्त प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। इससे पहले इसी मैदान पर 4 मई को हुए मुकाबले में पंजाब की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम को हराया था। श्रेयस अय्यर की टीम 11 मैचों में 7 जीत, 15 अंकों के साथ प्वॉइंट्स टेबल में तीसरे और अक्षर पटेल की टीम 11 मैचों में 6 जीत, 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए तीन मैचों में से कम से कम दो जीतने की जरूरत है। दूसरी ओर, दिल्ली को बचे हुए 3 मैच में से तीनों जीतने होंगे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### साई ने नेहरा को दिया सफलता का श्रेय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस के बायें हाथ के स्पिनर साई किशोर ने टीम की सफलता का श्रेय मुख्य कोच आशीष नेहरा को देते हुए कहा कि वह खिलाड़ियों से सीधे और स्पष्ट तरीके से अपने विचार साझा करते हैं। गुजरात टाइटंस के 11 मैचों में आठ जीत के साथ 16 अंक है और टीम प्लेऑफ में जगह पक्की करने के काफी करीब है। साई किशोर ने कहा, ''आशू पाजी (नेहरा) अपने विचारों को लेकर काफी स्पष्ट रहते हैं। वह खिलाड़ियों से बिना किसी लाग-लपेट के संवाद करते हैं। वह अच्छा प्रदर्शन करने पर सबसे पहले तारीफ करने वालों में होते है, इसके साथ ही अगर आप टीम की योजना से भटकते है तो वह बता देते है कि उन्होंने ऐसी उम्मीद नहीं की थी। ऐसे में हर खिलाड़ी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार रहता है।'' किशोर को मौजूदा सत्र में टीम के हर मैच में खेलना का मौका मिला है और तमिलनाडु के इस गेंदबाज ने अब तक 14 विकेट लेकर टाइटंस की सफलता में अहम योगदान दिया है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और बायें हाथ के दिग्गज स्पिनर रहे डेनियल विटोरी भी किशोर की गेंदबाजी से प्रभावित हैं। (अनंत ज्ञान)



### मैक्सवेल-विनी की खूबसूरत जोड़ी

**ऑस्ट्रेलिया।** क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल की इंडियन वाइफ विनी रमन भी खूब चर्चा रहती है। मैक्सवेल को इंडिया का दामाद बताकर मीम्स तक बनाएं जाते हैं। हालांकि, हम यहां विनी के फैशन की बात कर रहे हैं उनका स्टाइल हॉलीवुड एक्ट्रेस से भी कम नहीं है।



### चोटिल संदीप की जगह बर्गर की एंट्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने भारतीय तेज गेंदबाज संदीप शर्मा के बाहर हो जाने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को गुरुवार को अपनी टीम में शामिल किया। संदीप अंगुली में फ्रैक्चर के कारण आईपीएल से बाहर हो गए थे। इस तेज गेंदबाज ने बाहर होने से पहले 10 मैच खेले थे जिसमें उन्होंने नौ विकेट लिए थे। राजस्थान रॉयल्स की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बर्गर ने इससे पहले पिछले साल राजस्थान रॉयल्स के लिए छह मैच खेले थे और सात विकेट लिए थे। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 3.5 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा है। (अनंत ज्ञान)



## तेंदुलकर ने की रोहित के विकास की तारीफ

**एजेंसी, मुंबई**

रोहित शर्मा को टेस्ट कैप देने वाले सचिन तेंदुलकर ने पारंपरिक प्रारूप में उनके विकास को सराहा है, जबकि उनकी कप्तानी में खेलने वाले युवा क्रिकेटरों ने ड्रेसिंग रूम में उनके प्रभाव की तारीफ की है। 38 वर्ष के रोहित ने बुधवार को अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया। भारत के लिए 67 टेस्ट खेलने वाले रोहित ने 24 में कप्तानी की है। वह वनडे क्रिकेट में भारत के कप्तान बने रहेंगे।



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 2013 के उस पल को याद किया, जब उन्होंने रोहित को टेस्ट कैप सौंपी थी। उसी सीरीज में तेंदुलकर ने खेल को अलविदा कहा था। तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर लिखा,''मुझे याद है जब 2013 में ईडन गार्डंस पर तुम्हें टेस्ट कैप सौंपी थी। वानखेड़े स्टेडियम की बालकनी में तुम्हारे साथ खड़े होना भी याद है। तुम्हारा सफर यादगार रहा है।'' रोहित ने कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में पदार्पण करके 177 रन बनाए थे और मुंबई में तेंदुलकर के आखिरी टेस्ट में नाबाद 111 रन बनाए थे। तेंदुलकर ने कहा,''वहां से अब तक तुमने बतौर खिलाड़ी और कप्तान भारतीय क्रिकेट को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। तुम्हारे टेस्ट कैरियर पर बधाई और भविष्य के लिए शुभकामना।''

वहीं ऋषभ पंत ने इंस्टाग्राम पर लिखा,''आपकी मौजूदगी और प्रभाव ड्रेसिंग रूम में हमेशा गूंजते रहेंगे।'' रोहित की कप्तानी में पदार्पण करने वाले यशस्वी जायसवाल ने लिखा,''रोहित भाई। सफेद जर्सी में आपके साथ क्रीज पर रहना किसी वरदान से कम नहीं था। शुक्रिया।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत में बहुत कम लोगों ने रोहित जैसा क्रिकेट खेला : कपिल देव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अपने जमाने के दिग्गज आलराउंडर कपिल देव ने कहा कि भारत में बहुत कम लोग रोहित शर्मा की तरह क्रिकेट खेलने और उनकी तरह राष्ट्रीय टीम की कप्तानी करने का दावा कर सकते हैं। रोहित ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया था। कपिल ने कहा, ''उन्होंने बहुत अच्छी क्रिकेट खेली है। समय के साथ जिस तरह से उन्होंने खुद को ढाला उन्होंने जिस तरह से कप्तानी की और विशेषकर जिस तरह से उन्होंने क्रिकेट खेली। भारत में उस तरह की क्रिकेट बहुत कम लोगों ने खेली है। मैं उन्हें शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं।''



पिछले साल विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे प्रारूप में भारत का नेतृत्व करते नजर आएंगे। यह पूछे जाने पर कि आने वाले वर्षों में भारतीय टेस्ट टीम का नेतृत्व करने के लिए सबसे अच्छा उम्मीदवार कौन है, कपिल ने बस इतना कहा कि कप्तान चुनना चयनकर्ताओं का काम है। उन्होंने कहा, ''कुछ चीजें और जिम्मेदारियां चयनकर्ताओं पर छोड़ देनी चाहिए। वे नया कप्तान ढूंढेंगे। हमें ज्यादा राय नहीं देनी चाहिए, क्योंकि चयनकर्ताओं का अपना काम है और जब बात भारतीय टीम की हो तो वे जिम्मेदारी के साथ अपना काम करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''वे जिसे भी कप्तान नियुक्त करेंगे वह भारतीय टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। हालांकि, रोहित की जगह लेना मुश्किल है, लेकिन किसी को तो यह जिम्मेदारी लेनी होगी।'' (अनंत ज्ञान)

## रहाणे को अब भी केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद

**एजेंसी, कोलकाता।** चेन्नई सुपर किंग्स से हार के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर होने की कगार पर है लेकिन कप्तान अजिंक्य रहाणे को अब भी उम्मीद बनी हुई है। केकेआर के अब दो मैच बचे हैं और वह अधिकतम 15 अंक प्राप्त कर सकता है। रहाणे ने बुधवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे लगता है कि 15 अंकों के आधार पर भी हम क्वालीफाई कर सकते हैं। हमें अभी भी सकारात्मक सोचना होगा। हमें अभी सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच खेलने हैं।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए एक टीम के रूप में हमें सकारात्मक रहना होगा, सोचना होगा कि हम अगले दो मैच कैसे जीत सकते हैं। हम बहुत अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। हमें एक टीम के रूप में वापसी करने को लेकर पूरा भरोसा है।''



## सुपरबेट शतरंज क्लासिक

## गुकेश ने प्रज्ञानानंद से ड्रॉ खेला

**एजेंसी, बुकारेस्ट ( रोमानिया )**

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने बुधवार को यहां सुपरबेट शतरंज क्लासिक्स में अपने अभियान की शुरुआत साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद के खिलाफ ड्रॉ के साथ की। गुकेश और प्रज्ञानानंद 35 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए।



फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और वेस्ली सो ने दस खिलाड़ियों के राउंड रोबिन टूर्नामेंट में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त बढ़त बना ली है। इन दोनों ने क्रमशः फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव और रोमानिया के डेक बोगदान-डेनियल को हराया। यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है और इसकी इनामी राशि 350,000 डॉलर है। अन्य बाजियों में पोलैंड के डूडा जान क्रिस्टोफ ने अमेरिका के फाबियानो करुआना के साथ ड्रॉ खेला, जबकि अमेरिका के लिए लेवोन अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ अंक बांटे। अलीरेजा और वेस्ले सो एक-एक अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## पीएसजी चैंपियंस लीग के फाइनल में, अब मुकाबला इंटर मिलान से

**एजेंसी, पेरिस**

पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने एक के बाद एक हमलों का डटकर सामना करते हुए आक्रामक अंदाज में खेल रहे आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना इंटर मिलान से होगा।



सेमीफाइनल के पहले चरण में 1-0 से जीत हासिल करने वाली पीएसजी की टीम को शुरू में गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जवाबी हमलों और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन से उसने 3-1 के कुल स्कोर के साथ जीत हासिल करके शान से फाइनल में जगह बनाई।

पीएसजी दूसरी बार यूरोप के इस शीर्ष क्लब टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। वह पांच साल पहले उपविजेता रहा था। उसने सुपरस्टार किलियन एमबाप्पे के रियाल मैड्रिड से जुड़ने के बाद पहले सत्र में ही यह कारनामा किया। पीएसजी के कोच लुई एनरिक ने कहा, ''मैंने पहले दिन से कहा था कि हमारा लक्ष्य इतिहास बनाने की स्थिति में आने के लिए पर्याप्त मेहनत करना है। यही हमारा लक्ष्य है।'' फ्रांस का यह क्लब 31 मई को म्यूनिख में होने वाले फाइनल में इंटर मिलान से भिड़कर अपने पहले चैंपियंस लीग खिताब के लिए फिर से प्रयास करेगा। (अनंत ज्ञान)

## स्वीकारोक्ति आईपीएल के बाद छह से आठ महीने और करनी होगी कड़ी मेहनत

# धोनी बोले-समय आने पर करूंगा संन्यास पर फैसला

**एजेंसी, कोलकाता**

चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ दो विकेट की जीत के बाद स्वीकार किया कि वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं, लेकिन साथ ही कहा कि उनका तुरंत संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे।

कप्तान अजिंक्य रहाणे (48), आंद्रे रसेल (38) और मनीष पांडे (नाबाद 36) की पारियों से नाइट राइडर्स ने छह विकेट पर 179 रन बनाए जिसके जवाब में सुपरकिंग्स ने 60 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद डेवाल्ड ब्रेविस (52 रन, 25 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्द्धशतक और शिवम दुबे (45 रन, 40 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में आठ विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की।



सुपरकिंग्स की टीम ने इस जीत के साथ लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा, जिसके बाद धोनी ने समर्थन के लिए दर्शकों की सराहना की और संकेत दिया कि उनका मौजूदा सत्र खत्म होने के साथ संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। धोनी ने मैच के बाद कहा, ''यही वह प्यार और स्नेह है जो मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 42 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''इस तथ्य से बचा नहीं जा सकता (कि मैं अपने करियर के अंतिम चरण में हूं)। इस आईपीएल के खत्म होने के बाद छह से आठ महीने और कड़ी मेहनत करनी होगी और देखना होगा कि मेरा शरीर इस दबाव को झेल सकता है या नहीं। अभी कुछ तय नहीं करना है, लेकिन मैंने जो प्यार और स्नेह देखा है, वह शानदार है।'' (अनंत ज्ञान)